सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 17 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 69, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स 333 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,200 अंक के पार

गिरावट के बाद निचले स्तर पर लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। सेंसेक्स 333 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 23,200 अंक के पार चला गया। } 10

## मोदीनॉमिक्स भारत की तेज आर्थिक वृद्धि का आधार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आर्थिक दृष्टिकोण यानी मोदीनॉमिक्स ने भारत की तेज आर्थिक विकास की नीव रखी है और देश प्रगति तथा सुशासन के मार्ग पर लगातार आगे बढ़ रहा है। } 12

# ईपीएफओ की वेतन सीमा अब 25,000

## 51 लाख कर्मचारियों को लाभ, 11,339 करोड़ अतिरिक्त खर्च का अनुमान

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के लिए वेतन सीमा को मौजूदा के 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रति माह करने को मंजूरी दे दी। इसका उद्देश्य अधिक कर्मचारियों को भविष्य निधि बचत और पेंशन सुरक्षा के दायरे में लाना है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा, भविष्य निधि कटौती के लिए अब 25,000 रुपये प्रति माह वेतन की नई सीमा होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले से 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारी अनिवार्य ईपीएफओ के दायरे में आ सकते हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा, संशोधित वेतन सीमा 17 सितंबर, 2026 यानी विश्वकर्मा पूजा के दिन से प्रभावी होगी। ईपीएफओ की वेतन सीमा 2004 से 2014 के बीच अपरिवर्तित रही थी और सितंबर, 2014 में इसे बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति माह किया गया था। सितंबर, 2014 से पहले वेतन सीमा 6,500 रुपये प्रति माह थी। सरकार ने कहा कि पिछले वर्षों में वेतन और आय में लगातार वृद्धि तथा संगठित क्षेत्र में बढ़े रोजगार को देखते हुए अब इसे बढ़ाकर 25,000 रुपये किया गया है। इस फैसले से सालाना करीब 11,339 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आने का अनुमान है, जबकि मौजूदा वार्षिक बजटीय सहायता करीब 10,250 करोड़ रुपये है। पांच वर्षों में अनुमानित खर्च करीब 56,696 करोड़ रुपये होगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस फैसले से अधिक कर्मचारियों को भविष्य निधि बचत, कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत पेंशन सुरक्षा और कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) के तहत ...शेष पृष्ठ 10 पर

# झीरम घाटी हमला : 10 दोषियों को फांसी की सजा

## वरिष्ठ नेताओं समेत 27 लोगों की हुई थी दर्दनाक मौत, फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे दोषी

एजेंसी



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने 2013 के झीरम घाटी माओवादी हमले के मामले में सभी 10 दोषियों को बुधवार को मृत्युदंड सुनाया।

इस हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं समेत 27 लोगों की मौत हुई थी। एनआईए के अधिवक्ता दिनेश पानिग्रही ने संवाददाताओं को बताया कि जगदलपुर में एनआईए के विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत ने पांच सितंबर को दो महिलाओं समेत 10 आरोपियों को दोषी ठहराया था और और सजा पर अपना फैसला 16 सितंबर के लिए सुरक्षित रख लिया था। पानिग्रही ने कहा अदालत ने सभी 10 दोषियों को मृत्युदंड सुनाया है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के कुल 101 गवाहों से जिरह की गई और कई दस्तावेजी सबूत पेश किए गए। मामले में कुल आरोपियों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर पानिग्रही ने कहा कि प्राथमिकी में कई ज्ञात और अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था। उन्होंने बताया इस मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनके खिलाफ सुनवाई शुरू की गई थी। उनमें से एक की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। अन्य 10 को अदालत ने सुनवाई के बाद दोषी ठहराया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने कहा कि वह फैसले से संतुष्ट नहीं हैं और इसे उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे।

एनआईए के अनुसार अदालत ने 10 दोषियों को भारतीय दंड संहिता (भादंसं), हथियार कानून, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह मामला छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले बस्तर की झीरम घाटी में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर 25 मई, 2013 को हुए माओवादी हमले से जुड़ा है। एनआईए ने कहा कि माओवादियों ने बारूदी सुरंग धमाका किया था, अंधाधुंध गोलीबारी की थी और काफिले पर बम फेंके, जिससे 24 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा 35 से अधिक नागरिक और पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। अभिकरण ने कहा कि घायलों में से तीन की बाद में मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या 27 हो गई। एजेंसी के मुताबिक, माओवादियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## अनंत नाग को दादा साहब फाल्के पुरस्कार



नयी दिल्ली। हिंदी और कन्नड़ सिनेमा में मिंचिना ओटा , हंसगीते , अंकुर और मंथन जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को 2024 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सरकार ने बुधवार को यह घोषणा की।

## तमिलनाडु से धरा गया अलकायदा का आतंकी

लखनऊ। योगी सरकार की अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यूपी एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से जुड़े मॉड्यूल पर कार्रवाई करते हुए एक और आतंकी को गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस ने तमिलनाडु एटीएस के सहयोग से कोयंबटूर से मकसूद अली को गिरफ्तार किया। इससे पहले इसी मामले में मुख्य आतंकी मोहम्मद नबील को 12 सितंबर को आजमगढ़ से पकड़ा गया था। मकसूद अली (19) मूल रूप से सिद्धार्थनगर जिले के बांसी थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव का रहने वाला है। वर्तमान में वह तमिलनाडु के कोयंबटूर में रह रहा था। यूपी एटीएस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर लखनऊ आई है, जहां संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी में एक लाख नयी नौकरियों की शुरुआत 19 सितंबर से

## ○ 77 हजार भर्तियां पुलिस व होमगार्ड विभाग में होंगीं ○ माफिया व मच्छर की तरह किया इंसेफेलाइटिस का सफाया : योगी

जिला संवाददाता




गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार अगले छह माह में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने जा रही है। इनमें 77 हजार भर्तियां सिर्फ पुलिस व होमगार्ड विभाग में होंगी। इसकी शुरूआत 19 सितंबर से होने जा रही है। सीएम ने वृद्धजन, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजन के लिए भी बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 1 करोड़ 10 लाख वृद्धजन, निराश्रित महिलाओं व दिव्यांगजन को 12 हजार रुपये सालाना पेंशन दी जाती है। जल्द ही पेंशन की धनराशि और लाभार्थियों की संख्या भी बढ़ेगी। विकास व जनोपयोगी सुविधाओं के लिए कानून का राज और सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण होना जरूरी है।

सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर के वार्ड नंबर-53 उर्वरक नगर के अंतर्गत जंगल नकहा नंबर-2 में नवनिर्मित कल्याण मंडपम सहित गोरखपुर विकास प्राधिकरण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और नगर निगम की करीब 40 करोड़ रुपये की लागत वाली 119 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी गांव या शहर में नागरिकों के जीवन स्तर का पता विकास और वहां उपलब्ध जनोपयोगी सुविधाओं से चलता है। इसके लिए कानून का राज और सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण होना जरूरी है। 2017 के बाद गोरखपुर और उत्तर प्रदेश में कानून का राज सुनिश्चित कर विकास एवं सुविधाओं की नई श्रृंखला खड़ी की गई है। माफिया या तो जेल में है या दूसरे लोक की यात्रा पर जा चुका है। आज हर व्यक्ति के लिए सुरक्षा तथा पर्व-त्योहारों के लिए बेहतरीन वातावरण की गारंटी है। मुख्यमंत्री ने सुदृढ़ कानून व्यवस्था के चलते हुए विकास और इससे आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं है। बल्कि अब यह देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। 2017 के पहले यहां खराब कानून व्यवस्था, लूट-खसोट, अराजकता के कारण कोई बाहरी व्यक्ति काम नहीं करना चाहता था, जबकि आज यहां आने को हर कोई लालायित है। उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेज अर्थव्यवस्था में एक है। यह मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, कल-कारखानों की नई श्रृंखला और सुदृढ़ कनेक्टिविटी के लिए जाना जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास व जन कल्याण से सकारात्मक माहौल बना है। ऐसे में समाज को बांटने वालों से सावधान रहना होगा। विकास समाज की एकजुटता का परिणाम है। यदि जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बटेंगे तो बांटने वाले फिर कर्फ्यू-दंगे का माहौल बनाएंगे। असुरक्षा का अंधकार मचाएंगे। अराजकता फैलाना समाज को बांटने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पंचायत सहायकों का मानदेय 50 फीसदी बढ़ा, अब मिलेंगे नौ हजार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के 57 हजार से अधिक पंचायत सहायकों के मानदेय में 50 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचायत सहायकों की मांगों पर सहमति जताते हुए मानदेय छह हजार से बढ़ाकर नौ हजार रुपये प्रतिमाह करने का फैसला किया है। इसके साथ सेवा सुरक्षा, महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश और उपचार के लिए कैशलेस सुविधा देने का भी निर्णय लिया गया है। पंचायत सहायकों को बढ़ा हुआ मानदेय देने के लिए कैबिनेट से स्वीकृति लेकर डीबीटी के जरिए सीधे बैंक खातों में भुगतान की व्यवस्था लागू की जाएगी। अभी मानदेय राज्य वित्त आयोग की धनराशि से दिया जाता है। पंचायत सहायकों की सेवा सुरक्षा के लिए भी व्यवस्था बदली जाएगी। अब ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भारतीय जहाज पर पाकिस्तानी नौसैनिक पोत ने मारी टक्कर

एजेंसी

नयी दिल्ली। अरब सागर में पाकिस्तानी नौसेना के एक पोत द्वारा भारतीय नौसेना के युद्धपोत को टक्कर मारने के अस्वीकार्य आचरण के बाद भारत ने पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को बुधवार को तलब किया।

○ पाक के उच्चायोग प्रभारी तलब

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी साद वराइच को मंत्रालय में तलब किया गया और उनके समक्ष पाकिस्तानी नौसैनिक पोत द्वारा मंगलवार को समुद्र में किए गए उस अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर आचरण को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया, जिसके कारण टक्कर हुई। बयान में कहा गया कि पाकिस्तानी राजनयिक से कहा गया है कि वह संबंधित पाकिस्तानी अधिकारियों तक भारत की आपत्ति पहुंचाएं और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी सैन्य इकाइयां नियमों का पूरी तरह पालन करें तथा दोनों देशों के बीच हुए प्रासंगिक समझौतों के प्रावधानों का सम्मान करें। आधिकारिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सरकार-उद्योग के बीच करीबी सहयोग जरूरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एक स्थिर एवं स्पष्ट नीतिगत माहौल उपलब्ध कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि भारत को उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में शुरुआती अग्रणी देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर आयोजित गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारत के प्रौद्योगिकी भविष्य को आकार देने में सरकार और उद्योग के बीच करीबी सहयोग की जरूरत पर बल दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, मोदी ने भारत में प्रतिभा, प्रौद्योगिकी को अपनाने और बुनियादी ढांचे की मजबूत नींव का उल्लेख करते हुए उद्योग जगत से कौशल विकास, नवाचार तथा कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में अधिक भागीदारी का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि भारत को उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में शुरुआती अग्रणी देशों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पारिस्थितिकी अब बुनियादी प्रयासों के चरण से आगे बढ़कर बड़े पैमाने तथा नए अवसरों वाले चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि नीतियों को प्रौद्योगिकी में बदलाव और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप विकसित ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सरकार ने सेंसर बोर्ड का किया पुनर्गठन



मुम्बई। बुधवार को भारत सरकार ने सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) का पुनर्गठन किया। गठित किए गए नए बोर्ड में कुल 18 सदस्य हैं। इनमें अभिनेता पंकज त्रिपाठी, सुनील शेट्टी, मनोज जोशी, प्रोसेंजीत चटर्जी, अभिनेत्री प्रीति जिंटा, रूपाली गांगुली और पल्लवी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### विशेष खबर

गणपति के भजनों और शानदार नृत्य प्रस्तुति ने जीता श्रद्धालुओं का दिल, गणेश जी की मातृ-पितृ भक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका ने मोहा मन

# बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव के तीसरे दिन बीबीडियंस की शानदार प्रस्तुति







अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में आयोजित गणेश महोत्सव -2026 के तीसरे दिन बुधवार को बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की अद्भुत छटा बिखेरी। पूरा कार्यक्रम विघ्न विनाशक गजानन गणपति को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत बीबीडी के छात्रों द्वारा शिव स्त्रोत एवं डांस गणेश वंदना वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभः, गणनायकाय गणदेवताय गणाध्यक्षाय धीमहि, गजानन गणराया देवा श्री गणेशा देवा श्री गणेशा, गणपति की जय जयकार आदि भजनों पर गणेश नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इसी श्रृंखला में बीबीडी टीम द्वारा स्किट श्रीगणेश एवं कार्तिकेय के बीच बुद्धिमत्ता एवं उनके जन कल्याण किए गए अनेक प्रसंगों पर अद्भुत प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। सांस्कृतिक फोरम आईना द्वारा फ्यूजन डांस का बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी लोगों का दिल जीता। टीम उड़ान द्वारा द्रोपदी चीर हरण एवं संगीतमय लघु नाटक श्रीगणेश जी के माता-पिता की सेवा के महत्व को दर्शाता है जो आज की पीढ़ी के लिए संदेश देता है कि जिस घर में माता-पिता की सेवा एवं सम्मान होता है, वहीं ईश्वर एवं समृद्धि का वास होता है। छात्रों ने अदभुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शकों की तालियों से पंडाल गुंजायमान हो गया।

इस महोत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया। सायंकालीन महाआरती में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन एवं बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की महाआरती की। इसके बाद महाआरती के बाद भक्तों को लड्डू एवं खील-बताशे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा का एक माह का सेवा संकल्प अभियान आज से

## भाजपा पीएम मोदी के जन्मदिवस पर एक माह विभिन्न सेवा और जनसम्पर्क के कार्यक्रम करेंगी आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से एक माह का सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। भाजपा द्वारा सेवा, सुशासन, जनकल्याण और जनभागीदारी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न सेवा एवं जनसंपर्क के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के माध्यम से आए बदलावों को जनता तक पहुंचाना तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को और मजबूत करना है। अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता और आम जन सेवा एवं जनभागीदारी के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागी बनेंगे तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संदेश को आगे बढ़ाएंगे।

**आज होगा आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान के संयोजक राजेश चौधरी ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर की शाम सभी बूथों पर कार्यकर्ता एवं आमजन सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करेंगे। प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी भी अपने घरों पर दीप जलाकर इस अभियान में सहभागिता करेंगे।

**सेवा और जनकल्याण के होंगे विभिन्न कार्यक्रम :** उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, रक्तदान शिविर, अस्पतालों में फल वितरण तथा टूलकिट वितरण जैसे सेवा कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**एक माह तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान :** प्रदेश महामंत्री राजेश चौधरी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें वडनगर से वाराणसी सेवा यात्रा, मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा, नमो सेवा-अनकही कहानियां, आंगन मिलन सेवा, सेवा की कहानियां और सेवा सेतु अभियान सहित विविध कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के अनुभवों तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के विभिन्न वर्गों में आए बदलावों को जनता के बीच पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 केवल सरकार का संकल्प नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से साकार होने वाला राष्ट्रीय संकल्प है। सेवा संकल्प अभियान इसी जनभागीदारी को मजबूत करने का माध्यम बनेगा।

### भाजपा महानगर आज करेगा सेवा के विविध आयोजन



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सेवा और समर्पण के 25 वर्ष–सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा लखनऊ महानगर की तैयारियां पूरी हो गई हैं। कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित तैयारी बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। 17 सितंबर को प्रातः विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण एवं रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। सिविल अस्पताल में प्रातः उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मरीजों एवं तीमारदारों को फल वितरित करेंगे। इसके अलावा महानगर के विभिन्न अस्पतालों में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे। अभियान के तहत लखनऊ महानगर के सभी बूथों पर दो सौ लाभार्थियों के घर पर आशीर्वाद का दीया प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके साथ ही 10 प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित होगा। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर (संभावित) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा झूलेलाल वाटिका में संगठन महामंत्री धर्मपाल एवं सेंट्रल पार्क समर विहार पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम होगा। वहीं विश्वविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी उपस्थित रहेंगे। महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा, रक्तदान, फल वितरण और दीप प्रज्ज्वलन सहित अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि बैठक में महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, दीपू शुक्ला, सौरभ वाल्मीकि, योगेंद्र पटेल, कुमकुम चौधरी, सीता नेगी, मंत्री अर्चना साहू, चंद्र प्रकाश अवस्थी एवं राजेश चौधरी सहित महानगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा आज भगवान विश्वकर्मा और पीएम मोदी के जन्मदिवस पर बांटेगी गुलगुला

**लखनऊ।** निर्माण, सृजन, शिल्प एवं तकनीकी कौशल के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, उत्तर प्रदेश द्वारा विशेष पूजा-अर्चना एवं 'गुलगुला वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**कार्यक्रम में विशेष पूजा अर्चना का होगा आयोजन**

यह कार्यक्रम दिनांक 17 सितंबर 2026, प्रातः 11:00 बजे, भाजपा प्रदेश मुख्यालय, गेट नंबर-2 के पास, लखनऊ में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान विश्वकर्मा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा, समर्पण, सद्भाव एवं जनसहभागिता की भावना के साथ मनाना है।

प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा, परिश्रम, समर्पण और जनकल्याण की भावना से प्रेरित रहा है। उनके नेतृत्व में देश में गरीब कल्याण, सामाजिक सशक्तिकरण, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, डिजिटल कनेक्टिविटी एवं आत्मनिर्भरता जैसे विषयों को प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री का संकल्प विकसित भारत के निर्माण की दिशा में देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण और कौशल के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस एवं भगवान विश्वकर्मा की जयंती के इस पावन अवसर पर हम सभी को श्रमिकों, कारीगरों, शिल्पकारों और हुनरमंद लोगों के सम्मान तथा उनके योगदान को पहचानने का संकल्प लेना चाहिए। गुलगुला वितरण कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, सद्भाव और आपसी भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक सहभागिता, सेवा और आपसी सद्भाव के मूल्यों को प्रोत्साहित करने का अवसर होगा, जिसमें कार्यकताओं एवं आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

प्रकाश पाल जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा एवं जनकल्याण की भावना के साथ मनाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने और जनसहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के आदर्श हमें परिश्रम, कौशल, सृजनशीलता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं।

## कानपुर-प्रयागराज के बीच मिली 200 किमी लंबी भूमिगत प्राचीन नदी

- गंगा-यमुना दोआब में भूजल पुनर्भरण की नई पहल, 1.65 करोड़ की परियोजना में छह स्थानों पर होगा पायलट प्रयोग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भूजल संरक्षण और दीर्घकालिक जल सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक तरीके से भूजल पुनर्भरण की कवायद शुरू की गई है। गंगा-यमुना दोआब में 1.65 करोड़ रुपये की प्रर्बधित जलभृत पुनर्भरण (एमएआर) परियोजना शुरू की गई है। तीन वर्ष की इस परियोजना में बारिश के पानी को जमीन के भीतर मौजूद जलभृतों तक पहुंचाकर भूजल भंडार को रिचार्ज किया जाएगा।

परियोजना के तहत कानपुर से प्रयागराज के बीच करीब 200 किलोमीटर लंबी भूमिगत प्राचीन नदी प्रणाली यानी पैलियोचैनल की पहचान भी की गई है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव और निदेशक, भूगर्भ जल विभाग डॉ. राजेश कुमार प्रजापति के मुताबिक, सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद के वैज्ञानिकों ने गंगा-यमुना दोआब के नीचे मौजूद जलभृतों और प्राचीन नदी प्रणालियों का अध्ययन किया। इसमें हवाई भू-भौतिकीय सर्वेक्षण और बोरहोल लॉगिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया। अध्ययन में प्रयागराज से कानपुर के बीच करीब 200 किलोमीटर लंबी पैलियोचैनल प्रणाली के संकेत मिले हैं। ये जमीन के नीचे पुराने नदी मार्ग हैं, जो भूजल के प्रवाह में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के वित्तीय सहयोग से भूगर्भ जल विभाग की ओर से परियोजना लागू की जा रही है। पहले चरण में छह स्थानों का चयन किया गया है। यहां पायलट अध्ययन के साथ भूजल पुनर्भरण की संरचनाएं तैयार की जाएंगी। इनके माध्यम से बारिश के पानी को जमीन के भीतर पहुंचाया जाएगा और भूजल स्तर में होने वाले बदलाव की लगातार निगरानी होगी। पायलट परियोजना से यह आकलन किया जाएगा कि अलग-अलग स्थानों के जलभृत बारिश के पानी को किस तरह ग्रहण करते हैं और कौन-सी पुनर्भरण संरचना अधिक प्रभावी रहती है। इसके परिणामों के आधार पर परियोजना का दायरा दोआब के अन्य उपयुक्त क्षेत्रों तक बढ़ाया जाएगा। एनजीआरआई के अध्ययन में गंगा और यमुना तथा क्षेत्र के प्रमुख जलभृतों के बीच हाइड्रोजियोलॉजिकल संबंध के संकेत मिले हैं। वैज्ञानिक अध्ययन से यह समझने में मदद मिलेगी कि प्राचीन नदी मार्ग और वर्तमान जलभृत भूजल के प्रवाह को किस तरह प्रभावित करते हैं। नमामि गंगे के अतिरिक्त परियोजना निदेशक प्रभाष कुमार के मुताबिक, परियोजना में एनजीआरआई के तकनीकी सहयोग से भूजल की निगरानी, शोध एवं विकास तथा पुनर्भरण संरचनाओं के प्रभाव का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा। साथ ही भूजल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां भी संचालित होंगी।

### वंचित समाज में असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया : डॉ. अनिल जयहिन्द



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिन्द ने बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश में पिछड़े, अतिपिछड़े, वंचित समाज में असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि उप्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है पिछड़े, अतिपिछड़े वर्ग पर ज्यादती बढ़ती जा रही है। गोण्डा में निषाद समाज के एक युवक की हत्या कर दी गयी। मथुरा में निषाद समाज के लोगों को बुरी तरह मारापीटा गया जो लोग घायलावस्था में थे जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो अस्पताल में भी उन पर हमला किया गया, निषाद समुदाय का युवक घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती है। लगातार संगठित तरीके से हत्याएं की जा रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है सबसे बड़ी बात यह है कि यदि किसी घटना में दलित या ओबीसी समाज का कोई व्यक्ति पाया जाता है तो बुलडोजर चलता है लेकिन जो ये हत्याएं दबंगों द्वारा की जा रही हैं कोई बुलडोजर नहीं चल रहा है। अपराधियों पर सरकार का भय पूरी तरह खत्म हो गया है। सांसद राकेश राठौर ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि वंचित, पिछड़े, अतिपिछड़े समाज के लोगों के साथ जो अन्याय हो रहा है उसे सरकार रोक नहीं पा रही है कैबिनेट मंत्री को सड़क पर धरने पर बैठना पड़ता है सरकार का इकबाल खत्म हो गया है।

## सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों जोरों पर

### प्रदेशभर में अभियान को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने की तैयारी तेज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के सेवा संकल्प अभियान को प्रदेश में व्यापक और प्रभावी स्वरूप देने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। अभियान के आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों को लेकर संगठनात्मक स्तर पर लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों के माध्यम से कार्यक्रमों की तैयारियों, कार्ययोजना, जिम्मेदारियों और जमीनी स्तर पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की लगातार समीक्षा की जा रही है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर विशेष फोकस है। वे अभियान से जुड़े कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर लगातार जानकारी ले रहे हैं और संगठन के विभिन्न स्तरों के साथ संवाद के माध्यम से तैयारियों को गति दे रहे हैं। उनका स्पष्ट जोर है कि अभियान की गतिविधियां केवल संगठनात्मक कार्यक्रम बनकर न रहें, बल्कि सेवा और सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए व्यापक जनभागीदारी का माध्यम बनें। उन्होंने अभियान के प्रत्येक चरण की तैयारियों को गंभीरता से लेते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दे रहे हैं कि प्रदेश स्तर पर तय की जा रही कार्ययोजना का प्रभाव जिला, मंडल और बूथ स्तर तक स्पष्ट रूप से दिखाई दे। इसके लिए स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों की आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने, कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराने और विभिन्न स्तरों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**समयबद्ध तैयारी और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर :** सेवा संकल्प अभियान को लेकर हो रही बैठकों में प्राप्त फीडबैक के आधार पर तैयारियों को और व्यवस्थित किया जा रहा है। पंकज चौधरी का जोर है कि अभियान से जुड़े प्रत्येक कार्यक्रम की पूर्व तैयारी, स्पष्ट कार्ययोजना और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। उनकी प्राथमिकता है कि कार्यक्रमों की जानकारी और अभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं तक स्पष्ट रूप से पहुंचे, ताकि जमीनी स्तर पर किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति न रहे।

## अब यूपी के सभी 75 जिलों में दौड़ेगी भारत टैक्सी

**लखनऊ।** लखनऊ-कानपुर में शुरू भारत टैक्सी मॉडल अब प्रदेश के सभी 75 जिलों तक पहुंचाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सहकारी टैक्सी मॉडल के विस्तार की कवायद शुरू हो गई है। इसके तहत शहरों के साथ गांवों में भी बाइक, ऑटो और कैब सेवा उपलब्ध कराने की योजना है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों तक नेटवर्क पहुंचाया जाएगा। मॉडल में यात्रियों के लिए जीरो कमीशन और नो-सर्ज प्राइसिंग की व्यवस्था प्रस्तावित है। यानी मांग बढ़ने पर किराये में अचानक बढ़ोतरी नहीं होगी। वहीं टैक्सी चालकों को केवल सेवा प्रदाता के बजाय सहकारी व्यवस्था में कारोबार का हिस्सेदार बनाने की अवधारणा है। भारत टैक्सी के प्रदेशव्यापी विस्तार से जिला मुख्यालयों के अलावा रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, एयरपोर्ट, अस्पताल और बाजार तक आने-जाने के लिए लोगों को संगठित टैक्सी सेवा का विकल्प मिलेगा। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थानीय परिवहन सुविधा का दायरा बढ़ाने की योजना है। जीरो कमीशन मॉडल में प्रति यात्रा प्लेटफॉर्म कमीशन काटने के बजाय सहकारी ढांचे के माध्यम से चालकों को कारोबार से जोड़ने का प्रस्ताव है। इससे चालक सेवा देने के साथ सहकारी व्यवस्था में हिस्सेदार भी बन सकेंगे। पैक्स के नेटवर्क के जरिए ह्यभारत टैक्सी को गांवों तक ले जाने की तैयारी है। इससे ग्रामीणों को अस्पताल, बाजार, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए स्थानीय स्तर पर बाइक, ऑटो और कैब की सुविधा मिल सकेगी।

## सेमीकॉन इंडिया में दिखेगा यूपी का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम

- 17 से 19 सितंबर तक यशोभूमि में आयोजन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और निवेश संभावनाओं पर रहेगा फोकस

**लखनऊ।** सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अपनी बढ़ती क्षमता को वैश्विक मंच पर पेश करेगा। नई दिल्ली के यशोभूमि (आईआईसीसी), द्वारका में 17 से 19 सितंबर तक सेमीकॉन इंडिया 2026 का आयोजन होगा। इसमें प्रदेश के उभरते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षमता, नीतिगत सहयोग और भविष्य की तैयारियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

आयोजन में दुनिया की सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न राज्यों की सरकारें, भारतीय उद्योग, स्टार्टअप और क्षेत्र से जुड़े अन्य पक्ष शामिल होंगे। यूपी की ओर से तैयार प्रचार वीडियो के जरिए प्रदेश में उपलब्ध बुनियादी ढांचे, नीतिगत सहयोग और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की संभावनाओं को सामने रखा जाएगा।

सेमीकॉन इंडिया 2026 में 500 से अधिक प्रदर्शक करीब दो लाख वर्गफुट क्षेत्र में अपनी तकनीक और उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। आयोजन में 10 स्टेट पवेलियन और सात कंट्री पवेलियन होंगे। 40 स्टार्टअप के लिए अलग स्टार्टअप पवेलियन भी बनाया जाएगा। 150 से अधिक वक्ताओं के साथ राज्य सरकारों की राउंडटेबल, प्रशिक्षण सत्र और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंपोनेंट्स से जुड़े तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। टुमारो सिलिकॉन टू सिस्टम्सः बिल्डिंग ग्लोबल सप्लाई चेन्स है। इसमें सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स की पूरी वैल्यू चेन, निवेश, तकनीक, सप्लाई चेन और कुशल कार्यबल जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश की भागीदारी का प्रमुख फोकस प्रदेश में विकसित हो रहे इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को निवेशकों और वैश्विक कंपनियों के सामने रखना है। इसके तहत राज्य की मौजूदा सुविधाओं, नीतिगत समर्थन और भविष्य की तैयारियों की जानकारी दी जाएगी। आयोजन में राज्यों, उद्योगों और वैश्विक भागीदारों के बीच संवाद के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कुशल कार्यबल तैयार करने को भी कार्यक्रम में प्रमुखता दी गई है।

### कांग्रेस के कई नेताओं ने थामा हाथ



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में लखनऊ के राजीव कुमार, आशीष कोहली, फिरोजाबाद के प्रेमचन्द्र शास्त्री एवं बुलंदशहर के पंडित लखमी चंद पाराशर के नेतृत्व में सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उप्र कांग्रेस कमेटी के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को विधिवत पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलायी। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में सांसद राकेश राठौर, पूर्व मंत्री हीरा ठाकुर, असीम वकार आदि वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि आज देश-प्रदेश में भाजपा की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान है। यही कारण है कि आज प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैंकड़ों की संख्या में युवा वर्ग कांग्रेस में शामिल हो रहा है। उन्होने कहा कि यह जो कांग्रेस का कारवां तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है उससे निश्चित तौर पर आगामी 2027 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगे।


**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)
ई–मेल: nnlko@up.nic.in, वेबसाइट: https://lmc.up.nic.in

संख्याः 215/मु.अ./2026-27 — दिनांक : 16.09.2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 30.09.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र दिनांक 29.09.2026 तक अपरान्हन 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 30.09.2026 को अपरान्हन 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को उसी तिथि को अपरान्हन 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रु. में) | धरोहर धनराशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मशकगंज-वजीरगंज वार्ड के अन्तर्गत जवाहर नगर स्थित रैन बसेरा (एक एवं दो) की मरम्मतीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 831502.00 | 83150 | 1 माह | 832 | 150 | 981 |
| 2 | जे.सी.बोस वार्ड में दयानिधान पार्क में स्थित रैन बसेरा की मरम्मतीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 360714.00 | 36071 | 1 माह | 361 | 65 | 426 |
| 3 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में चकबस्त स्थित रैन बसेरा की मरम्मतीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 811016.00 | 81102 | 1 माह | 811 | 146 | 957 |
| 4 | महात्मागांधी वार्ड स्थित जियामऊ रैन बसेरा के प्रथम भवन की मरम्मतीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 759878.00 | 75988 | 1 माह | 760 | 137 | 897 |
| 5 | महात्मागांधी वार्ड स्थित जियामऊ रैन बसेरा के द्वितीय भवन में वाटर प्रुफिंग रंगाई-पुताई का कार्य। | 781236.0 | 78124 | 1 माह | 781 | 141 | 922 |
| 6 | राजाराम मोहन राय वार्ड स्थित लक्ष्मण मैदान रैन बसेरा में वाटर, प्रुफिंग, रंगाई पुताई, इण्टरलाकिंग, फ्लोरिंग एवं इत्यादि मरम्मत का कार्य। | 844544.00 | 84454 | 1 माह | 845 | 152 | 997 |
| 7 | राजाराम मोहन राय वार्ड स्थित लक्ष्मण मैदान रैन बसेरा में भूतल पर फ्लोर टाइल्स की मरम्मत, समरसेबिल पम्प इत्यादि का कार्य। | 831032.00 | 83103 | 1 माह | 831 | 150 | 981 |
| 8 | रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के अन्तर्गत झंडे वाले पार्क में स्थित रैन बसेरा की मरम्मतीकरण एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 692029.00 | 69203 | 1 माह | 692 | 125 | 817 |

**शर्तें :** 1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या-3890/ नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) 2. शासनादेश संख्याः- 692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी/डयूली प्लेज्ड एफ.डी.आर./बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। 3. कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। 4. 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर अवमुक्त की जायेगी। 5. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। 6. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**


## युवा अपनी मातृभूमि व समाज हित में रहें समर्पित : सीएम धामी

### मुख्यमंत्री धामी ने अपने जन्मदिन पर युवाओं के बीच मनाया युवा संकल्प दिवस

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने जन्मदिवस को युवाओं के साथ संवाद और संकल्प के अवसर में बदलते हुए प्रदेश की युवा शक्ति से उत्तराखण्ड के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित युवा संकल्प दिवस कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं से जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उनकी प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने और नशे से दूर रहने का संकल्प लेने को कहा। साथ ही उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि जीवन में सफलता मिलने के बाद उसका एक हिस्सा अपनी मातृभूमि और समाज के हित में समर्पित करें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड का भविष्य उसकी युवा शक्ति की प्रतिभा, ऊर्जा और संकल्प पर निर्भर है। युवाओं की क्षमता को सही दिशा और पर्याप्त अवसर मिलें तो वे न केवल अपना भविष्य संवार सकते हैं, बल्कि प्रदेश के विकास की गति को भी नई ऊंचाई दे सकते हैं। जन्मदिन पर युवाओं के बीच पहुंचने को मुख्यमंत्री ने अपने लिए विशेष अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं के उत्साह, उमंग और ऊर्जा से उन्हें नई प्रेरणा मिलती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई फोटो प्रदर्शनी को देखा और युवाओं से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवाओं में प्रतिभा और परिश्रम की कमी नहीं है। चुनौतियों का सामना करने का जज्बा भी उनमें मौजूद है। सरकार का प्रयास है कि उनकी योग्यता और हुनर को प्रदेश के भीतर ही बेहतर अवसर मिलें।

उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल नौकरी पाने की मानसिकता तक सीमित न रहे। अपनी प्रतिभा, नए विचारों और नवाचार के माध्यम से वह स्वयं रोजगार प्राप्त करने के साथ दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर तैयार कर सकता है। सरकार ऐसी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर काम कर रही है, जिससे बेहतर भविष्य के लिए युवाओं को अपने गांव और राज्य से बाहर जाने की मजबूरी कम हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य युवा आयोग युवाओं की आकांक्षाओं और सरकार के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। युवाओं की आवश्यकताओं, अपेक्षाओं और सुझावों को समझकर उनके अनुरूप नीतियां और योजनाएं तैयार करने में आयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्वामी विवेकानंद के संदेश का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं से लक्ष्य प्राप्त होने तक निरंतर प्रयास करते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को जीवन का हिस्सा बनाकर युवा किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, शिक्षक अथवा उद्यमी बनें और अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ें, लेकिन इसके साथ संवेदनशील, संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनना भी आवश्यक है। व्यक्तिगत सफलता तभी व्यापक अर्थ रखती है, जब उसका लाभ सम

संक्षेप

## श्रीराम लोक मर्यादा के अवतरणः डॉ. अम्बिकेश



प्रतापगढ़। क्षेत्र के कैथौला बाजार में श्री गणेश पांडाल में हो रही संगीतमयी श्रीराम कथा में बुधवार को कथा व्यास डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि श्रीराम लोक मयार्दा के अवतरण है। उन्होने कहा कि प्रभु श्रीराम के नाम को भजने वाला सदैव सदाचरण का जीवन व्यतीत किया करता है। उन्होने कहा कि भगवान के प्रति अनुराग जीवन का पुण्य उदित किया करता है। संगीतकार राजेश शुक्ल उर्फ गुड्डू की टोली ने श्रीराम नाम संकीर्तन से समां बांधी। वहीं मंगलवार की देर शाम क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना भी कथा श्रवण को पहुँची। आयोजन समिति द्वारा विधायक मोना को भगवान गणेश जी का चित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रसाद जायसवाल ने किया । इस मौके पर ददन सिंह, पप्पू तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, होलेन्द्र सिंह, शेर बहादुर सिंह, दल बहादुर सिंह, शिवराम अग्रहरि, प्रेमचन्द्र केसरवानी, हरकेश जायसवाल, शिवलाल अग्रहरि, बड़ेलाल केसरवानी, आदि रहें।

## विश्वकर्मा जयंती में शामिल होंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज गुरूवार को रामपुर खास के दौरे पर आयेगी। वह प्रातः साढ़े ग्यारह बजे अगई मोड़ पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगी। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना पौने बारह बजे अचकवापुर में विश्वकर्मा जयन्ती में शामिल होगी। वहीं विधायक मोना लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड समेत विभिन्न स्थानों पर जनसंवाद में शामिल होगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## स्लो साइकिलिंग प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

प्रतापगढ़। पौराणिक एवं ऐतिहासिक गांव कुम्भापुर में बुधवार को स्टेट माई विजिट एवं पर्यटन विभाग की रूरल ग्राम गंगे परियोजना के तहत विद्यार्थियों को गांव की विरासत और पारंपरिक कलाओं से परिचित कराया गया। इसमें राजाराम किसान इंटर कॉलेज डभियार के तीस विद्यार्थियों ने पत्थर तराशने की कला, करील के वृक्ष और गौ-पालन की परंपरा को जाना समझा। प्रतियोगिता में सचिन विश्वकर्मा प्रथम, सूरज तिवारी द्वितीय और रवि वर्मा तृतीय रहे। वही लीलावती शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज जूही सांगीपुर की तीस छात्राओं ने भी गांव की ऐतिहासिक विरासत, पारंपरिक खेल, घोड़ा गाड़ी, होम स्टे, मूंज का बाड़ बनाने की कला, लोकगीत और सई नदी के महत्व की जानकारी ली। पर्यटन से जुड़े सवालों को लेकर प्रतियोगिता में सौरभ वर्मा प्रथम, रिया सिंह द्वितीय और विशाल विश्वकर्मा तृतीय रहे। इस मौके पर समीर त्रिपाठी, अजीत यादव, सुधा तिवारी, रोहित तिवारी आदि मौजूद रहे।

# आज मनाया जायेगा यात्री सेवा दिवस
# यात्रियों को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

एस.पी.सिंह परिहार



श्रावस्ती एयरपोर्ट। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी हवाई यात्रा को सहज, सुरक्षित एवं सुखद बनाने के उद्देश्य से 17 सितंबर को यात्री सेवा दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान हवाई अड्डे पर यात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। एयरपोर्ट निदेशक अजय कुमार ने पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। यात्री सेवा दिवस पर पहली बार हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, विशेष सहायता की आवश्यकता वाले यात्रियों और बच्चों वाले परिवारों के लिए विशेष सहायता कक्ष बनाया जाएगा। प्रवेश द्वार से विमान में सवार होने तक यात्रियों को मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग देने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूरे दिन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यात्रियों से उनके अनुभव और सुझाव जानने के लिए प्रश्नोत्तरी तथा क्यूआर आधारित प्रतिक्रिया व्यवस्था भी रखी जाएगी। यात्रियों से उनकी यात्रा के अनुभव के साथ एक उपयोगी सुझाव लिया जाएगा, ताकि भविष्य में यात्री सुविधाओं में और सुधार किया जा सके। बच्चों को भी आयोजन से जोड़ने के लिए चित्रकला, रंग भरने, खेल और सरल प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। सहभागिता के आधार पर बच्चों को पुरस्कार अथवा उपयोगी सामग्री दी जाएगी। विमानन, हवाई अड्डे और सुरक्षित हवाई यात्रा से जुड़ी छोटी प्रश्नोत्तरी तथा 60 सेकंड की चुनौती भी आयोजित होगी। आगमन क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं आरोग्य शिविर लगाया जाएगा, जिसमें रक्तचाप, रक्त शर्करा और शरीर के भार-सूचकांक जैसी सामान्य जांच की सुविधा मिलेगी। यात्रियों के स्वागत के लिए गुलाब की कली, कलाई बैंड अथवा स्थानीय सामग्री से तैयार छोटी स्वागत सामग्री भी दी जाएगी। प्रतीक्षा के दौरान यात्रियों के मनोरंजन के लिए कैरम, शतरंज, दिमागी खेल, हल्के आसन और विश्राम से जुड़ी गतिविधियां कराई जाएंगी। जहां पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है, वहां उसे भी सक्रिय रखा जाएगा। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लोक कला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और संगीत कार्यक्रम होंगे। स्थानीय हस्तशिल्प तथा एक जिला एक उत्पाद से जुड़ी वस्तुओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा। यात्रियों के लिए उपलब्ध अवसर केंद्रों और यात्री कैफे को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। जहां संभव होगा, वहां खानपान और अन्य दुकानों की ओर से छूट भी उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि इन सभी गतिविधियों के दौरान यात्रियों के आवागमन और नियमित हवाई सेवाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इच्छुक यात्रियों को बीज गेंद अथवा पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। उपयुक्त स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया जाएगा। आगमन और प्रस्थान दोनों क्षेत्रों में प्रधानमंत्री के साथ तस्वीर लेने के लिए विशेष स्थान बनाया जाएगा। डिजिटल प्रदर्शन पटलों पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और उड़ान योजना से संबंधित लघु फिल्में दिखाई जाएंगी। नियमित अंतराल पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से वंदे मातरम का वादन भी किया जाएगा। एयरपोर्ट निदेशक अजय कुमार ने बताया कि यात्री सेवा दिवस का उद्देश्य केवल यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उनकी भागीदारी, स्वास्थ्य, मनोरंजन, स्थानीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को यात्रा अनुभव से जोड़ना भी है। इस अवसर पर मुख्य सुरक्षा अधिकारी कीर्ति वर्धन सिंह, प्रबंधक एवं प्रभारी सीएनएस जैनेंद्र कुमार सिंह तथा प्रभारी एटीसी एवं संचालन विद्यानंद गौतम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वृद्धजनों के खातों में पहुंची पहली तिमाही की पेंशन

**श्रावस्ती।** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पात्र वृद्धजनों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरनाथ यति ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के सत्यापित एवं पात्र पेंशनरों को अप्रैल से जून तक की तीन माह की पेंशन के रूप में प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 3,000 भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को आर्थिक सहायता दी जाती है। पात्र लाभार्थियों को शासनादेश के अनुसार प्रतिमाह 1,000 की दर से पेंशन मिलती है। 60 से 79 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों को केंद्र सरकार की ओर से 200 और प्रदेश सरकार की ओर से 800 प्रतिमाह दिए जाते हैं। इस प्रकार तीन माह के लिए केंद्रांश ?600 तथा राज्यांश 2,400 सहित कुल 3,000 की राशि खाते में भेजी गई है। इसी प्रकार 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के पेंशनरों के लिए केंद्रांश 500 और राज्यांश ?500 प्रतिमाह निर्धारित है। इस आयु वर्ग के लाभार्थियों को भी तीन माह के लिए केंद्रांश 1,500 और राज्यांश 1,500 सहित कुल 3,000 का भुगतान किया गया है।

## डीएम की दो टूक - सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग सुधारें अधिकारी

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की मौजूदगी में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विभागवार योजनाओं, कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अगस्त माह में जिले की विकास कार्यों में रैंक 39वीं, राजस्व कार्यों में 9वीं और संयुक्त रैंक 13वीं रही। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिले के 85 कार्यक्रमों की समीक्षा में 59 कार्यक्रम ए, चार बी, चार सी, दो डी और 16 अन्य श्रेणी में रहे। जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास/डीआरडीए, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, लोक निर्माण तथा समाज कल्याण विभाग के कार्यों में सुधार के निर्देश दिए। ग्राम्य विकास/एनआरएलएम, महिला एवं बाल विकास/आईसीडीएस, नियोजन और लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं और संकेतकों में प्रगति कम है, उनमें प्राथमिकता से सुधार किया जाए। एकल फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित कार्यों और आंकड़ों की कमियां जल्द दूर कर पात्र परिवारों की फैमिली आईडी तैयार और अद्यतन कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक आवेदन कराने तथा नवरात्रि में सामूहिक विवाह कराने के निर्देश दिए। सीएमआईएस पोर्टल की समीक्षा में बताया गया कि कुल 432 परियोजनाएं दर्ज हैं। इनमें नौ परियोजनाएं विलंबित और 254 परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने विलंबित परियोजनाओं को जल्द पूरा कराने को कहा। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की नियमित समीक्षा कर समय से कार्य पूरा कराने तथा पोर्टल पर जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए।

## हिन्दी पखवाड़ा पर राष्ट्रीय कवि-गोष्ठी



प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में हिन्दी पखवारा के तहत राष्ट्रीय कवि-गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुये। राष्ट्रीय कवि-गोष्ठी की अध्यक्षता प्रख्यात वरिष्ठ कवि आचार्य अनीस देहाती ने किया। अध्यक्षीय काव्यपाठ में आचार्य अनीस ने भगवद्गीता के सुन्दर छन्दों की प्रस्तुति दी। कवि एवं शायर डॉ० नागेन्द्र अनुज ने पढ़ा- जिन्दगी में तुम काम ऐसे करो कि हर जुबां पर आपकी कहानी रहे को सराहा गया। ओजकवि हरि बहादुर सिंह हर्ष ने पढ़ा- भारत अखण्ड जो चाहते हैं को भी जमकर समर्थन मिला। मंच संचालक एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी की कविता विश्व हो जाये अपना एक परिवार भी लोगों को पसंद आयी। वक्ता संतोष प्रजापति ने हिन्दी की संवैधानिक स्थिति पर सारगर्भित प्रकाश डाला। संगीतज्ञ डॉ. बच्चाबाबू वर्मा में अपनी संगीतमयी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। पं० राजेश शुक्ल ने भी भजन प्रस्तुतियों से वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथि परिचय निदेशक डॉ. संदीप कुमार मिश्र एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ0 अमित कुमार सिंह ने किया। विद्यार्थियों में लकी यादव, आशीष जोशी, किरन दूबे आदि ने भी हिन्दी साहित्य पर विचार रखें। इस मौके पर डॉ. दुर्गेश चन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. ओ.पी. द्विवेदी एवं डॉ0 आशुतोष शुक्ला, प्रभात तिवारी, भूपेन्द्र विश्वकर्मा आदि रहे।

## अस्पताल की छत पर बिना ढक्कन मिलीं पानी की टंकियां
### सीएमओ ने दिए सुधार के निर्देश



**श्रावस्ती।** विभिन्न माध्यमों से प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बुधवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मिली कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की छत पर रखी चार पानी की टंकियां बिना ढक्कन के मिलीं। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए सभी टंकियों की सफाई कराने और उनमें नए ढक्कन लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिलना चाहिए। छत पर स्ट्रेचर, व्हीलचेयर और अन्य कबाड़ भी अव्यवस्थित तरीके से पड़ा मिला। सीएमओ ने इसे तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और बाह्य रोगी विभाग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तक फिजिशियन डॉ. अजय गौतम ने 68 मरीजों और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ध्रुव मिश्रा ने 65 मरीजों का परीक्षण किया था। सीएमओ ने सभी चिकित्सकों को निर्देश दिया कि मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखी जाएं। अस्पताल में उपलब्ध जरूरी दवाएं ही मरीजों को दी जाएं। सीएमओ ने अस्पताल में मौजूद मरीजों और तीमारदारों से भी बातचीत की। उन्होंने इलाज, सफाई और अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं के बारे में उनकी राय जानी। इस दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर एएनएम, फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स मौजूद मिले, लेकिन अभियान का बैनर नहीं लगा था। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए अगले अभियान दिवस पर पोस्टर-बैनर अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदयनाथ, डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. केडी गुप्ता, ए.आर.ओ. सुरेश यादव सहित अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जनसुनवाई में त्वरित निस्तारण को लेकर तहसीलदार शेखर शुक्ला सक्रिय



बांसी, सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निदेर्शों के अनुपालन में बांसी तहसीलदार शेखर शुक्ला सरकारी कार्यों के निस्तारण के साथ जनहित से जुड़े मामलों में सक्रियता से दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। सरकारी कार्यों की व्यस्तता के बावजूद तहसीलदार द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। जनसमस्याओं के समाधान और तहसील स्तर पर कार्यों के सुचारु संचालन में नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, महबूब आलम एवं महबूब अंसारी का भी महत्वपूर्ण योगदान बताया जा रहा है। अधिकारियों की सक्रियता से फरियादियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी सुनवाई और आवश्यक कार्रवाई की सुविधा मिल रही है।

### बाइक चालक के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर निवासी रामहरख सरोज पुत्र स्व भगौती ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि वह बीते सोमवार को लगभग बारह बजे सांगीपुर से अपने नाती ऋषभ का इलाज कराके बिक्की से घर लौट रहा था। पंचायत भवन आमीशंकरपुर के पास पीछे से साहिल पुत्र संजय गौतम निवासी जगन्नाथपुर थाना लालगंज अझारा ने बाइक से जोरदार टक्कर मार दी।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद ट्रॉयल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का दिखा दमखम



प्रतापगढ़। स्थानीय लालगंज विकास खण्ड लालगंज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय केशवपुर में बुधवार को ब्लाक स्तरीय खेलकूद ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर उपाध्याय ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। ट्रायल प्रतियोगिता में उच्च संवर्ग में कंपोजिट स्कूल तारापुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय केशवपुर, समापुर, गौखाड़ी हुलासगढ़, भदारीकला, कलापुर, पूरे तिलकराम की टीमों ने स्पर्धा में रोमांचक प्रदर्शन किया। वहीं प्राथमिक संवर्ग में मांदीपुर, बछवल, रामगढ़ खास की टीमों का प्रदर्शन दमखम में दिखा। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र विशिष्ट अतिथि रहें। समारोह का संचालन गिरिजानन्द कनौजिया ने किया। इस मौके पर शिक्षक राजेश वर्मा, देवेन्द्र कुमार, औसफ हुसैन, अशोक मिश्र, संजय कुमार, दिनेश पाण्डेय, परितोष ओझा, उदयराज पाण्डेय, सचिन पाण्डेय, मुकेश सरोज, दिनेश सरोज, सुशील सरोज, शारदा प्रसाद, नीलम पाण्डेय, सुनील चौहान आदि शिक्षक रहे।

## एसएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को दिए कर्तव्य एवं अनुशासन के निर्देश



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस लाइन में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी एवं साक्षात्कार किया। उन्होंने आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की जानकारी दी। एसएसपी ने प्रशिक्षण के महत्व पर जोर देते हुए जनता के साथ शालीनता, अनुशासन और संवेदनशीलता से व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को फील्ड में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू करें, ताकि कानून-व्यवस्था के साथ पुलिस की छवि भी बेहतर हो। इस दौरान प्रशिक्षण अधिकारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बाद उसके एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याओ शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई किया, जनता दर्शन में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसे एसएसपी डा0 अभिषेक ने शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बंधित को आदेशित किया गया।

## सरकार विकास के मुद्दों पर खुली चर्चा करें : हेमंत चौधरी




जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** कांग्रेस में शामिल होने के बाद हेमन्त चौधरी के सिद्धार्थनगर पहुंचने पर कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका स्वागत किया। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जिले के विकास को लेकर सवाल उठाए।

हेमन्त चौधरी ने कहा कि सिद्धार्थनगर की जनता अब भाषण नहीं, बल्कि सड़क, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और किसानों से जुड़े मुद्दों पर सरकार से जवाब चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों की सत्ता के बावजूद जिले की बुनियादी समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के बीच आकर विकास के मुद्दों पर खुली चर्चा करनी चाहिए। शराब को लेकर भी उन्होंने सरकार पर सवाल उठाए। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार सिद्धार्थनगर का आबकारी विभाग वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित राजस्व लक्ष्य का 93.5 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में 10वें स्थान पर रहा था। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को उठाएंगे और विकास के मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष काजी सुहेल, पूर्व सांसद मो. मुकीम, दीपक यदुवंशी सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसान दिवस में डीएम ने सुनीं किसानों की समस्याएं



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की समस्याएं सुनते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत निस्तारण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, बिजली बिल, दवा-बीज, सिंचाई तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। साथ ही नहरों में पानी का संचालन और खराब नलकूपों को दुरुस्त कर चलाने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचना सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ किसान यूनियन के पदाधिकारी, किसान एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


## लखनऊ नगर निगम
3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेलः nnlko@up.nic.in

संख्याः 206/मु0अ0/2026-27 — दिनांकः 15.09.2026

### अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 29.09.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 28.09.2026 के अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 29.09.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | जमानत धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोतीलाल नेहरू नगर/चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड के अन्तर्गत मवैया में तिवारी होटल से शर्मा आटा चक्की तक एवं ब्लन्ट स्क्वायर चौराहा से हनुमान मन्दिर कसाईबाड़ा मुख्य मार्ग तक एवं पतुरिया मस्जिद के पास डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 805205.00 | 80521.00 | 15 दिवस | 805.00 | 145.00 | 950.00 |
| 2 | राजेन्द्र नगर वार्ड के अन्तर्गत ऐशबाग ओवर ब्रिज से ऐशबाग स्टेशन तक, राजेन्द्र नगर पानी की टंकी से केशव कल्याण मंडप तक, पायनियर स्कूल के पास, पॉचवा मार्ग पर डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 805950.00 | 80595.00 | 15 दिवस | 806.00 | 145.00 | 951.00 |
| 3 | तिलक नगर/कुण्डरी रकाबगंज वार्ड के अन्तर्गत बाबू लाल चौराहे से टिकैतगंज तिराहा एवं झगड़ेश्वर मन्दिर से शास्त्री नगर चौराहा तक, खजुआ पुलिस चौकी से ट्रांसफार्मर तक, कपूर मोटर से पतंजलि स्टोर तक, सरिया मिल में अग्रवाल जी के मकान के सामने एवं प्रज्ञा पार्क के बगल में डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 752047.00 | 75205.00 | 15 दिवस | 752.00 | 135.00 | 887.00 |
| 4 | ऐशबाग वार्ड के अन्तर्गत रामलीला मैदान के बगल से गूंगा बहरा स्कूल तक, सरस्वती छात्रावास मुख्य मार्ग, प्रकाशपुरम कालोनी व प्रकाशपुरम कूड़ा घर के पीछे से जलकल गेट नं0-2 के सामने डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 487444.00 | 48744.00 | 15 दिवस | 487.00 | 88.00 | 575.00 |
| 5 | मालवीय नगर वार्ड के अन्तर्गत हरियाणा मिल मुख्य मार्ग एवं हाइडिल कालोनी, मोतीझील मुख्य मार्ग में डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 617000.00 | 61700.00 | 15 दिवस | 617.00 | 111.00 | 728.00 |
| 6 | राजाबाजार वार्ड के अन्तर्गत जनता नगरी मुख्य मार्ग, नींबू पार्क से चरक चौराहा, आकर-बाकर इमामबाड़ा के सामने, पोस्टमार्टम हाउस के सामने तथा सरदार फार्मेसी के बगल वाली सड़क पर डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 611020.00 | 61102.00 | 15 दिवस | 611.00 | 110.00 | 721.00 |
| 7 | यहियागंज/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड के अन्तर्गत जुबली कॉलेज रोड, आगामीर ड्योढ़ी पुलिस चौकी के बगल डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 318341.00 | 31834.00 | 15 दिवस | 318.00 | 57.00 | 376.00 |
| 8 | अम्बेडकर नगर वार्ड के अन्तर्गत गढ़ी कनौरा मुख्य मार्ग, भरतपुरी वी मुख्य मार्ग, जनकरानी मुख्य मार्ग तथा पी0टी0सी0 कम्पनी के सामने डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 804073.00 | 80407.00 | 15 दिवस | 804.00 | 145.00 | 949.00 |
| 9 | लेबर कालोनी वार्ड के अन्तर्गत जल संस्थान कार्यालय से मीना बेकरी होते हुए नरेश बेकरी, टी0आर0टी0 पार्क के चारों ओर एवं ओंकारेश्वर मन्दिर के सामने से ट्यूबवेल नं0-10 तक डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 841830.00 | 84183.00 | 15 दिवस | 842.00 | 152.00 | 993.00 |
| 10 | राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत डी0 ब्लॉक मार्केट, रानी लक्ष्मी बाई पार्क तथा बी0 ब्लॉक जलालपुर फाटक से अण्डर पास तक डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 533950.00 | 53395.00 | 15 दिवस | 534.00 | 96.00 | 630.00 |
| 11 | राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत ई0 ब्लॉक तिराहे से डबल पुलिया तक एवं मिनी स्टेडियम रोड, सेन्ट जोजफ स्कूल के सामने तथा सेक्टर-5 व 6 में डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 647044.00 | 64704.00 | 15 दिवस | 647.00 | 116.00 | 764.00 |
| 12 | कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड के अन्तर्गत ई0 ब्लॉक सब्जी मण्डी से पार्षद आवास तक, भुईयन देवी मन्दिर चौराहा से प्रोग्रेसिव स्कूल, देशभारती स्कूल, सागर क्लीनिक के पास डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 596587.00 | 59659.00 | 15 दिवस | 597.00 | 107.00 | 704.00 |
| 13 | कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड के अन्तर्गत लैक्मी स्कूल से दीन दयाल स्कूल तक एवं टैक्सी स्टैण्ड से संकटहरण मन्दिर तक डामर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। | 648860.00 | 64886.00 | 15 दिवस | 649.00 | 117.00 | 766.00 |

**शर्तें:-** (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/ नौ-5- 19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (02) शासनादेश सं0 -6738/23-7-06-176(सा0)/06दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्याः- 692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0व्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनला

संक्षेप

## मोबाइल पर स्टेटस लगा युवक फांसी के फंदे पर झूला, मौत

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना अर्न्तगत सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर गोपालपुर गोनरपुरा निवासी 30 वर्षीय युवक ने मंगलवार रात पत्नी से अलग होने से आहत होकर मोबाइल पर स्टेटस लगाया और कमरे में साड़ी के फंदे से लटक कर जान दे दिया। घटना की जानकारी होने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरहरी चौकी क्षेत्र के रामपुर गोपालपुर के गोनरपुरा टोला निवासी भानु प्रसाद (30) दो भाइयों में छोटा था। दोनों भाई अलग रहते थे। पिता की मृत्यु हो चुकी है और मां भानू के साथ रहती थी। करीब तीन वर्ष पूर्व भानु की पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। बीते नवंबर में उसने गुलरिहा क्षेत्र के बूढ़ाडीह निवासी नेहा से दूसरी शादी की थी। शादी के बाद से ही पत्नी उसके साथ रहना नहीं चाहती थी ।वह अक्सर मायके में रहती थी ।जिसको लेकर दोनों में विवाद होता रहता था ।मंगलवार को गुलरिहा थाने में पंचायत हुई परन्तु पत्नी उसके घर जाने को तैयार नहीं हुई ।जिसपर दोनों अलग रहने का निर्णय लिए ।उसके बाद भानू घर पहुंचा और रात मे मोबाइल पर अपना फोटो तथा स्चांद मेरा छोड़ कर चला गया, अब जिएं किसके लिएस्र गाने का स्टेटस लगाकर कमरा अंदर से बंद कर साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार भोर में रिश्तेदार स्टेटस देखकर उसके भाई को फोन कर जानकारी दिए तो घर वाले आवाज देते हुए कमरे का दरवाजा खटखटाए।अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर खिड़की से देखे तो भानू फंदे से लटका था। सूचना पर सरहरी चौकी पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के कोई संतान नहीं है।

## किशोरी घर से लापता, आरोपी युवक पर केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के जंगल बेनी नंबर-दो, मोहरीपुर मोहल्ले से 17 वर्षीय किशोरी के घर से लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता ने एक युवक पर उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए चिलुआताल थाने में लिखित तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानिय थाना क्षेत्र के मोहरीपुर निवासी व्यक्ति तहरीर देकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री 16 सितंबर की रात करीब दो बजे घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पिता का आरोप है कि सूरज सहानी पुत्र स्व. सहदेव सहानी, निवासी लक्ष्मीपुर खास, गोरखनाथ, गोरखपुर, उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। उन्होंने पुलिस से पुत्री की तलाश कर उसे सकुशल बरामद कराने तथा आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल मार्कशीट में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम चन्द्रभानु (CHANDRABHANU) दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में उनका सही नाम चन्द्रभान (CHANDRA BHAN) दर्ज है। मेरी हाईस्कूल मार्कशीट में भी मेरे पिता का सही नाम ही दर्ज किया जाये। **मनीष यादव (MANEESH YADAV) पुत्र चन्द्रभान नि.- शांति, बीबीपुर, आजमगढ़। वर्तमान पता- म.नं.-166, अशोक विहार कालोनी, डिप्टीगंज हरिहरपुर, लखनऊ।**

# अधिवक्ताओं के परिवार को सीएम ने दिया आर्थिक संबल



**गोरखपुर।** हर जरूरतमंद के साथ आत्मिक संवेदना रखते हुए भरपूर सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार शाम दिवंगत दो अधिवक्ताओं, आलोक कुमार अस्थाना और संजय सिंह के परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया। दोनों अधिवक्ताओं की 6 सितंबर को आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से दुखद मृत्यु हो गई थी। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने दोनों अधिवक्ताओं के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवार को 15-15 लाख रुपये का चेक सौंपा। जंगल नकहा नंबर-2 में कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री राप्तीनगर विस्तार कॉलोनी में दिवंगत अधिवक्ता आलोक कुमार अस्थाना के घर पहुंचे। यहां उन्होंने स्मृतिशेष अस्थाना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिजनों को 10 लाख रुपये की धनराशि का चेक मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से तथा 5 लाख रुपये का चेक अधिवक्ता कल्याण कोष से प्रदान किया। इसके बाद वह शक्ति नगर में दिवंगत अधिवक्ता संजय सिंह के घर आए। उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने यहां संजय सिंह के परिवार को 10 लाख रुपये की राशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से तथा 5 लाख रुपये की धनराशि अधिवक्ता कल्याण कोष से प्रदान की। उन्होंने दोनों अधिवक्ताओं के परिवार को आश्वस्त किया कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर दोनों अधिवक्ताओं के परिजनों को पूर्व में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता आपदा कोष से दी गई है।

## पोखरे की सफाई करने वाले युवकों से मिले सीएम योगी, की सराहना

गोरखपुर। पूर्वांचल के प्रमुख शक्तिपीठ मां तरकुलहा देवी धाम परिसर स्थित ऐतिहासिक पोखरे की श्रमदान के जरिये सफाई करने वाले दो युवकों को बुलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनसे मुलाकात की। उनके काम की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि मां तरकुलहा देवी धाम के सामने स्थित प्राचीन पोखरे का सुंदरीकरण और स्थायी जीर्णोद्धार जल्द कराया जाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों में शामिल मां तरकुलहा देवी के मंदिर के सामने ऐतिहासिक पोखरे को जलकुंभी और गंदगी से मुक्त करने के लिए चौरीचौरा क्षेत्र के भाऊपुर गांव के दो युवकों अनुपम गुप्ता और करन निषाद ने पांच सितंबर से प्रतिदिन श्रमदान का कार्य शुरू किया। श्रद्धा और सेवा भाव से किए जा रहे इस कार्य को देखकर मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने भी युवाओं की सराहना की। मंदिर ट्रस्ट ने भी उनके सेवा भाव और समर्पण की प्रशंसा की। युवाओं की इस पहल की जानकारी शासन तक पहुंची। बुधवार (16 सितंबर) की सुबह एसडीएम चौरीचौरा ने अनुपम गुप्ता और करन निषाद से फोन पर संपर्क कर बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया है। इसके बाद एसडीएम ने दोनों युवाओं को अपनी गाड़ी से एनेक्सी भवन पहुंचाया। यहां मुख्यमंत्री ने दोनों युवकों से मुलाकात की। उनके साथ फोटो खिंचवाई और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने पोखरे की सफाई के लिए उनके द्वारा किए जा रहे श्रमदान और सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

## जलविहार कार्यक्रम का भव्य आयोजन



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के पुरवा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पकरा बुजुर्ग के मजरा छेदा खेड़ा गांव में आयोजित भव्य जल विहार कार्यक्रम व भजन संध्या में राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह पहुंचे क्षेत्रीय पारिवारिक जनो ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित क्षेत्रीय पारिवारिक जनों से उन्होंने स्नेहिल भेंट की और बहनों सभी का कुशलक्षेम जाना व आशीर्वाद प्राप्त किया, अपने संबोधन में राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने समाज में आपसी एकता, अखंडता और भाईचारा स्थापित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन ही समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं आयोजन समिति को राष्ट्रसेवक पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आर्थिक सहयोग भी दिया। इस अवसर पर प्रधान सुनील यादव, प्रधान इकबाल सिंह, श्री राम, राधाकृष्ण, रवी, विनीत, चंदन सिंह, रामबरन लोधी सहित कई गणमान्य व्यक्ति, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता संबंधी समस्या अधिकारी से बतायी



उन्नाव (वीओएल)। परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए महिला शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष मंजू कन्नौजिया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनू सिंह द्वारा जिला पंचायती राज अधिकारी श्रीकांत यादव से भेंट कर विद्यालयों सप्ताह में दो दिन (सोमवार बृहस्पतिवार) सफाई कर्मचारी भेजने का अनुरोध करते हुए बताया कि विद्यालय एक मंदिर के समान है जहां छोटे बच्चे भविष्य गढने आते हैं। सफाई कर्मचारियों की उदासीनता के कारण स्कूल परिसर के खेल के मैदानो, शौचालयो में अत्यधिक गंदगी का ढेर लगा रहता है। इससे दूषित वातावरण दुर्गंध और मच्छरों के पनपने से छात्र छात्राओ को डायरिया, टाइफाइड, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों का संकट भी उत्पन्न हो रहा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पंचायती राज अधिकारी द्वारा तुरंत निस्तारण का आश्वासन दिया।

## स्वच्छता के रंगों से सजा बच्चों का हुनर



उन्नाव। औरास विकासखंड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत प्रार्थना सभा के समय तथा मध्यावकाश के बाद एक पीरियड में चित्रकला, निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छ एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान की भावना के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और रचनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करना है। चित्रकला में कला-कौशल से निपुण 25, निबंध में उत्कृष्ट सुलेख वाले 8 तथा स्लोगन प्रतियोगिता में 24 बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने चित्रों में पृथ्वी को हरा-भरा रखने, जल संरक्षण, स्वच्छता तथा प्रदूषण से बचाव के संदेश उकेरे। हिंदी दिवस के अवसर पर निबंध का विषय ह्यस्वच्छता आदत नहीं, जिम्मेदारी हमारीह्ण रहा, जबकि स्लोगन में ह्यग्रीन एंड क्लीन उन्नावह्ण, ह्यहरा भारत-स्वच्छ भारतह्ण और ह्यआओ बनाएं सुंदर स्कूलह्ण जैसे संदेश प्रमुख रहे। चित्रकला में कोमल प्रथम और प्रियंका द्वितीय, स्लोगन में समरीन प्रथम और आशिकी द्वितीय, जबकि निबंध में आस्था प्रथम और शगुन द्वितीय रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह बच्चों को शिक्षक इंद्रपाल ने सामान्य ज्ञान की पुस्तकें देकर पुरस्कृत किया। अल्फीसा, दीपाली, नैना, काजल, माही, मयंक, आकाश, मिलन, आशीष और राजकुमार का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश बच्चों के व्यवहार और सोच का हिस्सा बनता है। विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े में शिक्षक, रसोइया, बच्चे, ग्राम प्रधान और अभिभावक मिलकर सहभागिता कर रहे हैं। इसी क्रम में बच्चों द्वारा विद्यालय की पोषण वाटिका में रोपे गए हरी सब्जियों के बीज अब अंकुरित होकर उनके प्रयासों को साकार कर रहे हैं।

## 82 विद्यार्थियों को दिखायी हनुमान अंश फिल्म



पिपरौली/सहजनवां, गोरखपुर। विद्यार्थियों में संस्कार, आध्यात्मिकता और भक्ति भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुरारी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने एक अनूठी पहल की। विद्यालय की को-एजुकेटर टीम एवं प्रॉक्टोरियल बोर्ड टीम में चयनित 82 छात्र-छात्राओं को सहजनवां स्थित हरिओम मल्टीप्लेक्स में नीब करौली बाबा के जीवन एवं आध्यात्मिक संदेशों पर आधारित फिल्म ह्यहनुमान अंशह्ण दिखाई गई। इस दौरान विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी फिल्म का आनंद लिया। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को भक्ति, सेवा, संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ने का संदेश दिया गया। विद्यालय प्रबंधन की इस पहल को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

कार्यक्रम के आयोजन में हरिओम मल्टीप्लेक्स, सहजनवां के एमडी प्रकाश सर्राफ का विशेष सहयोग रहा। फिल्म समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रसाद स्वरूप लड्डू वितरित किए गए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर साकेत जी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन, सेवा भावना और सकारात्मक जीवन मूल्यों का विकास करना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक फिल्म दिखाने की पहल की गई।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



गीडा,गोरखपुर। औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईजीएल स्पिरिट्स लिमिटेड के परिसर में बुधवार को ईएसआईसी के विशेष सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 200 से अधिक कर्मचारियों और कर्मयोगियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक आबकारी आयुक्त संतोष कुमार, आईजीएल स्पिरिट्स के प्लांट हेड शैलेंद्र कुमार पांडेय और एचआर हेड दशरथ मिश्र ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि संतोष कुमार एवं प्लांट हेड शैलेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि कर्मचारियों का बेहतर स्वास्थ्य ही किसी उद्योग की प्रगति और कार्यकुशलता की वास्तविक नींव है। उन्होंने आईजीएल द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले कल्याणकारी कार्यों की सराहना की। चिकित्सा शिविर में गीडा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आई. के. गुप्ता और ईएसआईसी खलीलाबाद की डॉ. मनीषा ने अपने मेडिकल टीम के साथ अपनी सेवाएं दीं। डॉक्टरों ने कर्मियों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव, संतुलित जीवनशैली और नियमित जांच के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संयोजन एसोसिएट मैनेजर (एडमिन) अखिलेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में डॉ. के. के. सिंह एवं एडमिन टीम द्वारा किया गया। अंत में अखिलेश कुमार शुक्ला ने आए हुए चिकित्सकों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान आनंद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सब्बीर अहमद, सुभाष कश्यप समेत कंपनी के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के सलाहकार से की मुलाकात



गोरखपुर। ऑल इंडिया मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार डॉ. ज्ञानेंद्रनाथ सिंह से औपचारिक मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में मेडिकल लेबोरेटरी साइंसेज और अलाइड हेल्थकेयर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों तक उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रहा। बैठक के दौरान एसोशिएशन के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में लैब टेक्नोलॉजिस्ट्स से जुड़ी शैक्षणिक व पंजीकरण संबंधी व्यावहारिक समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए बताया कि पूर्व योग्यताधारियों के लिए न्यायसंगत पंजीकरण व्यवस्था लागू करने और भविष्य में एकरूप शिक्षा व गुणवत्ता मानक तय किया जाए। लैब टेक्नोलॉजिस्ट की पढ़ाई के शुरूआती दौर से ही रिसर्च पर आधारित प्रैक्टिकल ट्रेनिंग कराया जाए। प्रदेश में अलाइड हेल्थकेयर क्षेत्र के लिए एक समर्पित विश्वविद्यालय की स्थापना पर विचार-विमर्श करते हुए जैविक आपदाओं और नए संक्रमणों से निपटने के लिए राज्य में बीएसएल 4 स्तर की हाई-सिक्योरिटी प्रयोगशाला स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र प्रसाद, चेयरमैन रंजीत कुमार गुप्ता और किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ लैब टेक्नोलॉजिस्ट सचिन पाल शामिल रहे।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के संग की बैठक



इटावा। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आगामी विधानसभा सामान्य के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग एफएलसी कराए जाने के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान में 3390 बैलेट यूनिट, 2163 कंट्रोल यूनिट तथा 2186 वीवीपैट उपलब्ध हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में उपलब्ध ईवीएम एवं वीवीपैट में से 2016 बैलेट यूनिट, 2016 कंट्रोल यूनिट एवं 2016 वीवीपैट की एफएलसी का कार्य 17 सितंबर से प्रारंभ किया जाएगा। एफएलसी का कार्य प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 7 बजे तक कराया जाएगा तथा इसके 10 अक्टूबर तक पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एफएलसी का कार्य बेल कंपनी द्वारा नामित 6 इंजीनियर्स की टीम द्वारा किया जाएगा। आयोग के निदेर्शानुसार एफएलसी कार्य की निगरानी के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी को एफएलसी सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है। एफएलसी की प्रक्रिया को देखने के लिए उपस्थित राष्ट्रीय एवं राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति निर्धारित पंजिका एनेक्सचर-4 में दर्ज की जाएगी। उक्त के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, कृपानारायण तिवारी भाजपा, संजीव भदौरिया भाजपा, आशुतोष दीक्षित कांग्रेस, वाचस्पति द्विवेदी आईएनसी, उदयभान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, इकरार अहमद आम आदमी पार्टी, राघवेंद्र अवस्थी बसपा, हरिओम शाक्य बसपा, डॉ. हरिशंकर पटेल अपना दल, मुकेश कुमार अपना दल सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

## गंगा की उपधारा में डूबे व्यक्ति का शव दूसरे दिन बरामद

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के हिंदूपुर पुलिया के पास मंगलवार को गंगा की उपधारा में डूबे व्यक्ति का शव बुधवार को बाढ़ राहत दल और गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया। शव मिलने की सूचना जैसे ही परिजनों को हुई, घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। जानकारी के अनुसार, गुरुदीन खेड़ा निवासी पप्पू सिंह मंगलवार को हिंदूपुर पुलिया के निकट गंगा की उपधारा में डूब गए थे।

## अखिलेश जैसा विकास का विजन किसी के पास नहीं: शिवपाल



इटावा। बुधवार शाम 5.30 बजे कृष्णकथा में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव पहुंचे। भगवान श्रीकृष्ण की आरती के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने लोहिया ट्रस्ट, भाजपा, एनडीए, महंगाई, बेरोजगारी और यूपीआई लेनदेन पर लगने वाली फीस को लेकर अपनी बात रखी। शिवपाल सिंह यादव ने कहा उन्होंने लोहिया ट्रस्ट की बैठक बुलाकर अखिलेश यादव को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा अखिलेश यादव जैसा आधुनिक विकास का विजन किसी और में नहीं है। लोहिया जी के विचार और नीतियां जन-जन तक पहुंचाने के साथ ट्रस्ट के आधुनिक विकास के उद्देश्य से यह प्रस्ताव रखा गया था। बैठक में प्रस्ताव पर आम सहमति बनी थी। हालिया रिपोर्टों के मुताबिक, इसके बाद अखिलेश यादव को लोहिया ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया गया और उन्होंने शिवपाल सिंह यादव की जगह यह जिम्मेदारी संभाली। शिवपाल ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में लोहिया ट्रस्ट का विकास हो सकता है और लोहिया जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे लोहिया ट्रस्ट के साथ समाजवादी पार्टी भी मजबूत होगी। भाजपा नेताओं की ओर से उठाए जा रहे सवालों पर उन्होंने कहा, सबके फूफा यही हैं, उनके बारे में पूरा प्रदेश जानता है।

## प्रेरणा जुबैरी बनीं कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता



इटावा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निदेर्शानुसार जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा व मनीष हिंदवी के ऑब्जर्वेशन में प्रदेश प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी की गई। जिसमें इटावा जिले की प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी को उत्तर प्रदेश की प्रदेश प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया। मारुति कुटीर, कोऑपरेटिव बैंक के निकट मैनपुरी फाटक के पास वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रेमकिशोर द्विवेदी के आवास पर बुधवार को कांग्रेस की ओर से जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित एवं शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद के नेतृत्व में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में प्रेरणा जुबैरी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग में प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किए जाने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कांग्रेस की ओर से 14 सितंबर को जारी नई मीडिया टीम की सूची में प्रेरणा जुबैरी का नाम प्रदेश प्रवक्ताओं में शामिल है। इस अवसर पर प्रेरणा जुबैरी ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ-साथ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का भी आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगी। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पीसीसी मेंबर कोमल कुशवाह, जिलामहासचिव अनूप परमार, प्रवक्ता वास्पति द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार मुइनुद्दीन जुबैरी, सोशल मीडिया प्रभारी पदम दुबे, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक इंतिखाब आलम, समाजसेवी दीपक राज, अविरल प्रताप सिंह परमार, सीपीआईएम जिलासचिव मंडल सदस्य कामरेड प्रेमशंकर यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आयोग ने जनप्रतिनिधियों के साथ की चर्चा




इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रामऔतार सिंह एवं ब्रजेश कुमार सदस्य, संतोष कुमार विश्वकर्मा सदस्य, डॉ. अरविंद कुमार चैरसिया सदस्य, एसपी सिंह सदस्य के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अन्य पिछड़े वर्गों ओबीसी की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक एवं विस्तृत चर्चा आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास खंडों के ब्लॉक प्रमुख, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानों से ओबीसी वर्ग की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, शिक्षा, रोजगार, कृषि, भूमि स्वामित्व, राजनीतिक प्रतिनिधित्व तथा आरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में आयोग द्वारा जनप्रतिनिधियों से क्षेत्रवार ओबीसी वर्ग की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक अंशुल यादव ने बताया कि जनपद में ओबीसी वर्ग की आबादी उल्लेखनीय है। उन्होंने चकरनगर क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए बताया कि बीहड़ क्षेत्र होने के कारण यहां भूमि ऊबड़-खाबड़ एवं सीमित है तथा सिंचाई एवं पानी की समस्या भी बनी रहती है। उन्होंने आयोग से चकरनगर क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिससे क्षेत्र के लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। विकास खंड बसरेहर के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक यादव ने बताया कि क्षेत्र दो लोकसभा एवं दो विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है, इसलिए क्षेत्र की आवश्यकताओं को देखते हुए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग की आर्थिक स्थिति अभी सामान्य वर्ग के समान नहीं है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चुरियानी, वि.ख. बहुआ, फतेहपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.प./निविदा/कोटेशन सूचना/2026-27 दिनांक-16.09.2026

निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चुरियानी, वि.ख. बहुआ में राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त योजानर्न्तगत वर्ष 2026-27 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 17.09.2026 से दिनांक 21.09.2026 को शाम 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत चुरियानी पर ग्राम प्रधान/सचिव को उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक-21.09.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | राशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | आंगनबाड़ी 1 व 2 में टायलीकरण। | 192000/- |
| 2 | प्रा. वि. चुरियानी में टाइल फिटिंग। | 139000/- |
| 3 | कायाकल्प के विभिन्न कार्य। | 250000/- |
| 4 | प्रा.वि. बाउण्ड्री निर्माण। | 100000/- |

नोट- सभी नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस पर देखी जा सकती है।

सुनैना देवी, ग्राम प्रधान, ग्रा.पं.-चुरियानी, वि.ख.-बहुआ, जनपद-फतेहपुर

अरविन्द अवस्थी, सचिव, ग्रा.पं.-चुरियानी, वि.ख.-बहुआ, जनपद-फतेहपुर

**पहल प्रेरणा महिला प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड**

विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा, सुल्तानपुर

(10000 FPO योजना अंतर्गत गठन)

**सीईओ (FPO) - 01 पद हेतु आवेदन आमंत्रित**

पद : सीईओ (FPO) | पद संख्या : 01

योग्यता : स्नातक - कृषि / कृषि विपणन / कृषि-व्यवसाय प्रबंधन / BBA या समकक्ष; या 10+2 + डिप्लोमा (कृषि/विपणन)

अनुभव : कृषि व्यवसाय में न्यूनतम 1 वर्ष | MS Office ज्ञान अनिवार्य

वेतन : ₹25,000/- प्रति माह

जिम्मेदारियाँ : दैनिक FPO संचालन, बोर्ड को सहायता, रिकॉर्ड संधारण, GST व रिपोर्टिंग

आवेदन प्रक्रिया :

पहल प्रेरणा महिला प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, कादीपुर रोड, प्रतापपुर कमैचा के कार्यालय में श्रीमती रीना, मोबाइल 7080999205 के पास जमा करें एवं email pahalfposln@gmail.com पर भेजना अनिवार्य है

अंतिम तिथि : 24.09.2026 (सायं 5 बजे तक)

साक्षात्कार : 27.09.2026 | प्रातः 11 बजे | उसी कार्यालय में

• कोई आवेदन शुल्क नहीं •

पहल प्रेरणा महिला प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय : कादीपुर रोड, प्रातापपुर कमैचा, सुल्तानपुर

संक्षेप

## 17 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

गोला गोकर्णनाथ। नगर पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत नगर के 313 चिन्हित स्थलों पर विशेष सफाई कराई जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि 25 सितंबर से दो अक्टूबर तक 157 घंटे का महासफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान नगर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसमें जनभागीदारी और श्रमदान के माध्यम से नागरिकों को अभियान से जोड़ा जाएगा। नगर पालिका की ओर से अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## अजगर ने बकरे को निगला

सीतापुर। संदना इलाके में निमतापुर गांव में गन्ने के खेत में विशालकाय अजगर ने बकरे को जकड़कर निगल लिया। हरिराम के बकरे को अजगर के कब्जे में देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मौके पर भीड़ जुट गई और तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक सूचना के करीब एक घंटे बाद भी कोई वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती गई। काफी देर बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। वनकर्मी अजगर को बोरे में बंद कर अपने साथ ले गए। विभाग ने उसे जंगल में छोड़ने की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर टीम पहुंचती तो दहशत कम होती।

## होमगार्ड भर्ती की दौड़ में योगेंद्र की मौत

सीतापुर। सरकारी नौकरी का सपना आंखों में लिए जिस 24 वर्षीय थाना रामकोट क्षेत्र के गांव माडिया निवासी योगेंद्र कुमार ने महीनों तक सुबह-शाम पसीना बहाया, उसी दौड़ ने मंगलवार को उसकी जिंदगी छीन ली। होमगार्ड भर्ती की शारीरिक परीक्षा में दौड़ते समय तबीयत बिगड़ने के बाद लखनऊ में उसकी मौत हो गई। बुधवार दोपहर करीब दो बजे जब योगेंद्र का शव माड़िया गांव पहुंचा तो परिवार की उम्मीदें भी जैसे हमेशा के लिए शांत हो गईं। घर में चीख-पुकार मच गई। बाद में गमगीन माहौल में शव को दफना दिया गया। योगेंद्र पांच भाइयों में सबसे छोटा था और पढ़ाई में बेहद होनहार था। वर्ष 2025 में उसने पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा भी पास की थी। मुख्य परीक्षा में सफलता नहीं मिली, लेकिन उसने हार नहीं मानी और सरकारी नौकरी की तैयारी जारी रखी। पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था और घर में भतीजे-भतीजियों को भी पढ़ाता था। परिजनों को भरोसा था कि एक दिन योगेंद्र सफलता हासिल कर परिवार का नाम रोशन करेगा। परिजनों का आरोप है कि दौड़ के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर योगेंद्र को समय रहते मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने भर्ती स्थल की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग दिखाने और पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। चचेरे भाई मोहित ने बताया कि योगेंद्र सरकारी नौकरी के लिए लगातार मेहनत कर रहा था। परिवार को उसकी मेहनत और काबिलियत पर नाज था। किसी को नहीं पता था कि जिस बेटे की सफलता का इंतजार था, बुधवार को उसी का शव घर पहुंचेगा।

**सार्वजनिक सूचना**

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, सीतापुर की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मुकेश पुत्र झगडू अपने प्लॉट जो खसरा नंबर 200 का हिस्सा है के मालिक हैं, रकबा 3450 वर्ग फुट स्थित ग्राम बिजवार खुर्द, परगना- खैराबाद & तहसील और जिला सीतापुर में है" और मुकेश अपनी उक्त सम्पत्ति को विपिन कुमार पुत्र कृष्ण उर्फ़ कृष्ण कुमार को विक्रय कर रहे हैं और वे आधार हाउसिंग फाइनेंस लि०, स्थित 15/1/352, भावना बिल्डिंग, आई हॉस्पिटल रोड, संजय नगर, सीतापुर, 261001 में उक्त सम्पत्ति को बन्धक कर ऋण ले रहे है। यदि उक्त खसरे के सह-खातेदार या अन्य किसी व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति के विक्रय अथवा बन्धक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करें, उपरोक्त समयवधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा। आपत्ति हेतु संपर्क करें द्वारा अधिवक्ता दिव्य कुमार श्रीवास्तव, आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि०, मो0-7355544102, 9559667676

# ओजोन संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

## सीजीएन पीजी कॉलेज में मनाया ओजोन दिवस



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। दक्षिण खीरी वन विभाग के तत्वावधान में कृषक समाज इंटर कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों के बीच निबंधए पोस्टर और क्विज प्रतियोगिताएं हुईं। इसके बाद ओजोन परत संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।

प्रार्थना सभा में शिक्षक देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को ओजोन परत के क्षरण से होने वाले नुकसान और संरक्षण के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम श्एक ठंडे ग्रह के लिए वैश्विक कार्रवाईश है। उन्होंने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की उपलब्धियों और पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत बचाने का संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में सक्षम वर्मा प्रथमए प्रियांशी गौतम द्वितीय और ईशा कटियार तृतीय रहीं। निबंध में हृदयांशी सक्सेना प्रथमए नवनीत शर्मा द्वितीय और अरीबा तृतीय रहीं। क्विज में रिया पटेल प्रथमए शशांक द्वितीय और वैष्णवी तृतीय रहीं। निर्णायक मनीष राज सिंहए अम्बरीश वर्माए अमर दीक्षितए सरोज कुमार वर्मा और आरती गुप्ता रहे। सभी प्रतिभागियों को वन विभाग की ओर से टी.शर्ट और प्रमाण पत्र दिए गए। विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने स्मृति चिह्न प्रदान किए। आयोजक डॉण भानु प्रताप व डॉण सरोज कुमार को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि ओजोन दिवस पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देता है। अध्यक्षता लखपत भारती ने की। संयोजक डॉण अनिल कुमार ने सभी का आभार जताया।



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। सीजीएन पीजी कॉलेज में बुधवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के युवा कार्यक्रम विभाग के अनुक्रम में ओजोन दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोण पंकज सिंह की अध्यक्षता में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका साक्षी दीक्षित ने सरस्वती वंदना और वंदे मातरम् प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में छात्राओं इल्माए नेहाए वैष्णवी कटियार और छात्र बृजेश कुमार ने ओजोन परत के महत्व तथा उसके संरक्षण के उपायों पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा उमम ने किया। भूगोल विभाग प्रभारी डॉण राघवेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। प्रतिभागी छात्र.छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉण अमित कुमार यादव ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान डॉण नवनीत कुमारए डॉण विष्णु कुमार शुक्ला और डॉण शेषमणि विश्वकर्मा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में शिक्षकए शिक्षणेत्तर कर्मचारीए राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवक.स्वयंसेविकाएं और छात्र.छात्राएं मौजूद रहे।

## पिकअप में लदी यूरिया पुलिस ने पकड़ी

सीतापुर। हरगांव थाना इलाके में खाद की संदिग्ध ढुलाई को लेकर मंगलवार देर रात पुलिस ने महोली तिराहे पर कार्रवाई करते हुए कमला देवी खाद भंडार से 75 बोरी यूरिया लदी पिकअप पकड़ ली। मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई के बाद पुलिस वाहन को थाने ले आई। बड़ी मात्रा में यूरिया देर रात पिकअप से ले जाए जाने की सूचना से खाद कारोबारियों में हड़कंप मच गया। बुधवार को कृषि विभाग की टीम ने मामले की जांच की और बरामद यूरिया को राजकीय बीज भंडार में रखवाकर सील कर दिया। संबंधित खाद भंडार को भी सील कर दिया गया है। अब जांच का केंद्र यह है कि इतनी बड़ी मात्रा में यूरिया रात में कहां और किस उद्देश्य से ले जाई जा रही थी। जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जांच पूरी होने के बाद खाद भंडार संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में खाद की संदिग्ध ढुलाई और वितरण को लेकर चचाएं तेज हैं।




## किसान हित सर्वोपरि, समस्याओं के समाधान में न हो विलंब : डीएम



लखीमपुर-खीरी। किसान हित में संचालित योजनाओं का लाभ पात्र कृषकों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए बुधवार को विकास भवन स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में किसान दिवस आयोजित किया गया।

डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कृषि, पशुपालन, बैंकिंग सहित संबंधित विभागों की योजनाओं की जानकारी देने के साथ कृषकों की समस्याएं सीधे सुनी गईं। डीएम ने उपस्थित कृषकों से उनकी समस्याओं के साथ-साथ बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानहित में संचालित योजनाओं का पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों की समस्याओं का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाए। विकासखंड धौरहरा से किसी कृषक के बैठक में उपस्थित न होने को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के विकासखंड एवं तहसील कार्यालयों में भी किसान दिवस आयोजित किए जाने की व्यवस्था की जाए, जिससे किसानों को स्थानीय स्तर पर अपनी समस्याएं रखने और उनका समाधान प्राप्त करने का अवसर मिल सके। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिन कृषकों तथा उनके परिवार के कृषि योग्य भूमि धारक सदस्यों की अभी तक फार्मर आइडी नहीं बनी है, वे एक सप्ताह के भीतर फार्मर आइडी बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषकों से प्रक्रिया पूर्ण कराने की अपील की, ताकि उन्हें शासन की कृषि संबंधी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सुगमता रहे। बैठक की शुरूआत उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र द्वारा डीएम, नवागत सीडीओ योगानंद पांडेय, अधिकारियों, प्रगतिशील कृषकों, पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर कटान के लिए प्रतिबंधित वृक्षों से संबंधित पंपलेट कृषकों को वितरित कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## सीडीओ को भावभीनी विदाई, डीएम ने सराहा कार्य के प्रति समर्पण



लखीमपुर खीरी। जिले में सफल कार्यकाल के उपरान्त स्थानान्तरित होने पर सीडीओ अभिषेक कुमार को मंगलवार शाम जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विकास भवन सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा।

कार्यक्रम की शुरूआत में डीएम अंजनी कुमार सिंह, पीडी डीआरडीए सतीश कुमार पाण्डेय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीसी एनआरएलएम जितेंद्र कुमार मिश्र, डीसी जीरामजी समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निवर्तमान सीडीओ को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने उनके दो वर्ष से अधिक के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सीमित सेवा अनुभव के बावजूद निवर्तमान सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रशासनिक परिपक्वता, सौम्यता, धैर्य और कार्य के प्रति समर्पण का अनुकरणीय परिचय दिया। कहा कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी और प्रभावी निवर्तमान सीडीओ अभिषेक कुमार के विदाई समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। दो वर्ष दो माह के कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने डीएम समेत जिले की पूरी टीम के सहयोग के प्रति आभार जताया। कहा कि टीम भावना और बेहतर समन्वय से जनपद ने विकास रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए लगातार टॉप-10, टॉप-5 और टॉप-3 में स्थान बनाया।

उन्होंने अपने कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में 1,000 तालाबों का निर्माण, 1,000 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में खेल मैदान, एनआरएलएम में लगातार सात माह प्रदेश में प्रथम स्थान तथा प्राथमिक विद्यालयों में गत वर्ष की तुलना में करीब 8,000 अधिक बच्चों के नामांकन का उल्लेख किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को संदेश दिया कि निर्णय में देरी गलत निर्णय से भी अधिक नुकसानदायक होती है। स्वयं को लाभार्थी की जगह रखकर समयबद्ध निर्णय लेने से जनता को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकता है। पीडी सतीश कुमार पाण्डेय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि निवर्तमान सीडीओ से उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक दक्षताओं व विधाओं को सीखा है। उनके पास प्रशासनिक व सामाजिक अनुभवों का अपार भंडार है। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल और व्यवहार की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## 15 साल से बंद थी शहीद ऊधम सिंह की मूर्ति, कोर्ट के आदेश से फिर मिली आजादी




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली मे करीब 15 वर्षों से बंद पड़ी शहीद-ए-आजम ऊधम सिंह की मूर्ति बुधवार को कोर्ट के आदेश से मुक्त हुई तो सिख संगत की आंखों में खुशी छलक उठी।

भारतीय सिख संगठन के जिला अध्यक्ष गुरपाल सिंह के प्रयास से मूर्ति को बाहर निकाला गया। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में सिख संगत मिश्रिख थाने पहुंची और मूर्ति को सम्मान के साथ पैदल मार्च करते हुए नैमिषारण्य स्थित गुरुद्वारा हरसोला ले जाया गया। थाने में मूर्ति को स्नान कराकर दूध से अभिषेक किया गया। इस दौरान संगत ने शहीद ऊधम सिंह के बलिदान को याद करते हुए कहा कि शहीदों की प्रतिमाएं सार्वजनिक स्थानों पर सम्मानपूर्वक स्थापित होनी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके संघर्ष और विचारों से परिचित हो सके। संगत ने मूर्ति की मुक्ति के प्रयास के लिए गुरपाल सिंह का आभार जताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह विर्क ने कहा कि संगठन शहीदों के सम्मान के साथ उन लोगों की भी मदद करेगा, जो पुराने मुकदमों में परेशान हैं।

## सिसैया खुर्द में मारपीट के बाद सियासी हलचल तेज



लखीमपुर खीरी। कोतवाली क्षेत्र का सिसैया खुर्द गांव विकास कार्यों को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद अब सियासी गतिविधियों का केंद्र बन गया है। 12 सितंबर को ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्य न होने का आरोप लगाते हुए विधायक और ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इसके दो दिन बाद 14 सितंबर की रात ग्रामीणों के घरों में घुसकर मारपीट किए जाने का आरोप लगा। घटना में महिला और बच्चों समेत कई ग्रामीण घायल हुए थे। मामले में पुलिस ने प्रधान पति समेत तीन नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैलाश कुमार पुत्र श्याम सुंदर राजपूत निवासी सिसैया खुर्द की तहरीर पर पुलिस ने मु0अ0सं0 433/2026 के तहत फुरकान पुत्र कल्लू खां, प्रधान पति भग्गू खां, मन्ना खां समेत चार अज्ञात के खिलाफ धारा 115(2), 352, 351(2) और 333 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मामले की विवेचना की जा रही है। घटना के बाद मंगलवार देर रात अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन कुमार गौतम ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और उनके बयान दर्ज किए। बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने भी पीड़ित ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग से मुलाकात की और गांव पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वरुण यशपाल चौधरी ने भी मंगलवार को गांव पहुंचकर ग्रामीणों का हाल जाना। वहीं, कांग्रेस ने भी मामले को लेकर बुधवार को प्रतिनिधिमंडल गांव भेजा। पार्टी नेताओं ने पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाया और 18 सितंबर को सीओ धौरहरा कार्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करने की बात कही है। घटना के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों और प्रधान पद के संभावित दावेदारों की गांव में बढ़ी सक्रियता को आगामी चुनावी गतिविधियों से जोड़कर भी देखा जा रहा है। विधायक बोले, महिला द्वारा ग्रामीणों को बरगलाने की सूचना मिली थी। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने बताया कि करीब एक सप्ताह से एक अज्ञात महिला द्वारा गांव के लोगों को बरगलाने की सूचना मिल रही थी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की वास्तविकता जांच से सामने आएगी।

## पुलिस पर लगे आरोपों की भी अलग जांच

कोतवाल दिनेश शर्मा ने बताया कि मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रचलित है। ग्रामीणों की ओर से पुलिस पर लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच विभाग की ओर से अलग और गोपनीय तरीके से कराई जा रही है।

## पूजन के साथ शरदकालीन गन्ने की बुआई का शुभारंभ

धौरहरा खीरी। क्षेत्र में शरदकालीन गन्ने की बुआई का कार्य शुरू हो गया है। इसी क्रम में प्रगतिशील किसान आनंद शुक्ला के खेत में गन्ने की बुआई का शुभारंभ विधि-विधान से पूजन के साथ किया गया। मिल अधिकारियों की मौजूदगी में फीता काटकर बुआई की शुरूआत कराई गई। इस अवसर पर किसान आनंद शुक्ला ने अपने खेत में कोसा 018231 गन्ना प्रजाति की बुआई शुरू की। बुआई से पहले कूंड़ में गन्ने का पूजन किया गया और प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद निर्धारित विधि से गन्ने की बुआई का कार्य आरंभ हुआ।कार्यक्रम में मिल के डिप्टी एचओडी अजीत वर्मा, गन्ना विकास अधिकारी राघव, सहायक विकास अधिकारी श्रवण यादव सहित प्रगतिशील किसान अनंत शुक्ला, संजीव शुक्ला, आनंद शुक्ला, नंदकिशोर जायसवाल, मूर्ति राजपूत, सुप्रोजर, कन्हैया आदि मौजूद रहे। मिल अधिकारियों ने किसानों से शरदकालीन गन्ने की बुआई के दौरान उन्नत बीज, उचित दूरी और कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार खेती करने की अपील की।

## स्वाध्याय और लगन से शिवांगी ने हासिल की सरकारी नौकरी



गोला गोकर्णनाथए खीरी। वीओएल। मेहनतए लगन और निरंतर स्वाध्याय के दम पर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा शिवांगी तिवारी ने सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ;यूपीएसएसएससी की परीक्षा में उनका चयन कनिष्ठ सहायक पद पर हुआ है। उनकी सफलता से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है।शिवांगी कक्षा दो से इंटरमीडिएट तक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा रहीं। उन्होंने हाईस्कूल में 88 और इंटरमीडिएट में 74 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद कुमाऊं विश्वविद्यालय से स्नातक और कानपुर विश्वविद्यालय से परास्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने स्वाध्याय और नियमित मेहनत को अपनी सफलता का आधार बनाया। शिवांगी के पिता श्यामू तिवारी व्यवसायी और माता नीलम तिवारी गृहिणी हैं। बेटी के सरकारी सेवा में चयन से परिवार में खुशी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी और बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने शिवांगी को चांदी का मेडल देकर सम्मानित किया। उनके पिता श्यामू तिवारी को अंगवस्त्र भेंट किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने शिवांगी की सफलता को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया।

## चोरो ने एक ही रात में की तीन वारदातें ,लाखों के जेवर साफ

सीतापुर। जिले में चोरों के हौसले बढ़ते नजर आ रहे हैं। एक ओर संदना के कंपोजिट विद्यालय की खिड़कियों की ग्रिल तक उखाड़ ली गईं, वहीं हरगांव रेलवे स्टेशन से महज 20 मिनट में बाइक चोरी हो गई। सदरपुर के नीबा डेहरा में तो चोर घर में घुसकर सोने-चांदी के लाखों रुपये कीमत के जेवर और घरेलू सामान समेट ले गए। लगातार सामने आ रही इन वारदातों ने सुरक्षा व्यवस्था और रात की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन चोरों तक पहुंचना अब पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। संदना इलाके में कंपोजिट विद्यालय इस्माइलगंज बुधवार को खुला तो स्कूल प्रबंधन के होश उड़ गए। निरीक्षण में लगभग सभी कक्षाओं और कार्यालय की खिड़कियों से ग्रिल गायब मिलीं। इसके अलावा स्टेशनरी और कुछ रजिस्टर भी नहीं मिले। विद्यालय प्रबंधन ने ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष और 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने परिसर का निरीक्षण किया। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात कब हुई और चोर विद्यालय में घुसकर ग्रिल व सामान कैसे ले गए। हरगांव थाना इलाके में बक्सोहिया निवासी प्रदीप कुमार मंगलवार शाम करीब 7:50 बजे भाई को लेने रेलवे स्टेशन पहुंचे। बाइक स्टेशन परिसर में खड़ी कर वह अंदर गए। करीब 20 मिनट बाद लौटे तो बाइक गायब थी। आसपास तलाश के बावजूद सुराग नहीं मिला। लगातार बाइक चोरी से वाहन मालिकों की चिंता बढ़ी है। कस्बा चैकी प्रभारी ऋषभ यादव ने बताया कि रेलवे स्टेशन का क्षेत्र जीआरपी के अंतर्गत आता है। सदरपुर थना इलाके में ग्राम नीबा डेहरा में मंगलवार मध्य रात्रि अजय मिश्रा के घर को चोरों ने निशाना बनाया। आरोप है कि चोर सोने के झाला, बाला, माला, अंगूठी, बुंदा और हंथफूल समेत चांदी का कमरबंद, बिछुआ, बिछिया और पायल ले गए। फूल के बर्तन, नए कपड़े और अन्य सामान भी चोरी होने की बात सामने आई है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। ग्रामीणों ने रात की गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

तंबौर/सीतापुर। डॉ. राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज तंबौर में बुधवार को इंग्लिश मीडियम के फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परीक्षा में टॉप स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में श्री ज्ञानेंद्र वर्मा, भावी प्रत्याशी विधानसभा लहरपुर, श्री सैयद रेहान, नगर पंचायत तंबौर सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार, श्री फराज अहमद, जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी, श्री नफीस अहमद, चीफ एंड एडिटर न्यूज 9 लाइव टीवी तथा श्री जियाउल इस्लाम अयूब, पूर्व प्रधानाचार्य मुस्लिम इंटर कॉलेज ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की मेहनत और सफलता की सराहना करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी लगन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इंग्लिश मीडियम विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट अकलीम खान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करता है। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में शिवपूजन मिश्रा सर, प्रतीक भटनागर सर, आसिम मलिक सर सहित इंग्लिश मीडियम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन तौकीर खान सर ने किया। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। मेडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरे पर सफलता की खुशी साफ दिखाई दी। विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## चार बजे चला अभियान, ओवरलोडिंग में आठ वाहन सीज

सीतापुर। परिवहन विभाग ने बुधवार तड़के ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर आठ वाहनों को सीज कर दिया। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने करीब चार बजे महमूदाबाद में जांच शुरू की। इस दौरान मौरंग लदे तीन ओवरलोड डंपर और पांच ओवरलोड ट्रक पकड़े गए। सभी वाहनों को मंडी परिसर में सीज कर दिया गया। एआरटीओ ने बताया कि पकड़े गए वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 4.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांकः- 4339 /352सी / ई-टेण्डर सी0खी0/2026-27 दिनांक :- 10-09-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में सेतु श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| सेतु कार्य। | | | | | | | | |
| 1. | सीतापुर/ नि.खं.-1 | बिसवां | जनपद सीतापुर के पुरैना से शेखवापुर बिचपरी सम्पर्क के किमी.- 1 में 2x3x3 आर.सी.सी. बॉक्स लघु सेतु का निर्माण कार्य। | 38.40 | 3.84 | 2715.00 | 06 माह | ए.,बी. एवं सी. |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19-09-2026 से 29-09-2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 29-09-2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 29-09-2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(बी0एस0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, सीतापुर।

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर।

UPID-256350 Date: 16.09.26 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## पुस्तक प्रदर्शनी के साथ हिन्दी पखवाड़ा शुरू

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में 16 सितम्बर से 30 सितम्बर, तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत हिंदी के संवर्धन और प्रयोग प्रसार हेतु प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं, संगोष्ठी, कार्यशाला, पुस्तक चर्चा, साहित्य प्रदर्शनी, व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु हिंदी साहित्य की विभिन्न प्रसिद्ध पुस्तकों को पाठकों के लिए प्रदर्शनी लगाकर प्रस्तुत किया गया।जिसमें आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस प्रदर्शनी का लाभ उठाया। प्रदर्शनी में महादेवी वर्मा, आचार्च महावीर प्रसाद द्विवेदी, मुंशी प्रेम चंद, धर्मवीर भारती, मन्नु भण्डारी, मोहन राकेश, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला आदि लेखक एवं कवियों की पुस्तकें आकर्षण का केन्द्र रही।

## सामाजिक भेदभाव मिटाकर एकजुटता बढ़ाने पर जोर

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सेमरी स्थित राज माटेसरी स्कूल के ज्ञानकुंज सभागार में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक समरसता, राष्ट्रप्रेम, पर्यावरण संरक्षण और युवाओं की सामाजिक भूमिका पर चर्चा हुई।सामाजिक सद्भाव संयोजक कृपा शंकर ने कहा कि सामाजिक विकास के लिए आपसी सम्मान और भाईचारा जरूरी है। जातिगत भेदभाव और छुआछूत जैसी कुरीतियों को दूर कर सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर जोर दिया। गोष्ठी में 1857 के स्वतंत्रता संघर्ष का उल्लेख करते हुए युवाओं को इतिहास से परिचित कराने की आवश्यकता बताई गई। महाराणा प्रताप, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, छत्रपति शिवाजी, स्वामी विवेकानंद और वीर सावरकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए युवाओं को प्रकृति के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। आरएसएस की स्थापना वर्ष 1925 का उल्लेख करते हुए सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने की अपील की गई। कार्यक्रम में भानुप्रताप, महेंद्र, अमरजीत दुबे, केके सिंह, प्रमोद पांडेय, रोहित सिंह, अनिल जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

## सुरक्षित मातृत्व दिवस पर 70 गर्भवती महिलाओं की जांच

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत बुधवार को सीएचसी जयसिंहपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 70 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के बाद महिलाओं को आवश्यक परामर्श देने के साथ संबंधित दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, खानपान, दवाओं के सेवन और गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं को समय-समय पर जांच कराने और चिकित्सकों की सलाह के अनुसार दवाओं का सेवन करने के लिए जागरूक किया। सीएचसी अधीक्षक एसके पटेल ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच एवं परामर्श अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 70 महिलाओं की निशुल्क जांच की गई। जांच के आधार पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच मां और शिशु दोनों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए महत्वपूर्ण है।

# श्री शिव महापुराण कथा में राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा

## लाखों की भीड़ के बीच बढ़ा सियासी तापमान, उपराज्यपाल , दोनों उपमुख्यमंत्री रहे मौजूद





**रायबरेली।** ऊंचाहार में चल रही पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा जी की श्री शिव महापुराण कथा के छठवें दिन लाखों श्रद्धालुओं के जनसैलाब के बीच राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा भी चर्चा में रहा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, वन मंत्री अरुण सक्सेना, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, राज्यमंत्री सुरेश राही, मंत्री दयाशंकर मिश्रा ह्यदयालुह्ल सहित अनेक मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्टजन कथा स्थल पहुंचे।लाखों शिवभक्तों की भीड़ के सामने कथा का मैदान छोटा पड़ गया। आसपास की गलियां, चौराहे और रास्ते श्रद्धालुओं से भर गए। दूर-दूर तक हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभालने में प्रशासन को पूरे दिन कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। व्यासपीठ पर पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा जी के श्रीमुख से शिव महिमा का अमृत प्रवाह श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करता रहा। उनकी कथा में भगवान शिव की भक्ति के साथ सेवा, संस्कार और सनातन मूल्यों का संदेश गूंजा। लाखों श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे। उनकी ओजपूर्ण वाणी ने पूरे कथा परिसर को शिवमय कर दिया और श्रद्धालुओं में भक्ति का भाव और गहरा होता गया। उनके प्रत्येक संदेश पर श्रद्धालुओं का उत्साह और हर-हर महादेव का जयघोष वातावरण को गुंजायमान करता रहा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा जी की कथा का श्रवण किया और भगवान शिव की आराधना से जुड़े आध्यात्मिक संदेश की सराहना की। उन्होंने कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय के आयोजन संबंधी प्रयासों की भी प्रशंसा की। इसके बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संबोधन ने धार्मिक आयोजन के बीच राजनीतिक चर्चा को भी नई धार दे दी। उन्होंने अयोध्या और काशी का उल्लेख करते हुए ह्लअयोध्या-काशी हुई हमारी, अब कृष्ण जन्मभूमि की बारीह्ल की बात कही। अपने संबोधन में उन्होंने कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय के साथ अपने आत्मीय संबंधों का उल्लेख करते हुए उनके द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा की व्यापकता और व्यवस्थाओं की सराहना की। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कथा श्रवण कर पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा जी का आशीर्वाद लिया और आयोजन की व्यापकता तथा श्रद्धालुओं की सहभागिता की सराहना की। व्यासपीठ से पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा जी ने शिवभक्ति को जीवन में उतारने के साथ सेवा, संस्कार और सद्भाव का संदेश दिया। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और आयोजन की व्यवस्थाओं की भी उन्होंने सराहना की। कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने भावुक होते हुए कहा कि ऊंचाहार उनके लिए केवल एक क्षेत्र नहीं, बल्कि उनका अपना परिवार है। यहां की जनता ने उन्हें जो स्नेह और विश्वास दिया है, उसे वह जीवनभर नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उनका नहीं, बल्कि ऊंचाहार की जनता और लाखों शिवभक्तों की श्रद्धा का आयोजन है। श्रद्धालुओं की सेवा और सुविधा को अपनी सबसे बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक सुरेश कुमार, विधायक अरविंद कुमार सिंह, दरियाबाद विधायक राजमणि, प्रयागराज विधायक महेंद्र पाल सिंह, पिपराइच विधायक, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक रामफेरन पांडेय, विधायक शशांक त्रिवेदी, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक अशोक कोरी, एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी पवन सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर, भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री राजीव मिश्रा, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, चेयरमैन नेहा अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष सीतापुर शिवकुमार गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष हरदोई अजीत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सीतापुर राजेश शुक्ला सहित तमाम विशिष्ट जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। छठवें दिन पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा जी की शिवमय कथा, लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब और राजनीतिक दिग्गजों की मौजूदगी ने ऊंचाहार की श्री शिव महापुराण कथा को भक्ति, श्रद्धा और राजनीतिक चर्चा का प्रमुख केंद्र बना दिया।

## शॉर्ट शर्किट से ई रिक्शा एजेंसी में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ राख



**परशदेपुर, रायबरेली।** परशदेपुर चौकी क्षेत्र के मटियारा चौराहे पर मंगलवार देर रात शॉर्ट सर्किट से चंदन ऑटो सेल्स एंड ई रिक्शा एजेंसी में लगी भीषण आग में दस हजार की नगदी सहित 12 लाख का सामान जलकर राख हो गया।चौकी क्षेत्र के मटियारा चौराहे पर देर रात शॉर्ट सर्किट से एजेंसी में आग लग गयी ,देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कमरे के अंदर से हो रहे तेज धमाके से आस पास के लोगों मे काफी देर तक दहशत बनी रही। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना एजेंसी संचालक व पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों व दमकल कर्मियों ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया पर तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। चौकी क्षेत्र के पछुवा बारा मजरे दोस्तपुर बुढबारा निवासी सुशील सिंह की मटियारा चौराहे पर चंदन ऑटो सेल्स एंड ई रिक्शा की एजेंसी है। प्रतिदिन की तरह संचालक एजेंसी बंद कर घर चला गए। देर रात लगभग ग्यारह बजे आग लगने की सूचना मिली।आनन फानन में एजेंसी संचालक मौके पर पहुंचे तो कमरे के अंदर से रही तेज धमाके की आवाज से वह अंदर जाने की हिम्मत नही जुटा पाए। घटना की सूचना मिलते ही परशदेपुर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पानी व बालू की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन एजेंसी संचालक के मुताबिक इस भीषण आगजनी में दस हजार की नगदी समेत 12 लाख रुपये का पार्ट जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट शर्किट बताई जा रही है।

## सृजन-2026 के दूसरे दिन मॉडल प्रदर्शनी आयोजित



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि, अयोध्या के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित तीन दिवसीय 'सृजन-2026' के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी तकनीकी, रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रमों में मॉडल प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कल्पनाशीलता एवं रचनात्मक सोच के माध्यम से विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए तकनीकी एवं नवाचार आधारित मॉडलों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। वहीं गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला एवं प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. वंदिता पांडेय ने बताया कि सृजन-2026 के अंतर्गत आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर विजेता एवं उपविजेता सहित पुरस्कार के लिए चयनित प्रतिभागियों के नाम अंतिम रूप से निर्धारित कर लिए गए हैं। सभी चयनित प्रतिभागियों को 17 सितंबर को सृजन-2026 के अंतिम दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विवि के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं संस्थान के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। सृजन-2026 के दूसरे दिन कार्यक्रमों का संचालन शांभवी मुद्रा शुक्ला, डॉ. चंदन कुमार एवं डॉ. अनुराग सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। संस्थान के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। तीन दिवसीय सृजन-2026 के माध्यम से आईईटी द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ रचनात्मकता, नवाचार, सांस्कृतिक प्रतिभा एवं व्यक्तित्व विकास के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है। अंतिम दिन 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा।

# दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने किया रामलला का दर्शन



**अयोध्या।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू बुधवार को पहली बार अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद वह राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला के दरबार में मत्था टेका। उन्होंने विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमानजी के दर्शन किए। मंदिर परिसर पहुंचने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के निर्माण अभियंता जगदीश आफले ने उनका सत्कार किया। इसके बाद संधू ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और निर्माण कार्य तथा मंदिर की शिल्पकला का अवलोकन किया। उन्होंने मंदिर की भव्य स्थापत्य शैली, नक्काशी और निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी ली। दर्शन-पूजन के दौरान संधू ने मंदिर की धार्मिक और स्थापत्य विशेषताओं को करीब से देखा। मंदिर परिसर में मौजूद अधिकारियों एवं ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने उन्हें निर्माण कार्य की प्रगति और मंदिर की संरचना से संबंधित जानकारी भी दी। मीडिया से बातचीत में संधू ने कहा कि पहली बार उत्तर प्रदेश आने का अवसर मिला और भगवान की कृपा से उनकी यात्रा अयोध्या से शुरू हुई। रामलला के दर्शन को उन्होंने अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या आकर बहुत प्रभावित हुए हैं। अयोध्या के विकास की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह बहुत सुंदर नगरी बन रही है। उन्होंने अयोध्या में गुरु नानकदेव जी की तपोस्थली और गुरुद्वारे का भी उल्लेख किया। कहा कि यहां गुरु नानकदेव जी से जुड़े गुरुद्वारे को देखना उनके लिए दोहरी खुशी का अवसर है। राम मंदिर के आधुनिक वास्तु की भी उन्होंने प्रशंसा की।

## स्मिता सहाय को मिला साहित्य गौरव सम्मान

**अयोध्या।** अंतरराष्ट्रीय वैदिक रामायण एवं शोध संस्थान (तुलसी स्मारक भवन )अयोध्या में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान के द्वारा आयोजित संगोष्ठी,सम्मान समारोह में पत्रकार, समाजसेवी व महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश में कार्यरत श्रीमती स्मिता सहाय श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ दैनिक लोहिया भूमि अयोध्या को पत्रकारिता व समाज सेवा अवदान के लिए ष्साहित्य गौरव सम्मानष्2026 से सम्मानित किया गयास समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अजय कांत सैनी अपर आयुक्त प्रशासन अयोध्या ने कहा कि वैश्विक मजबूरियाँ आवश्यकताएँ ही हिंदी को विश्व की संपर्क भाषा बनाएंगीस विशिष्ट अतिथि के रूप मे संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सहायक नगर आयुक्त ज्वाला प्रसाद यादव ने कहा कि हिंदी से ही हमारे देश का समग्र विकास सम्भव है, हिंदी के बिना देश की कोई पहचान नहीं है। भाजपा युवा नेता परमानंद मिश्रा मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार हिंदी को विशेष महत्व दे रही है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए समाज सेवी व मित्र मंच के प्रमुख शरद पाठकष्बाबाष्ने कहा कि हिंदी के बिना विकास सम्भव नहीं है। उक्त समारोह का संचालन करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री डॉव सम्राट अशोक मौर्य ने आये हुए समस्त अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए अयोध्या में हिंदी की गतिविधियों को धार देने के लिए हिंदी भवन की विशेष आवश्यकता पर जोर दियास संस्थान के प्रदेशअध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह वत्स ने कहा कि हिंदी के राष्ट्रभाषा बने बिना भारत देश गूंगे के समान है। संस्थान के संरक्षक मंडल सदस्य व साहित्य सम्राट पत्रिका के सह संपादक राम केर सिंह ने कहा कि हिन्दी को पूर्ण आत्मसात किए बिना देश की वास्तविक प्रगति असंभव है। वरिष्ठ पत्रकार सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि समारोह मे हम सभी को एक परिवार मानकर अपनी अपनी जिम्मेदारियां का सफल निर्वहन करना होगा। उक्त अवसर पर समारोह में लगभग सैकड़ो साहित्य प्रेमियों को समाज के विविध क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया।

## मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्यों की झड़ी, जिलेभर में एक माह तक होंगे विभिन्न 13 कार्यक्रम



**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को भाजपा जिलेभर में सेवा एवं जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ता सेवा गतिविधियों के जरिए प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाएंगे। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने की, जबकि संचालन कार्यक्रम संयोजक आनंद द्विवेदी ने किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सुबह 10 बजे मेडिकल कॉलेज सहित सभी सीएचसी एवं पीएचसी में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज के अलावा बल्दीराय, कादीपुर, जयसिंहपुर एवं लंभुआ में रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे। प्रधानमंत्री के दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर दोपहर 12 बजे सुंदरकांड पाठ होगा। धम्मौर हनुमानगढ़ी में सुबह 10 बजे तथा अन्य मंडलों में भी सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाएगा। रघुवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जिले के प्रत्येक बूथ एवं घर में गुरुवार शाम को आशीर्वाद का दीप जलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ह्यसेवा संकल्प अभियान-2026ह्ल के तहत एक माह में 13 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के माध्यम से सेवा, जनभागीदारी एवं सामाजिक सरोकारों को व्यापक रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

# मोदी के जन्मदिन पर अयोध्या में सेवा गतिविधियों की श्रृंखला



**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अयोध्या महानगर में विभिन्न सेवा, स्वच्छता, रक्तदान, फल वितरण और दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित करेगी। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। सुबह सात बजे विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान और पौधरोपण किया जाएगा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता पाटेश्वरी मंदिर, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी लता चैक, पूर्व सांसद लल्लू सिंह देवकाली मंदिर, जिला पंचायत प्रशासक रोली सिंह दशरथ समाधि तथा पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय सूर्यकुंड पर स्वच्छता अभियान में सहभागिता करेंगे और पौधरोपण करेंगे।

प्रातः नौ बजे जिला अस्पताल में भाजयुमो की जिला एवं महानगर इकाई की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित होगा। इसके साथ ही विभिन्न चिकित्सालयों में मरीजों को फल बांटे जाएंगे। जिला चिकित्सालय में विधायक अयोध्या, महिला अस्पताल में जिला पंचायत प्रशासक, मेडिकल कॉलेज में महापौर तथा अनाथालय अयोध्या में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की ओर से फल वितरण किया जाएगा। पूरा बाजार सीएचसी में ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की अगुवाई में फल वितरण होगा। शाम को सूर्यकुंड में प्रधानमंत्री के दीघार्यु की कामना के साथ हवन-पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी होंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की मौजूदगी में सूर्यकुंड पर 2500 दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके अलावा लता चैक, राम मंदिर तथा एयरपोर्ट सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों पर भी दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। बूथों के सार्वजनिक स्थलों और लाभार्थियों के घरों पर भी ह्यआशीर्वाद का दीयाह्ल जलाने का आह्वान किया गया है। यह पहल अयोध्या महानगर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का हिस्सा है। तैयारी बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पीएम के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों को सेवा, स्वच्छता व जनसहभागिता से जोड़कर व्यापक रूप दिया जा रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से सभी कार्यक्रमों को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जन्मदिवस के अवसर पर सेवा गतिविधियों के साथ धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है और विभिन्न सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान को जनसहभागिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जेई ने निर्माणाधीन सभागार का लिया जायजा, गुणवत्ता पर दिया जोर



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक परिसर में निमार्णाधीन पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार के निर्माण कार्य का बुधवार को जेई आरएस रत्नाकर सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सभागार के निर्माण कार्यों का बारीकी से जायजा लिया और कार्य की प्रगति व गुणवत्ता की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जेई ने निर्माण में हो रहे विभिन्न कार्यों को देखा तथा संबंधित लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण जायसवाल, प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव, पूर्व प्रधान देवी वर्मा, बृजेश मिश्रा, रवि समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभागार का निर्माण पूरा होने के बाद ब्लॉक क्षेत्र में बैठकों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और अन्य आयोजनों के लिए एक बेहतर सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद है।

## साइकिल को टक्कर मार भाग रही कार डंपर में घुसी, युवक की मौत, महिला गंभीर

**रायबरेली।** थाना क्षेत्र में बेलगाम रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गंभीरपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार क्विड कार अनियंत्रित होकर पहले एक साइकिल सवार से टकराई और फिर भागने के प्रयास में आगे चल रहे डंपर में जा घुसी। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ में मौजूद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ?लालगंज-बछरावां मार्ग पर गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आए दिन हो रहे सड़क हादसों में एक और युवक की जान चली गई। ?मिली जानकारी के अनुसार, सरेनी थाना क्षेत्र के बोडी खेड़ा (धामपुर) निवासी भरत लाल तिवारी (29) तथा सागर (सरेनी) निवासी पदमा सिंह (50) पत्नी कुंवर बहादुर सिंह कार से लालगंज से बछरावां की ओर जा रहे थे। जैसे ही कार गंभीरपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंची, अनियंत्रित होकर उसने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, जिससे कार पूरी तरह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार गंभीर रूप से घायल होकर भीतर ही फंस गए। ?अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. बृजेश कुमार ने परीक्षण के बाद भरत लाल तिवारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पदमा सिंह के सिर पर गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और डंपर व क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नगर पंचायत सलोन अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन को रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**सलोन,रायबरेली।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जनपद रायबरेली में नगर पंचायत सलोन के अध्यक्ष पद के रिक्त पद पर उप निर्वाचन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) सरनीत कौर ब्रोका द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए सुजीत राय, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा को रिटर्निंग ऑफिसर तथा अखिलेश पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी, रायबरेली एवं अभय प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, तहसील सलोन को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि नियुक्त अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारिणी एवं आयोग द्वारा विहित प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

## आरक्षण व एससी-एसटी एक्ट के मुद्दों पर प्रदर्शन




**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कटका क्लब सामाजिक संस्था और राष्ट्रीय सवर्ण समाज परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आरक्षण, एससी-एसटी एक्ट और यूजीसी से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया। कटका क्लब अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्ल ने राष्ट्रपति के नाम खून से लिखा पत्र जयसिंहपुर एसडीएम संदीप कुमार यादव को सौंपा। डॉ. मिश्र ने कहा कि पत्र के माध्यम से संबंधित मुद्दों पर विरोध दर्ज कराया गया है। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था और एससी-एसटी एक्ट के प्रावधानों पर पुनर्विचार की मांग की। पूर्व सेना अधिकारी शिव कुमार तिवारी ने सामाजिक समरसता के लिए सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार की बात कही। राष्ट्रीय सवर्ण समाज परिषद के मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा और अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष अंकुर पांडेय ने भी मांगों के समर्थन में विचार रखे। प्रदर्शन में बृजेंद्र मिश्र, विपिन तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से सजनपुर-राजपुर में बिजली गुल

**चांदा,सुलतानपुर।** विद्युत उपकेंद्र चांदा क्षेत्र में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से कोइरीपुर पावर हाउस के कसईपुर फीडर से जुड़े सजनपुर और राजपुर गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली गुल होने से दोनों गांवों के करीब 60 से 65 घर प्रभावित हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने के बाद विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग के लाइनमैन को दी। सूचना मिलने पर लाइनमैन मौके पर पहुंचे और जांच की। मौके पर पहुंचने के बाद आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई, जिसके

संक्षेप

## विश्व ओजोन दिवस मनाया गया

**देवरिया ।** सदर विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय बगहा मठिया पर विश्व ओजोन दिवस मनाया गया ।यह दिवस प्रत्येक वर्ष १६ सितंबर को ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है ।

विद्यालय पर इको क्लब की नोडल शिक्षिका स्वाति सिंह ने बच्चों को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर ओजोन परत के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके महत्व को समझने की आवश्यकता सहित दैनिक जीवन में ओजोन परत के संरक्षण हेतु काम करने हेतु प्रेरित किया ।प्रभारी प्रधानाध्यापिका इन्द्रावती देवी ने बच्चों से ओजोन परत बचाने के लिए एसी, फ्रिज तथा वाहनो का कम प्रयोग करने तथा अपने आस पास ज्यादे से ज्यादे पौधे लगाने को कहा उन्होंने बच्चों से कहा कि वे प्लास्टिक तथा गाड़ियो के टायर को बिल्कुल न जलाए ताकि पृथ्वी को बचाया जा सके ।इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

# डीएम ने निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

### एक सप्ताह में अधूरे कार्य पूरे करने के निर्देश, लापरवाही पर वेतन रोकने की चेतावनी

जिला संवाददाता



**देवरिया ।**जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को नवीन मंडी स्थल देवरिया का औचक निरीक्षण कर विभिन्न निमार्णाधीन विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने मंडी परिसर में निमार्णाधीन 25

**● दुकानों, नीलामी चबूतरा, जलापूर्ति, नाली व आंतरिक मार्गो की देखी प्रगति**

ह्यसह्ल श्रेणी की दुकानों, एक छायादार नीलामी चबूतरा, चार वाटर स्टैंड पोस्ट/जलापूर्ति, आरसीसी नाली तथा आंतरिक मार्गों के मरम्मत एवं निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन दुकानों एवं अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधूरे कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। साथ ही नाली एवं आंतरिक मार्गों के कार्य समय से पूरा कराकर मंडी में जल निकासी और आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने मंडी परिसर में व्यापारियों एवं आमजन के लिए पेयजल व्यवस्था की भी जानकारी ली और वाटर स्टैंड पोस्ट/जलापूर्ति के कार्य को शीघ्र पूरा कराने को कहा। छायादार नीलामी चबूतरे का निर्माण भी निर्धारित मानकों के अनुरूप कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिन दुकानों में सामान रखा हुआ है, उन्हें खाली कराकर संबंधित प्रक्रिया पूरी करते हुए हैंडओवर कराने को कहा। उन्होंने पुराने दुकानों के आवंटन से संबंधित पत्रावलियां भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि लंबित कार्रवाई शीघ्र पूरी की जा सके।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा नहीं होने अथवा निदेर्शों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लापरवाही की स्थिति में वेतन रोकने की कार्रवाई किए जाने की भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी निर्माण एवं व्यवस्थागत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान डीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएसटीओ आनंद चौरसिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैठक में कलाकारों के प्रोत्साहन पर जोर

**देवरिया ।**कला एवं कलाकारों की संस्था कलाकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष कुमार जितेंद्र ने कहा कि सांस्कृतिक विभाग, लोक एवं क्षेत्रीय कल्याण विभाग, जिले के जिलाधिकारी, क्षेत्र के सांसद, विधायक, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकताओं को समाज में उल्लास और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय कलाकारों एवं गायकों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ।उन्होंने कहा कि यह भी जरूरी है कि आर्थिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर, लेकिन प्रतिभावान वादक एवं कलाकारों को संबंधित वाद्य यंत्र उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

इससे कलाकारों का उत्थान होगा और वे अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे ।कुमार जितेंद्र ने कहा कि प्रदेश एवं एवं गैर-सरकारी कलाकारों को अधिक से अधिक अवसर दिया जाना चाहिए।

## खाने की थाली में छिपा प्लॉस्टिक

शौर्य गुप्ता



जब हम प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर नदियों में तैरती प्लास्टिक की बोतलें, कचरे के ढेर में जमा प्लास्टिक की थैलियां या प्लास्टिक में फंसे समुद्री जीवों की तस्वीरें हमारे सामने आती हैं ।लेकिन प्लास्टिक की समस्या का एक ऐसा पहलू भी है, जो लगभग दिखाई नहीं देता ।माइक्रोप्लास्टिक यानी पांच मिलीमीटर से छोटे प्लास्टिक कण अब पानी, खाद्य पदार्थों, घरेलू धूल और विभिन्न जैविक नमूनों में पाए गए हैं । पर्यावरण और मानव शरीर से जुड़े नमूनों में इनकी बढ़ती मौजूदगी ने वैज्ञानिकों को यह अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया है कि मनुष्य इनके संपर्क में किस तरह आता है और लंबे समय में इसका क्या प्रभाव हो सकता है ।समस्या इसलिए भी जटिल है क्योंकि प्लास्टिक केवल बोतलों और पैकेजिंग जैसी दिखाई देने वाली वस्तुओं तक सीमित नहीं है । खाद्य पैकेजिंग, कोटिंग, कपड़ों और रोजमर्रा की अनेक वस्तुओं में विभिन्न प्रकार के पॉलिमर का व्यापक इस्तेमाल होता है ।एल्युमिनियम के पेय पदार्थों वाले डिब्बे इसका एक उदाहरण हैं । इनमें मौजूद पेय पदार्थ सामान्यतः सीधे एल्युमिनियम के संपर्क में नहीं आता । डिब्बे के अंदर बेहद पतली पॉलिमर आधारित परत लगाई जाती है, जो धातु को क्षरण से बचाने और पेय पदार्थ को धातु के साथ अवांछित प्रतिक्रिया से रोकने में मदद करती है ।ये कोटिंग खाद्य पदार्थों के संपर्क के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनके माध्यम से कणों और रासायनिक घटकों के स्थानांतरण को लेकर शोध जारी है । अम्लीयता, तापमान, भंडारण की स्थिति और डिब्बे को होने वाली भौतिक क्षति जैसे कारक खाद्य-संपर्क वाली सामग्रियों के व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं । यही कारण है कि पैकेजिंग विज्ञान माइक्रोप्लास्टिक से जुड़ी व्यापक बहस का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है ।टी-बैग इसका एक और उदाहरण हैं । आधुनिक पिरामिड आकार वाले या रेशमी दिखने वाले कुछ टी-बैग आंशिक या पूरी तरह से ढएळ या पॉलीप्रोपाइलीन जैसे सिंथेटिक पॉलिमर से बनाए जाते हैं । शोध में पाया गया है कि कुछ प्लास्टिक युक्त टी-बैग गर्म पानी में डालने पर बड़ी संख्या में सूक्ष्म कण छोड़ सकते हैं । हालांकि इन कणों की वास्तविक मात्रा और मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का वैज्ञानिक महत्व अभी भी अध्ययन का विषय है ।जो लोग अनावश्यक संपर्क को कम करना चाहते हैं, उनके लिए स्टेनलेस स्टील की छलनी से खुली चाय बनाना एक सरल विकल्प हो सकता है ।समुद्री नमक भी इसलिए चर्चा में आया है क्योंकि कई व्यावसायिक नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक पाए गए हैं । समुद्री जल में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण मौजूद हो सकते हैं और नमक बनाने की प्रक्रिया के दौरान इनमें से कुछ कण अंतिम उत्पाद में रह सकते हैं ।हालांकि, प्रदूषण का स्तर समुद्र के भौगोलिक स्रोत, उत्पादन पद्धति, प्रसंस्करण और जांच की वैज्ञानिक तकनीक के अनुसार काफी अलग-अलग हो सकता है ।

# किसान दिवस में किसानों ने उठायीं समस्याएं डीएम ने दिए निस्तारण के निर्देश

**देवरिया ।** जलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन के गांधी सभागार में हुआ। बैठक में किसानों ने विद्युत, सिंचाई, अंश निर्धारण, गन्ना भुगतान, दुग्ध भुगतान सहित विभिन्न समस्याएं उठाईं ।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस की बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हों और किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नम्रता के साथ उनका समाधान करें । उन्होंने सभी विभागों को अगली बैठक से पूर्व लंबित मामलों की अनुपालन आख्या अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने गत किसान दिवस में प्राप्त 10 शिकायतों की अनुपालन आख्या से किसानों को अवगत कराया । पाण्डेय चक चौराहे पर जलजमाव के कारण करीब 400 एकड़ धान की फसल खराब होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई (नहर) को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। ग्राम बलियवां में विद्युत पोल न होने की शिकायत पर विद्युत विभाग को अवर अभियंता से जांच कराकर नियमानुसार पोल लगवाने के निर्देश दिए गए।




खजुरी करौता में विद्युत तार नीचे होने की शिकायत पर तार को दुरुस्त कराने के लिए भी निर्देशित किया गया किसानों ने अंश निर्धारण के नाम पर धन उगाही किए जाने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने किसानों से स्पष्ट कहा कि अंश निर्धारण के लिए किसी को पैसा न दें और अपना आवेदन संबंधित तहसील में जमा करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में अंश निर्धारण नहीं करने वाले लेखपालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विद्युत आपूर्ति को लेकर किसानों की ओर से उठाई गई समस्याओं पर जिलाधिकारी ने बताया कि रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। विद्युत आपूर्ति की जांच भी कराई जा रही है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहरों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए, ताकि टेल तक पानी पहुंचने की स्थिति स्पष्ट रहे।

# विद्यालयों के निरीक्षण में मिली कम उपस्थिति, डीएम ने दिए सुधार के निर्देश

**देवरिया ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार सुबह आठ बजे बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता तथा उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों की स्थिति देखी।

जिलाधिकारी ने विकास खण्ड बैतालपुर अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय बटुलही एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बटुलही का निरीक्षण किया। दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम पाई गई तथा शिक्षकों की उपस्थिति भी अपेक्षाकृत कम रही। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित एवं समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए इसके बाद जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय




तेंदुई का निरीक्षण किया। विद्यार्थियों की उपस्थिति कम पाई गई। हालांकि, निरीक्षण के दौरान बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ ही पठन-पाठन को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) का भी निरीक्षण किया। यहां 100 के सापेक्ष 91 छात्राएं उपस्थित मिलीं तथा सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता भी अच्छी मिली। जिलाधिकारी ने छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाओं एवं पठन-पाठन की व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में शिक्षक निर्धारित समय पर नियमित रूप से उपस्थित रहें और बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग करने तथा शिक्षकों की उपस्थिति एवं पठन-पाठन की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## स्टेडियम की बदहाली पर सीडीओ को भाजपा नेता व खिलाड़ियों ने दिया ज्ञापन



**जौराबाजार, कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र के कटया मैनुद्दीन में बना खेल स्टेडियम की बदहाली को लेकर भाजपा नेता ज्ञानेश्वर ऊर्फ दीपक द्विवेदी के अगुआई में खिलाड़ियों ने बुधवार को जिला विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को पत्रक देकर स्टेडियम के रख रखाव और साफ सफाई के साथ प्रकाश की वयवस्था करने की मांग की है ।उन्होंने बताया कि करोड़ों रुपए की लागत से बना स्टेडियम में जगह-जगह घास व जंगली झाड़िया उगी हुई है। इससे खिलाड़ियों के बीच साप, बिच्छू सहित अन्य जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है । मैदान की नियमित साफ सफाई नहीं होने से खिलाड़ियों को असुरक्षित माहौल में अभ्यास करना पड़ रहा है । सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के दावे कर रही है, लेकिन कटया मैनुद्दीन स्टेडियम की हकीकत दावे से परे है ।स्टेडियम में खिलाड़ियो के लिए पीने के पानी, की स्थायी व्यवस्था भी नहीं है । गर्मी में युवा घर से पानी की बोतल लेकर पहुंचते हैं । वहीं शाम के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण अभ्यास करना मुश्किल हो जाता है । इसके बावजूद गांव के कई युवा सुबह-शाम यहां अभ्यास के लिए पहुंच रहे हैं । खिलाड़ियों ने प्रशासन की ओर से मैदान की सफाई और जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था करने की माँग की है ताकि यहां बेहतर प्रशिक्षण का माहौल बनाया जा सके ।खिलाड़ियों ने कहा कि केवल स्टेडियम तैयार कर देने से खेल सुविधाएं पूरी नहीं होती बल्कि मैदान की नियमित सफाई, घास की कटाई, प्रकाश, पेयजल और शौचालय अन्य सुविधाओं का लगातार रखरखाव जरूरी होता है । ग्रामीणों ने प्रशासन, खेल विभाग और पंचायत से स्टेडियम की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए हाईमास्ट या पर्याप्त लाइटें लगाई जाने की मांग की है । इस दौरान भाजपा नेता ज्ञानेश्वर ऊर्फ दीपक द्विवेदी, अरविंद कुशवाहा, विजय कुमार सिंह राजू यादव, विशाल प्रसाद, निहाल द्विवेदी, चंदन यादव, अतुल प्रजापति, सूरज चौहान, संदीप यादव आदि लोग मौजूद रहे ।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

देवरिया, 16 सितंबर । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजीवन मौर्य द्वारा विकासखंड रामपुर कारखाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय शाहपुर, प्राथमिक विद्यालय पोखारभिंडा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता, ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया।

प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में शौचालय मरम्मत की आवश्यकता से अवगत कराया गया। विद्यालय के पुनर्निर्माण हेतु शैक्षिक सत्र 2026-27 में कार्य प्रस्तावित है। इसके लिए 15.36 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसके सापेक्ष 50 प्रतिशत धनराशि 7.68 लाख रुपये विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में प्रेषित की जा चुकी है तथा निर्माण कार्य की प्रक्रिया गतिमान है ।प्राथमिक विद्यालय शाहपुर में बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन की सराहना




किया ।निरीक्षण के दौरान सभी बच्चे विद्यालयी ड्रेस में उपस्थित मिले। बच्चों का अधिगम स्तर उच्च पाया गया ।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी कक्षा-कक्षों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत टाइलीकरण का कार्य पूर्ण पाया गया। विद्यालय की रंगाई-पुताई अच्छी स्थिति में मिली। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय उपलब्ध हैं, जिनकी नियमित सफाई की जाती है । विद्यालय में जलभराव नहीं पाया गया तथा बच्चों के हाथ धोने की व्यवस्था उपलब्ध थी।

विद्यालय में सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। समय-सारणी एवं शिक्षक संदर्शिका के अनुसार कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था ।शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं बच्चों की संतोषजनक उपस्थिति पाई गई।

अध्यापकों द्वारा नियमित पठन-पाठन कराया जा रहा था ।विद्यालय में स्मार्ट रूम की सुविधा उपलब्ध है, जिसके माध्यम से बच्चों को तकनीक आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है। निरीक्षण में बच्चों का अधिगम स्तर उच्च पाया गया ।विद्यालय तक पहुंचने के मार्ग एवं चारदीवारी की आवश्यकता पर चर्चाप्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में 450 मीटर चारदीवारी की आवश्यकता बताई गई। साथ ही विद्यालय तक पहुंचने के लिए मार्ग की आवश्यकता से अवगत कराया गया। मौके पर विद्यालय तक पहुंचने के लिए मार्ग की सुविधा उपलब्ध नहीं पाई गई। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी, रामपुर कारखाना से वार्ता की गई ।मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को वितरित किया गया दूधमध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजीवन मौर्य द्वारा सभी बच्चों को दूध वितरित किया गया ।निरीक्षण के समय रामपुर कारखाना के खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ओझा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के महेंद्र मिश्र उपस्थित रहे।

# विवादित रास्ते का एसडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

*देवरिया, 16 सितंबर ।* ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर अनिमेष वर्मा ने राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल के साथ वाद संख्या 65/69/2013-2014 के संबंध में ग्राम विशुनपुरा, थाना रामपुर कारखाना, तहसील देवरिया स्थित विवादित स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों पक्षों के साथ स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे। मामला अधिनियम की धारा 133, दंड प्रक्रिया संहिता से संबंधित है। प्रथम पक्ष के वादी मदनलाल मदेशिया का कहना है कि संबंधित मार्ग आम जनता एवं ग्रामवासियों के आवागमन के लिए सार्वजनिक मार्ग है, जिस पर द्वितीय पक्ष द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। वहीं, प्रतिवादी मनोज कुमार कानू पुत्र नागेश्वर कानू आदि ने भूमि को अपनी निजी संपत्ति एवं आबादी का हिस्सा बताते हुए किसी प्रकार के सार्वजनिक उपद्रव से इनकार किया स्थलीय निरीक्षण के दौरान मौजूद ग्रामीणों के बयानों और मौके की भौतिक स्थिति का जायजा लेने पर यह तथ्य सामने आया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद करीब 30 वर्षों से चला आ रहा है। द्वितीय पक्ष की ओर से अपना पक्ष एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए आवेदन भी दिया गया हैमौके की स्थिति को देखते हुए यह मामला तत्काल उत्पन्न हुए लोक उपद्रव की अपेक्षा लंबे समय से चले आ रहे रास्ते, कब्जे एवं स्वामित्व संबंधी विवाद से जुड़ा प्रतीत हुआ। एसडीएम ने दोनों पक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यायालय के अंतिम आदेश तक विवादित स्थल पर किसी प्रकार का नया निर्माण, यथास्थिति में बदलाव अथवा ऐसा कोई कार्य न किया जाए, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो। न्यायसंगत निस्तारण के लिए पत्रावली को मामले के गुण-दोष के आधार पर आदेश पारित करने हेतु सुरक्षित कर लिया ।

## बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर हुई चर्चा

देवरिया, । जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुलगी एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम जियावन मौर्य के नेतृत्व में जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने एवं विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति की नियमित समीक्षा के उद्देश्य से अध्यापक-अभिभावक बैठक (ढळट) आयोजित की जा रही हैं । इसी क्रम में विकासखंड देवरिया सदर अंतर्गत संविलयन विद्यालय जंगल ठकुरही में अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी, सदर श्री देव मुनि वर्मा ने की। बैठक के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री हरिनारायण सिंह रहे । इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्री सुधाकर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही ।बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी श्री देव मुनि वर्मा ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने में विद्यालय और अभिभावक दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 सितंबर

देवरिया । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में छात्रवृत्ति के लिए शासन द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कक्षा नौ से 12 तक के समस्त वर्गों के छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है । उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा फाइनल प्रिंट निकालने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है । फाइनल प्रिंट की हार्ड कॉपी आवश्यक संलग्नकों के साथ संबंधित विद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि पांच अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है । उन्होंने अपील की कि जिन छात्र-छात्राओं ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर तत्काल आवेदन कर दें जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि छात्रवृत्ति की धनराशि पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से छात्र-छात्राओं के आधार सीडेड तथा एनपीसीआई से मैप्ड बैंक खातों में भेजी जाएगी । उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपने बैंक खातों को तत्काल आधार से सीड कराने तथा एनपीसीआई से मैप्ड कराने की प्रक्रिया पूरी कराने को कहा, ताकि छात्रवृत्ति की धनराशि उनके खातों में सुचारु रूप से भेजी जा सके।

## किसान दिवस में किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

कुशीनगर । जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में माह सितम्बर के किसान दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रारम्भ में उप कृषि निदेशक द्वारा पिछले किसान दिवस में प्राप्त 09 शिकायतों के निस्तारण की आख्या किसानों को पढ़कर सुनाई गई ।

किसान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषकों ने कृषि, गन्ना, सिंचाई, जलभराव, फसल क्षति तथा विभिन्न कृषि योजनाओं से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखे । मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से मखाना की खेती के संबंध में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई । मखाना की खेती की संभावनाओं, इसकी उत्पादन प्रक्रिया एवं इससे होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए जनपद में मखाना की खेती को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव विभागीय सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया । जिला गन्ना अधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से गन्ना विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई । गन्ना कटाई के लिए केन हार्वेस्टर की उपलब्धता के संबंध में बताया गया कि वर्तमान में सेवरही एवं खड्डा क्षेत्र में केन हार्वेस्टर उपलब्ध हैं । जनपद में अधिक से अधिक केन हार्वेस्टर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे किसानों की गन्ना कटाई की लागत कम होने के साथ ही समय की भी बचत हो सकेगी।

# छापेमारी ने खोली आबकारी विभाग की निगरानी की पोल

### आबकारी महकमे की निगरानी पर उठे सवाल!, इंदरपुर, जोकवा में शराब का पानी कांड

जिला संवाददाता




**कुशीनगर ।** बीते दिनों आबकारी विभाग के आला अफसरो की छापेमारी ने शराब की बोतल ही नहीं, बल्कि जिले के विभागीय निगरानी व्यवस्था का ढक्कन भी खोल दिया !कप्तानगंज के इंदरपुर चौराहा और जोकवा की अंग्रेजी शराब की दुकानों पर उच्चाधिकारियों की कार्रवाई के बाद शराब में पानी मिलाकर बिक्री किए जाने घठना ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है । सवाल यह है कि अगर दुकानों पर मिलावट

**● शराब की बोतल में पानी का खेल**

का खेल चल रहा था तो नियमित जांच करने वाले जिम्मेदारों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? क्या जिले की आबकारी निगरानी सिर्फ कागजों पर चल रही है, या फिर इस कथित खेल के पीछे कोई ऐसा हाथ है जिसकी पहुंच विभाग की चौखट और मुखिया तक है ?बेशक ! सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन दुकानों पर गोंडा के ज्वाइंट कमीश्नर को पहुंचकर छापेमारी करनी पड़ी, वहां स्थानीय स्तर पर किस तरह की निगरानी की जा रही थी ? क्या नियमित निरीक्षण में यह खेल दिखाई नहीं दिया या फिर निरीक्षण की प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में है ? यह वह बिंदु है जहां से ह्यविभाग-ए-शहशाहह्ल के कथित संरक्षण की चचाएं जोर पकड़ रही हैं। हालांकि इस संरक्षण की पुष्टि जांच का विषय है, लेकिन सवाल यह जरूर है कि यदि किसी दुकान पर मिलावट का खेल चल रहा था तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी या कार्रवाई सिर्फ दुकान तक सीमित रहेगी ?

### जिला आबकारी अधिकारी की निगरानी पर भी सवाल

कहना ना होगा कि जिले में अंग्रेजी शराब की दुकानों की निगरानी की जिम्मेदारी आबकारी विभाग की है। ऐसे में यदि मिलावट की शिकायत या घटना सामने आती है तो जिला आबकारी अधिकारी की निगरानी व्यवस्था भी सवालों से बच नहीं सकती। आखिर विभाग की नियमित जांच में सब कुछ ह्यठीक-ठाकह्ल नजर आता रहा और उच्चाधिकारियों की छापेमारी में सवाल क्यों खड़े हो गए ?दिलचस्प बात यह है कि विभाग इस पूरे मामले में सिर्फ दुकानों की जांच तक सीमित रहेगी है या फिर मिलावट की जड़ तक पहुंचकर जिम्मेदार अफसरों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच भी करेगी। बड़ा सवाल यह है कि बोतल में पानी किसने मिलाया और निगरानी तंत्र सोता क्यों रहा ? अंग्रेजी शराब में पानी मिलाकर बिक्री का मामला उपभोक्ताओं के साथ न सिर्फ धोखा देने का है बल्कि आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था की गंभीर विफलता को भी उजागर कर रहा है।

देखना यह है कि विभाग इस सवाल का जवाब देता है या फिर बोतल का पानी सूखने के साथ मामला भी फाइलों में सूख जाएगा।

### जिला आबकारी अधिकारी बोले

इस संबध मे जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र का कहना है कि कप्तानगंज इंदरपुर दूकान निरस्त कर दिया गया जबकि जोकवा पर जुमार्ना लगाकर नियम संगत तरीके से बहाल किया गया है। उन्होंने कहा कि समय समय पर छापेमारी की जाती है । नियम विरुद्ध कार्य करने वाले अनुज्ञापियों को किसी भी सूरत मे बख्शा नही जायेगा।

# महंगाई अभी नहीं टलेगी

जब नई दिल्ली ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में एकतरफा युद्ध और आर्थिक प्रतिबंधों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया जा रहा था, तब अमरीकी कांग्रेस (संसद) में प्रतिबंध संबंधी बिल पर चर्चा की जा रही थी। तभी राष्ट्रपति ट्रंप ने संभावना जताई कि ईरान युद्ध अमरीकी मध्यावधि चुनाव (मिड टर्म पोल) के बाद तक खिंच सकता है। वैसे ट्रंप इसे 'युद्ध' नहीं मानते। यह भी अजीब बात है। बहरहाल उनका मानना है कि चुनावों के बाद ही जंग समाप्त हो सकती है। उसी दौरान अमरीकी सेना ने होर्मुज के पास और तेहरान में आईआरजीसी के मुख्यालय पर हवाई हमले किए। उनमें कुछ सैनिकों के हताहत होने की भी खबर सामने आई है। हमलों की इंतहा के मद्देनजर कुछ ईरानी सांसदों ने कहा कि अब परमाणु बम बनाने का वक्त आ गया है। संसद में प्रस्ताव पेश कर परमाणु नीति में संशोधन पर चर्चा कराई जाये। हालांकि दिल्ली ब्रिक्स सम्मेलन के इतर एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार के दौरान ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने सवाल की प्रतिक्रिया में सवाल किया कि ईरान में परमाणु बम बनाने के कोई सबूत अमरीका या इजरायल दे सकता है क्या? ईरान की नीति और सोच परमाणु बम बनाने की नहीं रही है। यह फिजूल का आरोप ईरान पर चस्पां किया जाता रहा है, ताकि हम पर हमला किया जा सके। राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू भी बार-बार बयान देते रहे हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे। इसी मकसद से 28 फरवरी को दोनों देशों ने ईरान पर साझा हमला किया था, लेकिन वे अभी तक परमाणु कार्यक्रम की थाह भी नहीं ले सके हैं। यदि ईरान परमाणु शक्ति वाला देश होता, तो वह खामेनेई से फोन पर बात करते, हमले नहीं करते। यह राष्ट्रपति ट्रंप का ताजातरीन बयान है। रक्षा विशेषज्ञ भी ऊहापोह में हैं कि ईरान परमाणु बम बनाने की स्थिति में है अथवा नहीं। परमाणु विज्ञानी मानते हैं कि ईरान के पास इतना संवर्द्धित यूरेनियम है कि वह एक सप्ताह में ही करीब 10 छोटे परमाणु बम बना सकता है। ऐसे बम भी हिरोशिमा-नागासाकी जैसे विध्वंसक, संहारक बम होते हैं। राजनयिकों और रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि जिस दिन ईरान ने छोटे परमाणु बम भी बना लिए, उसी दिन से इजरायल के अस्तित्व की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। कुछ विशेषज्ञों का तो यहां तक दावा और विश्लेषण है कि राष्ट्रपति ट्रंप युद्ध के चक्रव्यूह में इतना फंस चुके हैं और गहरे तनाव की स्थिति में बताए जाते हैं, लिहाजा वह किसी भी दिन, किसी भी पल, ईरान पर टेक्टिकल परमाणु हमले का आदेश दे सकते हैं। कितना विनाश, कितनी तबाही होगी! लाशों के अंबार लग जाएंगे! समंदर का पानी विषाक्त हो जाएगा! तेल के कुएं बर्बाद हो जाएंगे! क्या ट्रंप की सनक और जिद इस पराकाष्ठा तक भी पहुंच सकती है? हमें तो कमोबेश ऐसा आभास नहीं होता। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) भी संयुक्त राष्ट्र तक गई है, क्योंकि वह ईरान की परमाणु गतिविधियों का यथार्थ जानने में अक्षम और असमर्थ है, क्योंकि ईरान ने उसके निरीक्षण, जांच-पड़ताल को नकार दिया है। यह तभी हो गया था, जब 2025 में अमरीकी बॉम्बर ने बंकर बस्टर बमों से उसके परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे। आईएईए और खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, इसके पुख्ता सबूत नहीं हैं कि ईरान के पास वर्तमान में, पूरी तरह से तैयार, परमाणु बम है या उसका हथियारबंद डिजाइन है। उपग्रह की तस्वीरों से संकेत मिले हैं कि ईरान भूमिगत ठिकानों (पिकएक्स माउंटेन क्षेत्र) में अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहा है, जिससे पश्चिमी देशों और विशेषज्ञों की चिंताएं बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ईरान राजनीतिक निर्णय लेता है, तो वह बहुत कम समय (कुछ हफ्तों या महीने भर) में परमाणु हथियार के लिए आवश्यक विखंडनीय सामग्री तैयार कर सकता है। बहरहाल अभी तक सब कुछ अटकलें ही लगता है। ईरान परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का सदस्य है। यदि वह परमाणु बम बनाने के करीब है, तो जाहिर है कि वह इस संधि से बाहर भी आएगा। ब्रिक्स घोषणा-पत्र में परमाणु खतरे और संघर्ष के जोखिमों को भी शामिल किया गया है। क्या यह दस्तावेज सार्थक होगा? ट्रंप इसे क्यों मानेंगे? वैश्विक आर्थिकी को इस वक्त जो नुकसान झेलना पड़ रहा है, उसकी क्षतिपूर्ति में वर्षों का समय लगेगा। कई देशों में अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। लेकिन ट्रंप अपनी सनक में युद्ध खींच रहे हैं।



**ट्रंप ने ईरान युद्ध मिडटर्म चुनाव तक खिंचने के संकेत दिये हैं। ऐसे में व्यापारिक मार्गों की नाकेबंदी से महंगाई का जो संकट है, वह जारी रहेगा।**

# एमडीआर का आखिर किस पर पड़ेगा भार

नरेंद्र शर्मा

**संसद के मानसून सत्र में पेमेंट एक्ट की धारा 10ए में संशोधन किया गया था, जिसके तहत इलेक्ट्रॉनिक भुगतान पर एमडीआर लगाने का एक रास्ता तैयार हो गया था। इसके बाद एनपीसीआई के नेतृत्व वाली 'यूपीआई एंड सर्विसेज स्टेयरिंग कमेटी' ने यह तय किया कि एमडीआर पर कितना चार्ज लगाया जाये।**



मेरा बेटा एक पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है। उसकी तीन माह की फीस 27,210 रुपये है। अब मुझे अक्टूबर में उसकी फीस की तीसरी किस्त भरनी है। अगर यह फीस मैं यूपीआई द्वारा अदा करता हूं तो उस पर फ्लैट 5 रुपये की फीस लगेगी। यह अतिरिक्त फीस कौन अदा करेगा? जाहिर है स्कूल तो अपनी फीस में से यह देने से रहा। इसका बोझ भी मुझ पर ही पड़ेगा। अनुमान यह है कि यही स्थिति बीमा प्रीमियम की भी रहेगी। कहने का अर्थ यह है कि 2,000 रुपये से ऊपर के यूपीआई पेमेंट्स पर जो यह 0.4 प्रतिशत की फीस लगायी गई है, उसका बोझ आखिरकार ग्राहक या उपभोक्ता को ही उठाना पड़ेगा- नाक चाहे इधर से पकड़ लो या उधर से पकड़ लो। यूपीआई पेमेंट्स पहले फ्री थे और अब इन पर फीस लगा दी गई है। इससे महंगाई निश्चितरूप से बढ़ेगी, आम आदमी के लिए या फिर वह यूपीआई से पेमेंट करना बंद/कम कर देगा। नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने 15 सितम्बर 2026 को 2,000 रुपये से ऊपर के यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने की घोषणा की, 300 रुपये की कुल सीमा और यूटिलिटी पेमेंट्स पर फ्लैट 5 रुपये के चार्ज के साथ। इसका अर्थ यह है कि एमडीआर 300 रुपये से अधिक नहीं लगाया जायेगा, 2,000 रुपए से ऊपर की पेमेंट चाहे जितनी भी हो और फ्लैट 5 रुपये का चार्ज पेट्रोल व डीजल की खरीद, बीमा प्रीमियम, रेल टिकट, स्कूल और अन्य अनेक सरकारी सेवाओं पर लगाया जायेगा।

आगामी 15 अक्टूबर 2026 से लागू होने के बावजूद एमडीआर व्यक्ति-से-व्यक्ति को किये गये पेमेंट पर नहीं लगेगा यानी रिश्तेदारों व दोस्तों को किये गये यूपीआई ट्रांसफर पर कोई फीस नहीं लगेगी और ऑटो डेबिट पर भी कोई चार्ज नहीं लगेगा। इसी तरह छोटे व्यापारियों, चाय की दुकानों, किराना स्टोर या मिल्क बूथों के लिए भी एमडीआर की छूट होगी, अगर व्यापारी के लिए मासिक रिसीप्ट 1 लाख रुपये से कम है। इसे आसान शब्दों में इस तरह से समझें कि अगर आपने अपने दोस्त को 2,00,000 रुपये बतौर यूपीआई ट्रांसफर किये हैं तो उस पर किसी प्रकार का कोई एमडीआर नहीं होगा, लेकिन अगर आपकी चाय की दुकान है और आपको 1,10,000 रुपये यूपीआई ट्रांसफर से आये तो आपको इस पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर देना होगा। जाहिर है एक दुकानदार के रूप में यह अतिरिक्त पैसा आप अदा करना पसंद नहीं करेंगे। इस स्थिति में आपके पास मुख्यतः दो विकल्प होंगे- एक, आप यूपीआई ट्रांसफर को प्राथमिकता देना बंद / कम कर देंगे और ग्राहकों से कैश लेना चाहेंगे। दूसरा यह कि इस अतिरिक्त भार को अपने ग्राहकों पर डालने का प्रयास करेंगे यानी एक कप चाय जो 20 रुपए की बेचते हैं उसे 21-22 रुपए में देने लगेंगे, महंगाई में वृद्धि करते हुए।

यहां यह बताना भी आवश्यक है कि म्यूच्यूअल फंड्स या स्टॉकब्रोकर्स को पेमेंट्स पर एमडीआर 0.02 प्रतिशत निर्धारित किया गया है, 300 रुपये के कुल कैप के साथ। वित्त मंत्रालय ने अपने वक्तव्य में कहा है, 'बैंकों को यह सलाह दी गई है कि वह यह सुनिश्चित करें कि व्यापारी एमडीआर चार्ज ग्राहकों पर न थोपें। यूपीआई एप्लीकेशन प्रोवाइडर्स को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है कि वह प्लेटफार्म फीस या छुपे हुए चार्ज ग्राहकों पर न थोपें।' इस वक्तव्य का अर्थ यह है कि चार्ज व्यापारियों को बर्दाश्त करना पड़ेगा। लेकिन क्या ऐसा संभव है? ई-कॉम प्लेटफार्म को 0.4 प्रतिशत फीस देनी होगी, 300 रुपये के कैप के साथ। चाहे आप स्मार्टफोन खरीदें या सोफा सेट प्लेटफार्म को 300 रुपये देने होंगे। कौन सा ऑनलाइन प्लेटफार्म (या बड़े फुटकर व्यापारी या रेस्टोरेंट) हर बड़ी बिक्री पर 300 रुपये देना पसंद करेगा। व्यापारी इस फीस को अपने ग्राहकों की तरफ धकेल देंगे अपनी चीजों का दाम बढ़ाकर। दुकानदार यूपीआई से पैसा लेना पसंद नहीं करेंगे। ई-कॉम प्लेटफॉर्म्स हाई-वैल्यू सौदे में डिस्काउंट देना बंद कर देंगे या कीमत बढ़ा देंगे। छुरी खरबूजे (पढ़ें ग्राहक) पर गिरे या खरबूजा छुरी पर गिरे, हर हाल में कटेगा खरबूजा ही, वित्त मंत्रालय की सलाह चाहे जो हो। एनपीसीआई का कहना है कि 95 प्रतिशत से अधिक व्यापारियों का लेन-देन, जो 2,000 रुपये से कम है, पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यूपीआई एमडीआर को सभी कार्ड-आधारित ट्रांसफर फीस से कम रखा गया है। स्टैण्डर्ड क्रेडिट कार्ड एमडीआर प्रति लेन-देन पर आमतौर से 1.5 प्रतिशत से 2.5 प्रतिशत के बीच रहता है, जबकि डेबिट कार्ड एमडीआर का कैप 0.9 प्रतिशत तक है। यूपीआई एमडीआर की बेसलाइन 2,000 रुपये से ऊपर के लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत करके और हाई-वैल्यू खरीदारी पर 300 रुपये का कैप लगाने से यूपीआई कमर्शियल एंटरप्राइज के लिए सबसे सस्ता डिजिटल पेमेंट स्वीकृति टूल है। कीमत में इस अंतर से व्यापारियों को डिजिटल पेमेंट स्वीकार करते हुए कम खर्च करना पड़ेगा। यह सब एनपीसीआई का कहना है। वित्त मंत्रालय ने अपने वक्तव्य में कहा है कि एमडीआर सरकार या एनसीपीआई द्वारा एकत्र किया जाने वाला न तो टैक्स है और न ही चार्ज है। इसे पेमेंट इकोसिस्टम में हिस्सेदारों के बीच वितरित किया जाता है। दूसरी ओर भारत पे के सह-संस्थापक व शार्क टैंक इंडिया के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर ने कहा है कि यूपीआई पर सरकार द्वारा एमडीआर वसूल करना सिर्फ एक टैक्स कलेक्शन है। अगर सरकार को इससे नुकसान हो रहा है तो एटीएम को पूरी तरह से बंद करके सिर्फ यूपीआई पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'यूपीआई पर किसी भी तरह का चार्ज लगाना एक टैक्स वसूलने जैसा है। हर कोई मानता है कि यूपीआई भारत की एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन अब इसे भी टैक्स की भेंट चढ़ा दिया गया है। आरबीआई सरकार को 2.87 लाख करोड़ रुपये का सरप्लस दे रही है। कुल लिस्टेड बैंकों का लाभ 4.11 लाख करोड़ रुपये है। वहीं एनपीसीआई, जो यूपीआई संचालित करता है, उसका सरप्लस 1,888 करोड़ रुपये है। सरकार और बैंकों को इतने लाभ के बाद आखिर क्यों एमडीआर लगाया जा रहा है और नुकसान किस बात का हो रहा है? सरकार आखिर कौन सी सब्सिडी दे रही है, जो वह यूपीआई से वसूलना चाहती है?' उनके अनुसार, भारत में एटीएम चलने और कैश लोजिस्टिक्स की लगत 30,500 करोड़ रुपये है। आप बंद एटीएम को ऑप्टिमाइज करना चाहते हैं और उसकी जगह यूपीआई को प्रोमोट करना चाहते हैं तो एटीएम को बंद कर दें और सिर्फ यूपीआई पर फोकस करें।

ध्यान रहे कि संसद के मानसून सत्र में पेमेंट एक्ट की धारा 10ए में संशोधन किया गया था, जिसके तहत इलेक्ट्रॉनिक भुगतान पर एमडीआर लगाने का एक रास्ता तैयार हो गया था। इसके बाद एनपीसीआई के नेतृत्व वाली 'यूपीआई एंड सर्विसेज स्टेयरिंग कमेटी' ने यह तय किया कि एमडीआर पर कितना चार्ज लगाया जाये। एमडीआर लगाने पर सरकार का तर्क यह है कि यूपीआई बहुत बड़ा हो गया है और इसके सुरक्षित संचालन के लिए पैसों की आवश्यकता है। लेकिन प्रबल अनुमान है कि यह सब पश्चिम, विशेषकर अमेरिका के दबाव में किया गया है क्योंकि वाशिंगटन व अन्यों का कहना था कि उनके कार्ड व्यापार, जिस पर अच्छी फीस ली जाती है, को ह्यमुफ्तह्ल यूपीआई ट्रांसफर से नुकसान हो रहा था, बराबर का मुकाबला न होने की वजह से। इस दबाव का नुकसान भारतीय उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा, महंगाई की सूरत में, सरकारी दावे चाहे जो हों।

यूपीआई चार्ज

## सोशल मीडिया



भारतीय भाषाओं के बीच आत्मीय संवाद का सेतु है हिंदी...नवी मुंबई में हिंदी दिवस 2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में आये भाषा प्रेमियों से संवाद किया। अमित शाह.



जनता पूछ रही है कि भ्रष्ट भारतीय जनता पार्टी के समय बन रहे एक्सप्रेस वे जुमलाई विकसित भारत की हस्त रेखाएं हैं, तो फिर ये रेखाएं खंडित क्यों हैं? अखिलेश यादव.



पंचायत सहायक हमारी पंचायती राज व्यवस्था की रीढ़ हैं, उनकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। सीएम योगी जी के नेतृत्व में हम इनके हितों की रक्षा करेंगे। ओपी राजभर.

# भारत की परियां रिकॉर्ड 8वीं बार बनी एशिया चैंपियन




खेल जगत

सारिम अन्ना

भारत की महिला क्रिकेट टीम ने एशिया कप में रिकॉर्ड आठवीं बार खिताबी जीत हासिल की है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की स्पिन लेती पिच पर 13 सितम्बर 2026 को श्रीलंका के विरुद्ध खेले गये फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने अपने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 183 रन बनाये, जिसके जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम मात्र 111 रन पर सिमट गई और भारत ने 2026 महिला एशिया कप 72 रन के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। लेकिन कप जीतने के बाद भी भारतीय महिला टीम की ट्रॉफी देश नहीं आ सकी। क्योंकि जैसे एक वर्ष पहले जब दुबई में ही भारत की पुरुष टीम ने एशिया कप में खिताबी जीत हासिल की थी, तब भी भारत ने मोहसिन नकवी के हाथों से ट्राफी लेने से इंकार कर दिया था। वजह तब भी और अब भी पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले का विरोध रहा।

बीसीसीआई ने अपनी टीम से साफ कह दिया था कि हमें मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेना, यह बात मोहसिन को भी पता था, लेकिन न जाने क्यों बेशर्म की तरह वह फिर भी अवार्ड सेरेमनी में आ धमका नतीजतन भारतीय लड़कियों ने इस फंक्शन का ही विरोध कर दिया और वह स्टेज गई ही नहीं। आधे घंटे से ज्यादा समय तक बड़ी ढिठाई से यह शख्स स्टेज में ही खड़ा रहा, फिर वहां से गया, लेकिन जैसे ही वहां से जाने लगा, स्टेडियम में मौजूद सैकड़ों लोगों ने उसे 'ट्रॉफी चोर, ट्रॉफी चोर' कहकर हूट किया। लेकिन उसे कुछ फर्क नहीं पड़ा। अभी भी एशिया कप की दोनो ट्रॉफियां जिसे भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने जीता है, भारत नहीं पहुंची। दरअसल पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंध रखना नहीं चाहता है, लेकिन सरकार के फैसले की वजह से वह अनेक राष्ट्रों वाली प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान के विरुद्ध खेल अवश्य लेता है। इसलिए मोहसिन नकवी के हाथों से भारतीय टीम ने ट्रॉफी नहीं लिया, उसने रनर-अप श्रीलंका को उसके पुरस्कार प्रदान करके स्टेडियम से बाहर चला गया। भारतीय टीम को ट्राफी व पदक खेल क्षेत्र से बाहर बीसीसीआई अधिकारियों ने प्रदान किये। बहरहाल, एशिया कप के इस सत्र में बल्ले पर गेंद हावी रही। टर्न लेती धीमी पिच पर हर टीम की तरफ से स्पिनर्स का बोलबाला रहा। भारतीय स्पिनर्स ने पांच मैचों में 35 विकेट लिए, जबकि इतने ही मैचों में श्रीलंका के स्पिनर्स ने 28 विकेट लिए। जब हर बैटर स्पिन के सामने नतमस्तक हो रहा था, तब केवल शेफाली वर्मा व स्मृति मंधना ने बल्ले से कमाल करते हुए बताया कि इन स्थितियों में कैसे बल्लेबाजी करनी चाहिए। शेफाली ने लगभग 171 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 236 रन बनाये, जबकि स्मृति ने 165.11 के स्ट्राइक रेट से 213 रन बनाये, जिनमें उनका एक शतक भी शामिल रहा। फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच शेफाली रहीं, अपने हरफनमौला खेल की वजह से। प्रतियोगिता में भारत की दीप्ति शर्मा ने सर्वाधिक 14 विकेट लिए जबकि भारत की ही श्री चरणी व श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू 12-12 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। हालांकि फाइनल तक के सफर में दोनों भारत व श्रीलंका ने कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन फाइनल तक अगर सभी मैचों की समीक्षा की जाये तो एशिया में भारत को छोड़कर कोई भी महिला टीम अंतर्राष्ट्रीय स्तर की नहीं है। श्रीलंका, बांग्लादेश व पाकिस्तान में एक दो खिलाड़ी जैसे चमारी, मारुफा अख्तर व फातिमा सना आदि प्रतिभाशाली अवश्य हैं, लेकिन टीम के तौरपर इनको भी भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड व न्यूजीलैण्ड का जमकर मुकाबला करने में अभी बहुत समय व मेहनत की दरकार है। जहां तक एशिया की अन्य टीमों, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया- यूएई, हांगकांग, थाईलैंड व इण्डोनेशिया की बात है, तो उनके यहां क्रिकेट अभी शुरू ही हुआ है। इसलिए प्रतिभा, अनुभव, एक्सपोजर आदि सभी की कमी है। इन देशों ने जोड़-तोड़ करके अपनी राष्ट्रीय टीमें अवश्य बना ली हैं, आईसीसी इनको प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कर रही है, लेकिन जब तक इनके यहां जमीनी स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित नहीं किया जायेगा और आयु-वर्ग की घरेलू प्रतियोगिताएं आयोजित नहीं की जायेगी, तब तक हालात पटरी पर नहीं आने के। जाहिर है इसमें समय लगेगा और संयम से भी काम लेना होगा।

# जीवन की चुनौतियां

हमें अपने जीवन में चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे पहले उसे स्वीकार करना सीखना होगा। जो समस्या है, जो चिंता या परेशानी है, उसे गंभीरता से स्वीकार करना होगा। अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करना: नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्रोतों से भी प्रेरणा लें।

अंतर्दृष्टि

खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है। आप भी, जल्द से जल्द इसके लिए नामांकन कर सकते हैं!

# हंसते-हंसते फंस गये तो...

व्यंग्यलोक

हंसना बहुत रहस्यमयी कला है। अगर हंसते हुए फंस गए तो यह भारी बला है। पहले हंसे, फिर फंसे और प्यार में धंसे तो यह भारी जलजला है। हर ट्रक-टेंपो पर जीवन का असली भेद वाक्य गुदा हुआ है कि हंस मत पगली प्यार हो जाएगा। अगर कोई पगली हंस जाए तो शर्तिया प्यार हो जाता है। प्यार की दुनिया में पहला कदम धरने के लिए हंसना बहुत जरूरी है। हंसते-हंसते फंसना बहुत जरूरी है। हंसने पर प्यार और फिर वार ही वार। मीरा ने साफ कहा था- 'जो मैं यह जानती, प्रीत करे दुख होय, तो नगर ढिंढ़ोरा पीटती, प्रीत न करियो कोय।' हंसने की इच्छा हो जाए तो इसके लिए शर्मिंदा मत होइए। गंभीर या दुखद अवसरों पर हंसने की इच्छा होनी बहुत स्वाभाविक है, क्योंकि इससे आपको परेशानी में कमी होती महसूस होती है। दूसरों की परेशानी और दूसरों के दुख में ही तो खुद को असली हंसी आती है। अगर आपको बीवी के सामने भूले भटके हंसी आ जाए तो तुरंत उसे रोकिए। आप हंसे नहीं कि फंसे नहीं। आज तक कोई मां का इक लाल, माइक का लाल, माया का दलाल अथवा माई का लाल बीवी के सामने नहीं आ सका है। इसके लिए आप कमरे में किसी एक जगह अपनी नजरें केन्द्रित करके शून्य में प्रायश्चित कीजिए। इस समय जब बीवी आपको ताक रही है तो आपका मुंह से सांस लेना कतई संभव नहीं होगा। तब आप तुरंत अपना मुंह बंद कर लें और केवल नाक से ही गहरी-गहरी सांस लेना शुरू कर दें। यह मंत्र तो आपको पहले ही पता है कि हंसे नहीं कि फंसे नहीं। अगर बीवी के सामने हंसे तो वार होगा और फंसना पक्का तय है। बीवी के सामने असली मंत्र यही है- हंस मत पगले वार हो जाएगा। पड़ोसन के सामने हंसे तो फिर शर्तिया प्यार होगा और फंसना पक्का तय है। प्यार हो या वार फंसना तो पक्का! बेवकूफ लोग होते हैं जो यह कहते हैं कि हंसने से तनाव कम होता है। जिंदगी का असली फंडा है कि अगर आप हंसे तो तनाव बढ़ना पक्का। द्रौपदी ने अंधे का बेटा अंधा कहकर जोरदार कहकहा लगाया था और इसी से एक नया महाभारत पैदा कर दिया था। द्रौपदी की हंसी से वह इंद्रप्रस्थ की जनता फंसी और खुद युद्ध की आग में धंसी। सुलोचना मेघनाथ की पत्नी थी। रणभूमि में मेघनाथ का कटा हुआ सिर पत्नी सुलोचना को देख कर जोर-जोर से हंसने लगा। कहते हैं कि मेघनाथ मरने के बाद ही पत्नी के सामने हंस पाया था। आज के नेताओं और मंत्रियों की चलाकियों के आगे जनता का हंसना दुर्लभ है। फिर आप किस खेत की मूली हैं?



पूरन सरमा



विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

## आपकी बात

### पड़ोसी देशों की साजिश

भारत के पड़ोसी देश लगातार हमारे खिलाफ साजिशें करते रहते हैं। बांग्लादेश में भारत विरोधी अभियान चीन की नयी साजिश हो सकती है। अभी मालदीव में राजनीतिक कारणों से भारत विरोधी मुहिम चल ही रही है कि इसमें अब बांग्लादेश के कट्टरपंथी भी शामिल हो गये हैं। अब ऐसी हरकतें बांग्लादेश में भी शुरू हो गयी हैं। हालांकि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना बहुत मेच्योर नेता हैं। उन्होंने बांग्लादेश में 'इंडिया आउट' को साजिश बताया है, लेकिन बीते डेढ़ दशक से हाशिए पर खड़े बांग्लादेश के विपक्ष ने और उसकी नेता बेगम खालिदा जिया ने भारत विरोध को सियासी ताकत बढ़ाने का हथियार बना लिया है। बात सिर्फ बांग्लादेश और मालदीव की ही नहीं है बल्कि भारत के बल पर जीने वाला हिन्दू बहुल राष्ट्र नेपाल और श्रीलंका जैसे देश भी सियासी बदलाव के साथ भारत के लिए चुनौती बन जाते हैं। पाकिस्तान और चीन तो खैर हैं ही हमारे दुश्मन। ऐसे में भारत के सामने सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि आखिर वह इन स्थितियों से कैसे निपटे? छोटे-छोटे छुद्र राजनीतिक समूह सियासी ताकत हासिल करने, सत्ता पाने के लिए भारत विरोध को मुद्दा बनाते हैं और सत्ता मिल गयी तो भारत के हितों के खिलाफ काम करते हैं। सत्ता न मिली तो भी भारतीय हितों पर कुठाराघात करते हैं। बांग्लादेश बनाने के लिए भारत ने शहादत दी है, नेपाल भारत की मदद के बिना नहीं चल सकता, मालदीव को भी भारत कई बार बचा चुका है और श्रीलंका तो हाल-फिलहाल दिवालिया ही हो गया था। भारत की मदद से ही संभलने की कोशिश कर रहा है। भारत से मदद लेकर और भारत के खिलाफ काम करना, भारतीय हितों पर कुठाराघात करना पड़ोसी देशों की सियासत का हिस्सा बन गया है। इसलिए भारत को भी अब इन देशों से सावधान रहने के साथ ही इनको दी जाने वाली मदद में कटौती करनी चाहिए। इससे इन देशों को सबक मिलेगी अपने बर्ताव में सुधार करेंगे।

**विनोद कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### सौर ऊर्जा में निवेश

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है। दरअसल अब ग्रीन एनर्जी जरूरी हो गयी है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## खरीफ फसलों में कीट-रोग से बचाव का करें निदान

**बांदा।** मंडल के किसानों को उप कृषि निदेशक डा. अभय कुमार सिंह यादव ने सचेत किया है। कहा कि अत्यधिक वर्षा एवं बदलते मौसम और तापमान के कारण इस समय खरीफ की फसल धान में पत्ती लपेटक, सूंडी, फफूंद जनित रोगों का प्रकोप है। इन रोगों के कारण पौधा कमजोर होकर सूखने लगता है। समय रहते इनका उपचार नहीं किया गया तो फसल की पैदावार पर सीधा प्रभाव पडता है। पत्ती लपेटक एवं सूडी के नियंत्रण को कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड 50 प्रति० एस०पी० 800 ग्राम प्रति हेक्ट० य क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रति० एस०सी० 600 एम०एल० प्रति हेक्ट०, या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 0.4 प्रति० जी०आर० 15 किग्रा० प्रति हेक्ट० या प्रोफेनोफॉस 40 प्रति० .साइपरमेथ्रिन 4 प्रति० 800 एम०एल० प्रति हेक्ट० की दर से 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिडकाव करें। फफूंद जनित रोग झुलसा, ब्लास्ट के नियंत्रण को कापरआक्सी क्लोराइड 2 किग्रा० प्रति हेक्ट०, या कार्बेण्डाजिम 50 प्रति० ड०पी० 500 ग्राम प्रति हैक्ट० 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिडकाव किया जा सकता है। फसलों की अच्छी वृद्धि एवं अधिक पैदावार के लिए पी०जी०आर० जिब्रेलिक एसिड 150 एम०एल० प्रति हेक्टेयर या अल्फानेफ्थिलीन एसीटिक एसिड 4.5 प्रति एस०एल० 200 एम०एल० प्रति हेक्ट० 400-500 लीटर पानी में घोलकर छिडकाव करे। उक्त सभी दवायें मण्डल के सभी कृषि रक्षा इकाईयों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। समस्त कृषक बन्धुओं अपनी फसल को कीट ६ रोग की समस्या के निदान को सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली के मोबाइल नं0 9452247111, 9452257111 पर समस्या लिखते हुए या कीट रोग से संबंधित पौधे की फोटो के साथ अपना नाम, ग्राम का नाम, विकासखंड, जनपद का नाम लिखते हुए एसएमएस या व्हाटसएप भेजें। कृषकों निदान 48 घंटे के अंदर मोबाइल पर भेजा जाता है।

## रोजगार मेला 21 को, 200 युवाओं को मिलेगा रोजगार

**बांदा।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि जनपद के 10वीं, 12वीं, स्नातक, डिप्लोमा, कौशल विकास एवं आईटीआई उत्तीर्ण (पुरुष-महिला) अभ्यर्थियों के लिए 21 सितंबर को राजकीय आईटीआई परिसर बांदा में रोजगार-अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 200 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। मेले में 18 से 35 वर्ष आयु के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। वेतनमान कम्पनी के नियमानुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा, 2 पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित उपस्थित हो सकते हैं।

## राजकीय आईटीआई में होगा रोजगार मेला 21 को

**बहराइच ।** व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग उ.प्र. के अन्तर्गत संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच के परिसर में 21 सितम्बर 2026 को रोजगार मेले का आयोजित होगा। रोजगार मेले में जय भारत मारुती पंतनगर उत्तराखण्ड की कम्पनी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच की प्रधानाचार्या स्मृति शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

# युवती को मिलवाने के शक में हुई शिक्षक की हत्या, आरोपी अरेस्ट

जिला संवाददाता (वीओएल)



**बिजनौर।** प्राथमिक विद्यालय के गेट पर शिक्षक की गोली मारकर हत्या के आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है। हत्या करने के बाद आरोपी गौरव राठी ने आला कत्ल तमंचे व कारतूस लेकर खुद ही थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रेसवार्ता कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस लाइन के सभागार में बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम राहतपुर थाना मण्डावली निवासी वादिनी खुशीदां पत्नि नौशाद अहमद द्वारा थाना नजीबाबाद पर तहरीर दी गयी कि आरोपी गौरव पुत्र होरी सिंह निवासी ग्राम पूरनपुर गढी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर द्वारा प्रार्थिनी के पति नौशाद अहमद की गोली मालकर हत्या कर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना नजीबाबाद पर आरोपी के खिलाफ संबन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी गौरव को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम गठित की। आरोपी गौरव पुत्र होरी सिंह निवासी पुरनपुर गढ़ी थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर के द्वारा खुद आला कत्ल दो अवैध तमंचे, 07 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर के साथ नजीबाबाद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया गया जिसको पुलिस हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि

**एसपी का खुलासा**

लगभग चार माह पूर्व उसने एक युवती को तालिब नामक युवक के साथ मोटर साइकिल पर देखा था, जिसकी जानकारी उसने युवती के भाई को दी थी।

आरोपी के अनुसार उसे जानकारी हुई कि तालिब, सौपुरी निवासी शिक्षक नौशाद से मिलता-जुलता था तथा उसे संदेह था कि नौशाद ही तालिब को युवती से बातचीत करने के लिए प्रेरित करता है। अभियुक्त द्वारा युवती को तालिब से बातचीत न करने के लिए समझाया गया था। चार दिन पूर्व नौशाद ने उसे उक्त प्रकरण से दूर रहने के लिए कहा तथा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर धमकी दी, जिससे अभियुक्त के मन में नौशाद के प्रति रंजिश हो गई। आरोपी गौरव ने यह भी बताया कि 15 सितम्बर मंगलवार को वह तमंचा व कारतूस लेकर नौशाद के स्कूल के बाहर पुलिया के पास पहुंचा तथा नौशाद के बाहर निकलते ही उस पर फायर किए। नौशाद के स्कूल के अंदर भाग जाने पर वह मौके से फरार हो गया। बाद में थाना नजीबाबाद पहुंचकर आरोपी ने आत्मसमर्पण किया तथा घटना में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस एवं मोटरसाइकिल पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में नजीबाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश शर्मा, का0 गौरव शामिल रहे।

## बार एसोसिएशन ने एपीओ सुनील कुमार को दी विदाई, नवागत का किया भव्य स्वागत




जिला संवाददाता (वीओएल)

**नगीना, बिजनौर।** बार एसोशिएसन ने अभियोजन अधिकारी सुनिल कुमार के हरदोई के लिए स्थानांतरित होने पर उनको भावभीनी विदाई दी और नवागत अभियोजन अधिकारी राघवेंद्र सिंह का भव्य स्वागत किया।

सिविल कोर्ट मुंसिफी नगीना के बार भवन में मंगलवार की शाम आयोजित समारोह में अधिवक्ताओं ने हरदोई के लिए स्थानांतरित अभियोजन अधिकारी सुनिल कुमार को बेहद मृदुभाषी व व्यवहार कुशल बताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। बार एसोसिएशन की तरफ से अध्यक्ष दीपक विश्नोई ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में नवागत अभियोजन अधिकारी राघवेंद्र सिंह को फूल मालाएं पहनाकर कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगीना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक विश्नोई, पूर्व अध्यक्ष अशोक त्यागी, वरिष्ठ अधिवक्ता मौ0 आरिफ खां, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता जय किशन शर्मा, बार एसोसिएशन के महासचिव मौ0 नईम अहमद, अधिवक्ता फरीद खां, अम्बरीश कुमार एड, जहीर खा, निशात अहमद, शादाब अहमद, अरशद जावेद, शफीक अहमद, मनोज कुमार शर्मा कल्याणपुर वाले, अमित शर्मा, शानू चैधरी, ठाकुर दिनेश पाल सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष दीपक विश्नोई व संचालन महासचिव मौ0 नईम एडवोकेट ने किया।

## न्यायालय में हिंदी में काम करने वाले अधिकारी - कर्मचारी सम्मानित



**बांदा।** बीते दिवस हिंदी दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, समर्पण एवं न्यायिक, कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों को जनपद न्यायाधीश अल्पना ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें रोआब आलम, संतोष सविता, इंद्रदेव आदि रहे। इसके साथ ही हिंदी में प्रभावी एवं उत्कृष्ट न्यायिक कार्य करने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी जनपद न्यायाधीश अल्पना ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि न्यायिक कार्यों में हिंदी का सरल, स्पष्ट एवं प्रभावी प्रयोग आमजन को न्यायिक प्रक्रिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। न्यायालयीन कार्यों में सरल एवं सहज हिन्दी का प्रयोग न्याय को अधिक सुगम और जनोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## जीपीएफ फर्जीवाड़े की जांच को एडी कार्यालय पहुंची टीम

**बांदा।** स्वास्थ्य विभाग में जीपीएफ खातों में फजीर्वाड़े की जांच तेज हो गई है। प्रयागराज से आई जांच टीम ने बीते दिवस अपर निदेशक स्वास्थ्य कार्यालय पहुंचकर अभिलेख खंगाले थे। मंगलवार को भी टीम ने कार्यालय में डेरा डाले रखा और रिकॉर्ड में दर्ज विवरण का मिलान कर रिपोर्ट तैयार की। प्रयागराज लेखा विभाग की जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी में तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ देवेंद्र कुमार के जीपीएफ खाते से 70 लाख रुपये से अधिक का ऋण लिए जाने का मामला सामने आया था। जांच में पाया गया कि खाते में इतनी धनराशि जमा ही नहीं थी। इसी तरह से महोबा स्वास्थ्य विभाग में तैनात लिपिक संतोष कुमार वर्मा पर करीब 85 लाख रुपये के गबन का आरोप भी सामने आया। आरोप है कि जीपीएफ खातों में हेरफेर कर रकम निकाली गई। जांच टीम ने इससे पहले सेवा पुस्तिका, जीपीएफ से संबंधित अभिलेख, पासबुक और अन्य रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा था। मंगलवार को टीम ने कार्यालय में मौजूद दस्तावेजों की पड़ताल की। रिकॉर्ड में दर्ज विवरण का संबंधित अभिलेखों से मिलान किया गया। टीम मामले से जुड़े आरोपियों के बयान पहले ही दर्ज कर चुकी है। जांच टीम अलग-अलग रिकॉर्ड का मिलान कर गड़बड़ी की पूरी स्थिति स्पष्ट करने में जुटी है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के जनपदीय कार्यालयों में होने वाली पड़ताल के बाद रिपोर्ट में और तथ्य सामने आने की उम्मीद है। जांच टीम अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेगी।

## डीएम की अध्यक्षता में गौसंरक्षण, अनुश्रवण और मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न



**बहराइच ।** जनपद में संचालित अस्थायी गो आश्रय स्थलों एवं बृहद् गो संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा हेतु मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौसंरक्षण, अनुश्रवण, मूल्याकंन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में अवस्थित समस्त गोआश्रय स्थलों को सीसीटीवी कैमरों से आच्छादित कर उन्हें क्रियाशील करते हुए विकास भवन स्थित जिला कमाण्ड सेन्टर से लिंक्ड कर प्रभावी ढंग से मॉनीटरिंग की जाय। संरक्षित गोवंशों के भूसा, चारा, चोकर, चूनी, पशुआहार एवं हारा चारा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक नामित नोडल अधिकारी जनपद स्तर पर व्हाट्सअप ग्रुप प्रतिदिन गोआश्रय स्थल पर भूसे चारे की अद्यतन स्थिति को अनिवार्य रूप से फोटोग्राफ्स के साथ अपडेट करेंगे। जिले में स्थापित गोआश्रय स्थलों के प्रभावी अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए डीएम द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए अपर जिलाधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया प्रत्येक दिन गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण हो। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह में 02 से 03 दिवस गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करें।डीएम श्री पाण्डेय ने निर्देश दिया कि सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए गोआश्रय स्थलों के लिए बेहतर से बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित किये जायें।

# सेवा संकल्प अभियान का डीएम ने दिए सफल क्रियान्वयन के निर्देश



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में 16 सितम्बर 2026 को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय सभागार में सेवा संकल्प अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सेवाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करें। साथ ही योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 17 सितंबर 2026 को रक्तदान किया जाएगा तथा विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण कार्यक्रम होगा।इसके साथ ही दोपहर में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत टूल किट वितरण तथा सांय काल में आशीर्वाद का दिया के अंतर्गत घर-घर दीपक जलाए जाएंगे। 18 सितंबर 2026 को मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 2 अक्टूबर 2026 को नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के अंतर्गत योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को दी जाएगी। 25 सितंबर को आंगन मिलन सेवा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा प्रमुख लाइब्रेरी का शुभारंभ किया जाएगा। दिनांक 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक डिजिटल मेला अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के वृहद अवस्थापना के कार्यों, आयुष्मान कार्ड धारकों का एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों की रील बनाई जाएगी।दिनांक 30 सितंबर 2026 से 7 अक्टूबर तक प्रत्येक विकासखंड स्तर पर सात दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 9 अक्टूबर को मानव समूह रंगोली का आयोजन तथा 17 अक्टूबर को सुशासन सेवा संवाद आयोजित किया जाएगा।

## चंद्रावल नदी के रपटे से गिरा बालक, तलाश जारी



**बांदा।** थाना जसपुरा के ग्राम नादादेव में चंद्रावल नदी में बने रपटे पर एक चार वर्षीय बालक अपनी मां के साथ इलाज के लिए नांदादेव जा रहा था। इसी दौरान बेटा टूटे हुए रपटा से निकल रहा था। तभी वह नदी में गिरकर बह गया। मां उसे बचाने के लिए चीखती रही। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंचे और ढूंढने का प्रयास किया लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली। जानकारी मिलने पर प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। बच्चे की तलाश शुरू की। हादसा सुबह करीब 8 बजे पड़ोहरा गांव के पास बने टूटे रपटे पर हुआ। मां बच्चे को रपटे की दीवार के उपर से निकाल रही थी। तभी प्रियांशु का संतुलन बिगड़ गया और वह नदी में गिर गया। जानकारी मिलते ही पैलानी एसडीएम भूपेंद्र सिंह, तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, पैलानी पुलिस मौके पर पहुंची। तहसील में मौजूद एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया। स्थानीय गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ टीम ने नदी में बच्चे की तलाश शुरू की। देर शाम तक खोज अभियान जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि पड़ोहरा का यह रपटा लगभग दो माह से टूटा है। यहां से आना-जाना बंद है। इस वजह से लोगों को अमारा गांव के रास्ते करीब 20 किमी0 का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इसी वजह से लोग जान जोखिम में डालकर इस टूटे रपटे से निकल रहे हैं।

## अवैध गैस की रिफिलिंग करने पर केस दर्ज




जिला संवाददाता

**बहराइच ।** जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि सोमवार को पूर्ति निरीक्षक, तेजवापुर अमरजीत वर्मा के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान अपरान्ह लगभग 05:00 बजे तहसील महसी के ब्लाक तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम सभा तारापुर खुर्द में मेटुकहा चैराहा के पास मानपुरवा मार्ग पर चैराहे से लगभग 100 मी. दूरी पर मदरसा के सामने नैमुद्दीन के मकान में इरसाद पुत्र मैनुद्दीन द्वारा एक दुकान गैस चूल्हा रिपेयर की संचालित की जाती हुई पायी गई। दुकान के निरीक्षण के समय मौके पर इरसाद की दुकान पर दो (02) भारत पेट्रोलियम के एवं एक (01) इण्डेन एवं एक (01) सिलेण्डर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के घरेलू गैस सिलेण्डर जिनमें दो पर कैप एवं दो पर कैप नहीं लगा था परन्तु सभी भरे हुए पाए गए। इसके साथ ही खाली एच.पी. के छः (06) सिलेण्डर एवं दो (02) सिलेण्डर भारत गैस के घरेलू सिलेण्डर एवं दो (02) इण्डेन के खाली घरेलू सिलेण्डर पाए गए, साथ ही मौके पर तीन रिफिल यंत्र भी पाए गए। सिलेण्डर के सम्बन्ध में मौके पर अभिलेख मांगने पर नियमानुसार प्रस्तुत नहीं किया गया।जिससे स्पष्ट हुआ है कि विक्रेता/रिपेयर किए जाने वाले व्यक्ति द्वारा नियम के विरूद्ध गैस का अवैध भण्डारण एवं विक्रय किया जा रहा था, जो एलपीजी कंट्रोल आर्डर-2000 लिक्विड पेट्रोलियम गैस रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एण्ड डिस्ट्रिब्यूशन आर्डर की धारा 4 (1) का स्पष्ट उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध भी है।

उक्त कृत्य के दृष्टिगत सम्बन्धित गैस चूल्हा रिपेयर की दुकान के दुकानदार के विरूद्ध उपरोक्त गम्भीर अनियमितताओं के कारण जिलाधिकारी की अनुमति दिनांक 14 सितम्बर 2026 के क्रम में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना रामगांव में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

## बाल विवाह रोकने को विभागों में बेहतर समन्वय पर जोर

**बहराइच ।** बाल विवाह रोकने, किशोर-किशोरियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और सही उम्र में विवाह व गर्भधारण के साथ मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए विभागों के बीच समन्वय बढ़ाया जाएगा। बुधवार को शिवपुर में उम्मीद परियोजना के तहत ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की तृतीय बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, आईसीडीएस और एनआरएलएम समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने इस दिशा में संयुक्त प्रयास पर चर्चा की।बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर के अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम बैठक के संयोजक रहे। बैठक में स्वास्थ्य सूचकांकों के साथ परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता और उपयोग की स्थिति की समीक्षा की गई। खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने विभागीय समन्वय के साथ समुदाय तक जागरूकता संदेश पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने बाल विवाह रोकने, बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने और मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए सभी विभागों को अपनी भूमिका के साथ मिलकर काम करने की बात कही।बैठक में पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं इंडिया के जिला प्रतिनिधि रामबरन यादव ने बताया कि शिवपुर ब्लॉक के 50 गांवों में मोबाइल वैन के माध्यम से बाल विवाह, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य, सही उम्र में विवाह, उचित उम्र में गर्भधारण और दो बच्चों के बीच उचित अंतराल सहित अन्य विषयों पर होगा।

## दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**बहराइच 16 सितम्बर।** भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण अन्तर्गत 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक स्वःगणना तथा 01 दिसम्बर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक आयोजित होने वाले डाटा संग्रहण कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, समस्त उप जिला जनगणना अधिकारी/उप जिलाधिकारी, चार्ज अधिकारी/तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम, जनगणना निदेशालय की ओर से नामित जिला प्रभारी अमन श्रीवास्तव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेवा संकल्प अभियान की तैयारियां तेज

**फतेहपुर।** सेवा संकल्प अभियान के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जनपद प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, विभागवार जिम्मेदारियों, जनभागीदारी तथा आवश्यकप्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के सभी कार्यक्रमों का आयोजन उत्सवपूर्ण वातावरण में अनुशासन, समन्वय और गरिमा के साथ कराया जाए। कार्यक्रमों में अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों, जनप्रतिनिधियों और आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को ह्यआशीर्वाद सेवा दिवसह्ल के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सेवा, सुशासन, सामाजिक सरोकार और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।शाम सात बजे जलाए जाएंगे ह्यआशीर्वाद के दीयेह्लप्रभारी मंत्री ने बताया कि 17 सितंबर की शाम सात बजे जिले में ह्यआशीर्वाद का दीयाह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके अलावा जिले के सभी शासकीय भवनों, सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, पंचायत भवनों, अन्नपूर्णा भवनों, सरोवरों तथा विभिन्न लाभार्थियों के घरों पर भी ह्यआशीर्वाद का दीयाह्ल जलाया जाएगा।प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को भी कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम से संबंधित फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर #आशीर्वादकादीया के साथ साझा कर जनभागीदारी का संदेश व्यापक स्तर तक पहुंचाने की अपील की गई।विभिन्न थीम पर होंगे कार्यक्रमबैठक में बताया गया कि अभियान के दौरान अलग-अलग थीम पर जनभागीदारी औरजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इनमें ह्यमेरे सपनों का भारतह्ल, ह्यनमो सेवा गाथाह्ल, ह्यआंगन मिलन सेवाह्ल, ह्यसेवा की कहानी, ह्यसेवा कलश यात्राह्ल, ह्यविकसित भारत संकल्पह्ल, ह्यसेवा मेरा योगदान्इनोवेशन चैलेंज तथा ह्यसुशासन एवं संवाद प्रमुख हैं।इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक सेवा, नवाचार, जनजागरूकता, सुशासन, सरकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प से आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

## गला दबाने से हुई महिला की मौत, पति ने पेड़ से लटक कर दी जान

जिला संवाददाता (वीओएल)

**बिजनौर।** जंगल लकडी लेने गए पति-पत्नी के शव मिलने के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत गला दबाने से होने की पुष्टि हुई है, जबकि पुरुष की मौत को आत्महत्या माना जा रहा है। पुलिस अब महिला की हत्या के कारण और और पति के

**जांच में जुटी पुलिस टीम**

आत्महत्या करने के पीछे की वजह तथा दोनों घटनाओं के बीच संबंध की जांच कर रही है।पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार की शाम डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के गांव जलालपुरकाजी के प्रधान ने सोमवार को पति-पत्नी के लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी और सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से जंगल और आसपास के क्षेत्र में दंपती की तलाश शुरू की गई पुलिस ने ड्रोन के जरिए भी सर्च अभियान चलाया बारिश और क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी को देखते हुए रात में कांबिंग अभियान रोक दिया गया। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे गंगा किनारे महिला का शव पडा मिला। इसके बाद आसपास के क्षेत्र में तलाश जारी रखी गई।



करीब एक किलोमीटर के दायरे में पुरुष का शव भी पेड से लटका। पुलिस ने दोनों शवों को फोरेंसिक जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत गला दबाने से होने की पुष्टि हुई, जबकि पुरुष की मौत आत्महत्या से बताई गई है। मंगलवार देर रात आला पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीआईजी मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज जी और एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने अब तक हुई जांच और जुटाए गए साक्ष्यों की जानकारी लेते हुए पुलिस एसओजी और सर्विलांस समेत पांच टीमों को जांच में लगाया है। उन्होंने टीमों को घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच कर जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

## गणेश महोत्सव में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**बांदा।** नूतन बाल समाज द्वारा शहर के गणेश भवन शास्त्रीनगर अलीगंज में चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। अनुपमा त्रिपाठी एंड पार्टी के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, नृत्य के माध्यम से समां बांधी। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संरक्षक अशोक अवस्थी, सुशीला त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलित कर की। दीनदयाल सोनी व अनीता गुप्ता के संयोजकत्व में चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला कृतियों से सबका मन मोह लिया। मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता में बालिकाओं में अच्छा से अच्छा प्रदर्शन की होड़ रही। यह कार्यक्रम प्रभावती अवस्थी, मधु सिंह व शकुंतला गुप्ता की देखरेख में हुआ। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। राहुल सेन, धनीराम वर्मा, नीरज त्रिपाठी व रजोला त्रिपाठी के संयोजकत्व में प्रतियोगिता हुई। शाम से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुपम त्रिपाठी एंड पार्टी की प्रस्तुतियां सराही गई। बालिकाओं ने गीत व संगीत नृत्य के माध्यम से मंच पर छटा बिखेरी। अनुपमा त्रिपाठी, ज्योत्सना पुरवार, प्रमोदनी अवस्थी, निखिल सक्सेना, सत्यनारायण श्रीवास, राजाबाबू साहू, विजय ओमर, उत्तम सक्सेना आदि मौजूद रहे। संचालन अशोक त्रिपाठी जीतू ने किया।

संक्षेप

## स्टावरूला ने जावा ऑल स्टार्स 42 सिल्वर नाइट बॉबर जीती

नई दिल्ली। इंटरनेशनल मास्टर और वुमन ग्रैंडमास्टर का फिडे खिताब रखने वाली ग्रीक शतरंज चैंपियन स्टावरूला सोलाकिडू ने ग्लोबल चेस लीग 2026 के चौथे संस्करण में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद जावा ऑल स्टार्स 42 बॉबर सिल्वर नाइट अपने नाम की है। गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स का प्रतिनिधित्व करते हुए, स्टावरूला ने अपनी टीम को पहला ग्लोबल चेस लीग खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई और प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शुमार हुईं। शुरूआती झटकों से उबरकर टूर्नामेंट का सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान हासिल करने का उनका यह सफर ऑल स्टार्स के मूल मूल्यों को दर्शाता है लगातार आगे बढ़ते रहने का जज्बा, टीम के प्रति निष्ठा और सही समय पर निर्णायक चाल चलने का साहस। स्टावरूला का सफर सिर्फ जीत हासिल करने से कहीं बढ़कर था।

## सोनाटा सॉफ्टवेयर ने की एडब्ल्यूएस से साझेदारी

नई दिल्ली। सोनाटा सॉफ्टवेयर ने आज घोषणा की कि उसके घरेलू व्यवसाय का प्रतिनिधित्व करने वाली सोनाटा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने अमेजन वेब सर्विसेज के साथ 5 साल के रणनीतिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सोनाटा की हाइपरस्केलर-नेतृत्त्व वाली विकास रणनीति को आगे बढ़ाता है और भारतीय बाजार में क्लाउड परिवर्तन के अवसरों का लाभ उठाने की उसकी क्षमता को बढ़ाता है। इस बारे में सुजित मोहंती, मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा कि बढ़ती एआई और क्लाउड परिवर्तन की संभावनाओं का सामना करने के लिए दोनों कंपनियां भारत में संयुक्त गो-टू-मार्केट रणनीति लागू करेंगी। इस निवेश का उद्देश्य अवसरों की पहचान करने और कार्यान्वयन के माध्यम से ग्राहकों का समर्थन करने के लिए एक अधिक एकीकृत मॉडल तैयार करना है।

## नेटफ्लिक्स ने मनाया ट्यो हा-हा-हार ! का जश्न

मुंबई। इस त्योहारी सीजन में जश्न होगा और भी जोरदार, हंसी होगी और भी ज्यादा धमाकेदार और परिवार के व्हाट्सऐप ग्रुप बनेंगे और भी मनोरंजक ! नेटफ्लिक्स भारत की पसंदीदा कॉमेडी गैंग को एक बार फिर दर्शकों के बीच लेकर आ रहा है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5 का प्रीमियर 26 सितंबर को होने जा रहा है। इस बार त्योहारों की खुशियों के साथ स्क्रीन के सामने एक साथ जुटने की एक नई वजह भी है पूरी तरह से धमाकेदार ट्यो-हा-हा-हार ! शनिवार को सफलतापूर्वक फनीवार में बदलने, अपने बढ़ते दर्शक परिवार यानी परिवार को और बड़ा करने और कॉमेडी की एक शानदार दुनिया तैयार करने के बाद, द ग्रेट इंडियन कपिल शो एक बार फिर दर्शकों के बीच हंसी का ट्यो-हा-हा-हार मनाने लौट रहा है।

## जी टीवी का सा रे गा मा पा हिंदी जी5 पर भी होगा स्ट्रीम

मुंबई। जी टीवी ने अपने ओरिजिनल म्यूज़िक रियलिटी शो सा रे गा मा पा की वापसी का ऐलान किया। इस दौरान नए सीजन की झलक दिखाते हुए हिंदुस्तान का संगीतस्थान की दुनिया से रूबरू कराया गया, जो संगीत के जश्न को समर्पित एक खास दुनिया है। मीडिया को वर्चुअल रियलिटी एक्सपीरियंस के जरिए ह्यसारे गा मा पा 2026 के शानदार नए सेट की पहली झलक भी दिखाई गई। यह शो 19 सितंबर 2026 से शुरू होगा और हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे जी टीवी और हिंदी जी5 पर प्रसारित और स्ट्रीम किया जाएगा।करीब तीन दशक से सच्चे संगीत और शानदार टैलेंट की पहचान बना हुआ यह नया सीजन एक आम सिंगिंग रियलिटी शो से आगे बढ़कर दर्शकों को एक शानदार अनुभव देने वाला है। इसमें 360 डिग्री का शानदार स्टेज, 100 से ज्यादा म्यूज़िशियन्स और एक बड़ा कोरस ग्रुप होगा, जो टेलीविजन पर लाइव कॉन्सर्ट जैसा माहौल और ऊर्जा पैदा करेगा।

## कामधेनु अपनी स्टील और पाइप सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी बढ़ायेगा

नोएडा। कामधेनु लिमिटेड ने सेंट्रल उत्तर प्रदेश में स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की अपनी बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करने के लिए व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी एक वर्ष में सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की उत्पादन क्षमता को लगभग 35% और बढ़ाने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निमार्ता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है।

# सेंसेक्स में 333 अंकों की उछाल



मुंबई। पिछले कारोबारी सत्र में गिरावट के बाद निचले स्तर पर लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तेजी आई। बैंक शेयरों की अगुवाई में मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 333 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 23,200 अंक के पार चला गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 332.63 अंक यानी 0.45 प्रतिशत चढ़कर 74,336.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 502.04 अंक की तेजी के साथ 74,505.86 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 99 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,217.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। मंगलवार की तेज गिरावट के बाद बैंक शेयरों और कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में कुछ तेजी आई। मुख्य रूप से बैंक निफ्टी ने 56,000 अंक के स्तर को फिर हासिल करते हुए बाजार को सहारा दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस सुधार में तेज गति नहीं रही क्योंकि वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 107-108 डॉलर प्रति बैरल के ऊंचे स्तर पर बना हुआ है और दस वर्षीय अमेरिकी प्रतिभूति पर प्रतिफल अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले पांच प्रतिशत के करीब रहा। ब्रेंट क्रूड 0.83 प्रतिशत टूटकर 107.8 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बाजार में हाल की गिरावट के बाद तेजी लौटी और करीब आधा प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। चुनिंदा प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को सहारा मिला। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमत, वैश्विक अनिश्चितता और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले सतर्क रुख के कारण बढ़त में उतार-चढ़ाव बना रहा। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.29 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,977.86 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे। सेंसेक्स मंगलवार को 777.94 अंक टूटकर तीन महीने के निचले स्तर 74,003.82 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 279.50 अंक की गिरावट के साथ 23,118.60 अंक पर बंद हुआ था, जो छह अप्रैल के बाद का सबसे निचला स्तर था।

# रुपया सात पैसे टूटकर 95.95 प्रति डॉलर पर



नयी दिल्ली। रुपया बुधवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में कमजोर रहा और सात पैसे टूटकर 95.95 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और विदेशी पूंजी की निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में तेजी ने रुपये की गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.89 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.85 से 95.98 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह सात पैसे की गिरावट के साथ 95.95 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया मंगलवार को 34 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.88 पर बंद हुआ था। इससे पहले के लगातार पांच कारोबारी सत्रों में इसमें 113 पैसे यानी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। चार सितंबर को रुपया 94.43 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी बॉण्ड पर बढ़ते प्रतिफल ने भी रुपये पर दबाव डाला। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से आयातकों की डॉलर की मांग बढ़ी है। हालांकि, घरेलू बाजारों में तेजी ने गिरावट को सीमित किया। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.75 से 96.20 के दायरे में रहने के आसार हैं। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत बढ़कर 99.38 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.14 प्रतिशत टूटकर 107.51 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि, अब भी इसकी कीमत ऊंची बनी हैं। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 332.63 अंक चढ़कर 74,336.45 अंक पर जबकि निफ्टी 99 अंक की बढ़त के साथ 23,217.60 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 2,977.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

## बीआईएस ने सोने का हॉलमार्किंग शुल्क बढ़ाकर 75 रुपये किया

मुंबई। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने त्योहारों से पहले सोने के आभूषण का हॉलमार्किंग शुल्क बढ़ाकर 75 रुपये कर दिया है, जबकि चांदी के लिए यह शुल्क 35 रुपये पर बरकरार रखा गया है। यह संशोधित हॉलमार्किंग शुल्क तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अबतक सोने के आभूषण का हॉलमार्क का निशान लगाने का शुल्क 45 रुपये था।

यह बढ़ोतरी 14 सितंबर, 2026 को अधिसूचित बीआईएस संशोधन विनियम, 2026 के तहत की गई है। संशोधित अनुसूची चार के अनुसार, आभूषण कारोबारियों को सोने की प्रत्येक आभूषण के लिए 75 रुपये हॉलमार्किंग शुल्क देना होगा। हालांकि, एक खेप के लिए न्यूनतम शुल्क 200 रुपये होगा। वहीं, चांदी की वस्तुओं के लिए मान्यता प्राप्त जांच एवं हॉलमार्किंग केंद्रों (एएचसी) को प्रति इकाई 35 रुपये शुल्क देना होगा और एक खेप के लिए न्यूनतम शुल्क 150 रुपये होगा। बीआईएस हॉलमार्किंग आभूषणों में इस्तेमाल की गई बहुमूल्य धातु की शुद्धता की पुष्टि करती है। बीआईएस के तहत प्रमाणित आभूषण पर तीन प्रमुख निशान - बीआईएस का लोगो (चिन्ह), कैरेट या मिलीसिमल फाइननेस और छह अंक का अल्फान्यूमेरिक कोड (हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन) होते हैं।

## एफपीआई ने सरकारी प्रतिभूतियों से 5109 करोड़ रुपये निकाले

मुंबई। वैश्विक अनिश्चितता के कारण धारणा कमजोर होने के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले दिन में पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) से लगभग 5,109.21 करोड़ रुपये निकाले हैं। एफएआर के तहत पात्र विदेशी निवेशकों को बिना किसी सीमा के कुछ खास सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदने और बेचने की अनुमति होती है। भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड (सीसीआईएल) के अनुसार, एफएआर के तहत सरकारी प्रतिभूतियों में एफपीआई निवेश 15 सितंबर को 3,66,806.286 करोड़ रुपये रहा, जबकि नौ सितंबर को यह 3,71,915.496 करोड़ रुपये था। आंकड़ों से पता चलता है कि यह निवेश 10 सितंबर को 3,71,520.751 करोड़ रुपये और 11 सितंबर को 3,66,791.286 करोड़ रुपये था। हमने एफएआर मार्ग के तहत जी-सेक में एफपीआई द्वारा उल्लेखनीय बिकवाली देखी। अमेरिका-ईरान युद्ध की बिगड़ती स्थिति के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतें (जो 110 डॉलर के आसपास बनी हुई हैं), अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल का पांच प्रतिशत के करीब पहुंचना और रुपये पर लगातार दबाव ने भारतीय सरकारी बॉण्ड को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए अपेक्षाकृत कम आकर्षक बना दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है, क्योंकि सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन पर हमलों के बाद वैश्विक आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से वैश्विक स्तर पर सरकारी बॉण्ड में भारी बिकवाली के चलते मानक 10-वर्षीय अमेरिकी ट्रेजरी नोट का प्रतिफल सोमवार को 2023 के बाद पहली बार पांच प्रतिशत को पार कर गया। उधारी की ऊंची लागत ने ब्रिटेन, जर्मनी और अन्य अर्थव्यवस्थाओं में ऋण चुकाने के खर्च को भी कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है। आमतौर पर, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ती ब्याज दरें उनकी वित्तीय संपत्तियों को वैश्विक निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाती हैं।

## अगस्त में सोने का आयात घटकर 2.3 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। सीमा शुल्क में भारी बढ़ोतरी के बाद भारत में सोने का आयात अगस्त में घट गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में सोने का आयात 57.75 प्रतिशत घटकर 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। हालांकि, इस दौरान चांदी का आयात 127 प्रतिशत बढ़कर 1.02 अरब डॉलर हो गया।

सरकार ने 13 मई से बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल-अगस्त के दौरान सोने का आयात 3.38 प्रतिशत बढ़कर 17.47 अरब डॉलर हो गया, जबकि चांदी का आयात 8.81 प्रतिशत घटकर 1.74 अरब डॉलर रहा। जिसकी हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रही। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की 16 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रही और दक्षिण अफ्रीका करीब 10 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

देश के कुल आयात में बहुमूल्य धातु का पांच प्रतिशत से अधिक हिस्सा रहा। अगस्त में स्विट्जरलैंड से कुल आयात 45.4 प्रतिशत घटकर 1.28 अरब डॉलर रह गया।

## जेसीबी इंडिया ने पेश की 10 नयी मेड-इन-इंडिया मशीनें

नई दिल्ली। अर्थमूविंग और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट बनाने वाली अग्रणी कंपनी, जेसीबी इंडिया ने बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2026 में 10 नए प्रोडक्ट्स पेश किए। यह नई रेंज दिखाती है कि कंपनी का फोकस भारत में डिजाइन, इंजीनियर और मैन्युफैक्चर किए गए ग्लोबल-स्टैंडर्ड प्रोडक्ट्स बनाने पर है। साथ ही यह घरेलू और इंटरनेशनल, दोनों बाजारों में ग्राहकों की बदलती जरूरतों को भी पूरा करती है।भारत अभूतपूर्व पैमाने और रफ्तार से इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है, जिससे कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट इंडस्ट्री के लिए नए मौके बन रहे हैं। जेसीबी में हमें गर्व है कि भारत में डिजाइन, इंजीनियर और मैन्युफैक्चर की गई हमारी पूरी रेंज की मशीनें न सिर्फ देशभर के प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट कर रही हैं।

## अल्केम लैबोरेटरीज लिमिटेड ने लॉन्च की न्यूसीनो (सेनोबामेट)

मुंबई। अल्केम लैबोरेटरीज लिमिटेड ने आज न्यूसीनो (सेनोबामेट) के लॉन्च की घोषणा की। यह वयस्क मरीजों में पार्शियल-ऑनसेट सीजर्स के इलाज के लिए एक एंटी-सीजर मेडिकेशन (एएसएम) है।सेनोबामेट भारत में पहली बार लॉन्च हो रहा है, और यह एपिलेप्सी के इलाज में एक बड़ी प्रगति है। न्यूसीनो एक दिन में एक बार ली जाने वाली ओरल थेरेपी है, जो 12.5 एमजी, 25 एमजी, 50 एमजी, 100 एमजी, 150 एमजी और 200 एमजी की टैबलेट्स में उपलब्ध है।भारत में एपिलेप्सी एक बड़ी हेल्थकेयर चुनौती है। अनुमान है कि करीब 94 लाख लोग इस स्थिति के साथ जी रहे हैं। कई एंटी-सीजर मेडिकेशन उपलब्ध होने के बावजूद, एक बड़ी संख्या में मरीजों के सीजर्स नियंत्रण में नहीं आ पाते।

## स्विगी डाइनआउट ने जीआईआरएफ को बना दिया है द ग्रेट इंडियन रवि फेस्टिवल

नई दिल्ली। स्विगी ने आज अपने मशहूर ग्रेट इंडियन रेस्टोरेंट फेस्टिवल (जीआईआरएफ) की वापसी का एलान किया है, लेकिन इस बार इसमें एक अनोखा ट्विस्ट है। इस साल इस फेस्टिवल को द ग्रेट इंडियन रवि फेस्टिवल का नया नाम दिया गया है, जो इंटरनेट पर बेहद लोकप्रिय अभिनेता रवि किशन पर आधारित है। इस पूरे अभियान की मुख्य थीम डिस्काउंट फॉलोज माय ब्रदर डायलॉग पर रखी गई है, जो रवि किशन के एक बेहद वायरल डायलॉग से प्रेरित है। यह डायलॉग इंटरनेट के इस पसंदीदा ट्रेंड को सीधे जीआईआरएफ के सबसे बड़े वादे से जोड़ता है।

## यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने का फैसला वापस नहीं होगा

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने के फैसले पर पुनर्विचार करने या इसे वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता है। सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने बड़े यूपीआई भुगतान पाने वाले व्यापारियों पर प्रस्तावित शुल्क मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को वापस लेने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह फैसला लिया जा चुका है और इसे पलटने का सवाल ही नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि 2,000 रुपये से बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने का फैसला व्यापक रूप से यूपीआई पारिस्थितिकी के हित में और इसकी सुरक्षा एवं संरक्षा मजबूत करने के लिए किया गया है।

## 18-20 सितंबर को लखनऊ में आयोजित होगा तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्सपो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण एवं संबद्ध क्षेत्रों के विकास, एमएसएमई उद्यमों को नए बाजारों से जोड़ने तथा खाद्य उद्योग में आधुनिक तकनीक, निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा इंडिया फूड एक्सपो-2026 के 11वें संस्करण का आयोजन 18, 19 एवं 20 सितंबर 2026 को रिगालिया ग्रीन्स, 1090 क्रॉसिंग, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है।

आईआईए के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने बताया कि इंडिया फूड एक्सपो खाद्य प्रसंस्करण एवं संबद्ध क्षेत्रों में उद्योग, व्यापार, तकनीक, निवेश और उद्यमिता को एक मंच पर लाने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है। इस संस्करण में एमएसएमई क्षेत्र के लिए लगभग 750 से 1,000 करोड़ रुपये के संभावित व्यावसायिक अवसर सृजित होने की उम्मीद है। एक्सपो का उद्देश्य उद्यमियों को नए व्यापारिक संबंधों, बाजारों, तकनीकी समाधानों, निवेश संभावनाओं और सरकारी सहयोग से जोड़ना है। एक्सपो का उद्देश्य उद्यमियों को नए व्यापारिक संबंधों, बाजारों, तकनीकी समाधानों, निवेश संभावनाओं और सरकारी सहयोग से जोड़ना है। इंडिया फूड एक्सपो में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से उद्यमियों एवं प्रतिष्ठित संस्थानों की भागीदारी प्रस्तावित है।

## पेज एक का शेष

## ईपीएफओ की

बीमा सुरक्षा का लाभ मिलेगा। इस बदलाव से भविष्य निध अंशदान और पेंशन योज्ञ वेतन की व्यवस्था को मौजूदा वेतन स्तर के अनुरूप बनाने में भी मदद मिलेगी। फिलहाल 15,000 रुपये से अधिक मासिक वेतन पर नौकरी शुरू करने वाला नया कर्मचारी स्वतः ईपीएफ के दायरे में नहीं आता है। वेतन सीमा बढ़ने से 15,000 से 25,000 रुपये मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था में शामिल हो जाएगा। सरकार ने कहा कि सितंबर, 2014 में पिछली बार वेतन सीमा बढ़ाए जाने के बाद देश में वेतन और आय में लगातार वृद्धि हुई है तथा संगठित क्षेत्र में भी रोजगार का विस्तार हुआ है। कई राज्यों और क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन भी मौजूदा सीमा के करीब पहुंच गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा, मंत्रिमंडल का यह फैसला देश के श्रमिकों को व्यापक सामाजिक सुरक्षा और संगठित क्षेत्र के रोजगार को भी गति देगा। उन्होंने कहा, मैं देश के सभी श्रमिकों को बताना चाहता हूं कि कल विश्वकर्मा पूजा और सेवा दिवस दोनों का पावन अवसर है। यह महत्वपूर्ण फैसला इसी शुभ दिन से लागू होगा। ईपीएफओ दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाओं में से एक का संचालन करता है। यह कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) का संचालन करता है। ईपीएफओ के ताजा आंकड़ों के अनुसार, करीब 7.98 करोड़ सदस्य लगभग 7.68 लाख प्रतिष्ठानों से जुड़े हैं। ईपीएस के तहत करीब 82 लाख पेंशनधारकों को पेंशन लाभ मिलता है। ईडीएलआई, ईपीएफ सदस्यता से जुड़ा बीमा संरक्षण प्रदान करता है।

## झीरम घाटी

ने पीड़ितों से हथियार और गोला-बारूद, वॉकी-टॉकी सेट, मोबाइल फोन और अन्य सामान भी लूट लिए। इस हमले में मारे गए लोगों में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंद कुमार पटेल और उनके बेटे दिनेश, विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नेता महेंद्र कर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्या चरण शुक्ल और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक उदय मुदलियार शामिल थे। एनआईए ने कहा कि जांच से पता चला है कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के हथियारबंद नक्सलियों ने स्थानीय समितियों और डिवीजनों के साथ मिलकर, संगठन के टैक्टिकल काउंटर ऑफेंसिव कैंपेन (टीसीओसी) के तहत परिवर्तन यात्रा काफिले में यात्रा कर रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने और उनकी हत्या करने की आपराधिक साजिश रची थी। घटना के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज किया था, लेकिन रमन सिंह के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार ने हमले के दो दिन के भीतर ही जांच एनआईए को सौंप दी थी। राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के लिए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग भी बनाया था। एनआईए ने 25 सितंबर 2014 को जगदलपुर की विशेष एनआईए अदालत में गिरफ्तार नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। उसने 28 सितंबर 2015 को 35 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया था, जिनमें से दो आरोपियों को बाद में गिरफ्तार किया गया था। एनआईए द्वारा फरार घोषित किए गए कुछ आरोपियों ने बाद में मुख्यधारा में शामिल होने के लिए पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। जनवरी 2019 में, भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हमले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। भूपेश बघेल सरकार का कहना था कि एनआईए ने हमले के पीछे की बड़ी साजिश की जांच नहीं की थी। इसके बाद, 25 मई 2020 को पुलिस ने दरभा थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं-- 302 (हत्या) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत एक नई प्राथमिकी दर्ज की। यह प्राथमिकी हमले में मारे गए कांग्रेस नेता उदय मुदलियार के बेटे जितेंद्र मुदलियार की शिकायत पर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि साजिश रचने वाले अब भी फरार हैं और एनआईए की जांच में साजिश के पहलू को शामिल नहीं किया गया था। एनआईए ने 16 जून 2020 को विशेष अदालत में नई जांच को एजेंसी को सौंपने की मांग करते हुए अर्जी दी। अदालत ने इस अर्जी को खारिज कर दिया। बाद में एजेंसी ने मामला हस्तांतरित कराने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, लेकिन न्यायालय ने दखल देने से इनकार कर दिया। तब से यह मुद्दा छत्तीसगढ़ में राजनीति का एक बड़ा केंद्र बना हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल बार-बार आरोप लगाते रहे हैं कि हमले के पीछे की बड़ी साजिश की जांच नहीं की गई। बघेल ने यह भी आरोप लगाया था कि साजिश के सिलसिले में एनआईए की प्राथमिकी में शुरुआत में माओवादी नेताओं-- गणपति और रमन्ना के नाम शामिल थे, लेकिन आरोपपत्र में उनके नाम नहीं थे। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया था कि 2014 में केंद्र में राजग सरकार के सत्ता में आने के बाद एनआईए की जांच की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। इस बीच, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार ने छह नवंबर, 2021 को तत्कालीन राज्यपाल अनुसुइया उइके को झीरम घाटी जांच आयोग की रिपोर्ट सौंपी।

उस समय मुख्यमंत्री रहे बघेल ने बाद में राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपने के तरीके पर सवाल उठाए और कहा कि राज्य सरकार को राजभवन से कोई जानकारी नहीं मिली थी।

## यूपी में

वालों की फितरत है। शानदार वर्तमान और बेहतरीन भविष्य के लिए डबल इंजन सरकार जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में यूपी और गोरखपुर में 2017 के बाद से दिख रहे बदलाव का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस, मच्छर व माफिया को समाप्त कर इंफ्रास्ट्रक्चर से गोरखपुर और उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाई गई है। पिछली सरकारों के निकम्मेपन से 2017 के पहले तक हर साल इंसेफेलाइटिस से सैकड़ों मौतें होती थी। तब सपा या कांग्रेस का कोई मंत्री या मुख्यमंत्री गरीबों को देखने बीआरडी मेडिकल कॉलेज नहीं आता था। मुझे आंदोलन करना पड़ता था। मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने 40 वर्ष की बीमारी को दो वर्ष में समाप्त कर दिया। सीएम ने गोरखपुर में बंद पड़े खाद कारखाने के दोबारा चलने, चहुंओर फोरलेन कनेक्टिविटी, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज के निर्माण, रामगढ़ताल के पर्यटन स्थल बनने, बीआरडी मेडिकल कॉलेज की स्थिति शानदार बनाने के साथ एम्स की सौगात मिलने का जिक्र कर कहा कि आज गोरखपुर की चमचमाती पहचान से हर व्यक्ति गौरव की अनुभूति करता है। 2017 के पूर्व गोरखपुर की गंदगी और बीमारी दर असल सपा व कांग्रेस सरकारों की गंदी मानसिकता का परिणाम थी। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में नौजवानों को नौकरी की गारंटी है। हमारी सरकार ने अब तक साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। और, चुनाव की घोषणा से पहले, सरकार अगले छह माह में एक लाख और युवाओं को सरकारी नौकरी देने जा रही है। 2017 के पहले सरकारी भर्ती निकलने पर सैफई सिंडिकेट वसूली करने निकल पड़ता था। तब नौजवानों का भविष्य खतरे में पड़ता था। हमारी सरकार में गोरखपुर के गीडा में 500 कारखाने लगे, जिससे अकेले गीडा में 50 हजार नौजवानों को रोजगार मिला और इस क्षेत्र को पलायन से मुक्ति मिली। डबल इंजन की सरकार ने युवाओं के सामने पहचान का संकट भी दूर किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हर पात्र को आवास, शौचालय, राशन, रसोई गैस, बेटियों की पढ़ाई और विवाह से जुड़ी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। योजनाओं में यदि किसी कारण से कोई वंचित रह गया है तो उसे भी संतृप्त करने के लिए एक सप्ताह का विशेष शिविर लगने जा रहा है। यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शासन प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न के तहत 7 अक्टूबर से लगेगा। मंचीय कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर कल्याण मंडपम का औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने मंडपम का भ्रमण और निरीक्षण कर यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं की जानकारी ली।

## पंचायत

ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव अपने स्तर से पंचायत सहायक को नहीं हटा सकेंगे। सेवा समाप्ति का फैसला जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति करेगी। पंचायत सहायकों के आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने का फैसला किया गया है। आंदोलन के दौरान जिन पंचायत सहायकों को हटाया गया है, उन्हें भी बहाल किया जाएगा। महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश की सुविधा दी जाएगी। साथ ही पंचायत सहायकों को इलाज के लिए कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जाएगी। पंचायत सहायकों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता के बाद पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने आंदोलनकारी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। प्रतिनिधियों को फैसलों की जानकारी दी




# क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

## अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वैभव सूर्यवंशी को मिल सकता है मौका

एजेंसी



नयी दिल्ली। पहले दोनों मैच जीत कर श्रंखला में अजेय बढ़त हासिल कर चुकी भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी जिसमें वैभव सूर्यवंशी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को मौका मिल सकता है। भारतीय टीम ने पहले दो मैच में दमदार प्रदर्शन किया और अफगानिस्तान को खेल के हर विभाग में पस्त किया। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को दूसरे मैच के बाद कहा कि फिरोजशाह कोटला में होने वाले तीसरे और अंतिम मैच में टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है ताकि सभी खिलाड़ियों को 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए जापान रवाना होने से पहले जरूरी मैच अभ्यास का मौका मिल सके। अब तक के चयन से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत सूर्यवंशी को जगह देने के लिए कोई विशेष प्रयास करने को तैयार नहीं है। सूर्यवंशी ने जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर पदार्पण किया था क्योंकि तब संजू सैमसन सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। अब सैमसन और अभिषेक शर्मा दोनों ही अच्छी फॉर्म में हैं।

यह दोनों खिलाड़ी एक ही प्रारूप में नियमित रूप से खेलते हैं और इसलिए वह भी विश्राम नहीं लेना चाहेंगे। ऐसे में टीम प्रबंधन को बदलाव का फैसला करना होगा। अय्यर ने कहा, हम चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी विकेट और परिस्थितियों से परिचित हो जाएं और अभ्यास भी कर लें। इसलिए यह उन खिलाड़ियों को मौका देने का अच्छा अवसर होगा जो लंबे समय से बाहर हैं। ईशान किशन को विश्राम देकर सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल करने का विकल्प भी मौजूद है। किशन ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने से पहले दलीप ट्रॉफी में पूर्वी क्षेत्र की कप्तानी की थी। सैमसन मौजूदा सीरीज में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसके साथ ही टीम प्रबंधन चाहेगा कि अय्यर और तिलक वर्मा को क्रीज पर कुछ समय बिताने का मौका मिले, क्योंकि शुरुआती दो मैचों में शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से बाकी बल्लेबाजों को खेलने का खास मौका नहीं मिला।

आलम यह है कि नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ियों को अभी तक बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला है। नीतीश कुमार रेड्डी ने मंगलवार को दूसरे मैच में 24 रन देकर तीन विकेट लिए जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। उन्हें चोटिल हार्दिक पांड्या के बैकअप के रूप में देखा जाता है।

चोटिल वरुण चक्रवर्ती की जगह खेल रहे रवि बिश्नोई ने दूसरे मैच अच्छा प्रदर्शन किया और उन्हें एक और मौका दिए जाने की संभावना है। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह हमेशा की तरह प्रभावशाली रहे। अफगानिस्तान को पावरप्ले में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाजों का सामना करने का तरीका ढूंढना होगा। बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और यही वजह है कि वह भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश नहीं कर पाया है। अगर अफगानिस्तान को फिर से पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है तो उसे भारत को चुनौती देने के लिए कम से कम 200 रन बनाने होंगे। एक और करारी हार के बाद अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जादरान ने कहा, हमने इस बारे में बात की कि 150-160 के स्कोर को 200 रन में कैसे तब्दील किया जाए। अगर आप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे मजबूत टीम को हराना चाहते हैं तो हमारे बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

### मैं रोबोट नहीं हूं लेकिन चयन को लेकर कुढ़ना पसंद नहीं : सैमसन

नयी दिल्ली। संजू सैमसन ने कहा कि अपने कैरियर को लेकर बाहरी आवाजों से निपटना उन्होंने सीख लिया है लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि भारतीय टीम में शीर्षक्रम के स्थानों को लेकर प्रतिस्पर्धा चुनौतीपूर्ण है और खिलाड़ियों को चयन से जुड़े फैसलों को लेकर सकारात्मक रहना पड़ता है। सैमसन ने अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में मंगलवार को 22 गेंद में 57 रन बनाये। भारत ने यह मैच सात विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम की। सैमसन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं वाईफाई बंद रखने की कोशिश करता हूं। लेकिन कई बार जब खुल जाता है तो मैं सीनियर खिलाड़ियों के कमेंट देखता हूं। यह सामान्य है। मुझे लगता है कि यह उनकी पसंद है। उन्होंने कहा, कई बार यह उनकी सोच होती है। यह उन पर निर्भर करता है। वे सकारात्मक बोल सकते हैं या नकारात्मक। मैं इतना परिपक्व हूं और मुझे अनुभव है कि इससे कैसे निपटना है। उन्होंने कहा, पहले पहल यह बुरा लगता है। मैं कोई मशीन नहीं हूं। कोई रोबोट नहीं हूं। इससे फर्क पड़ता है।

# मिली, मोना, अवनि को निशानेबाजी विश्व चैम्पियनशिप में टीम स्वर्ण



नयी दिल्ली। मिली शाह, मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा ने दक्षिण कोरिया में चांगवोन 2026 डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल आर2 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। राकेश निदागुंडी, आनंदा कृष्णा और स्वरूप उन्हालकर ने पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल आर। स्टैंडिंग एसएच। टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। महिला टीम ने कुल 1878 . 6 अंक लेकर पहला स्थान पाया। मोना को व्यक्तिगत वर्ग में रजत और अवनि को कांस्य पदक मिला। आर। वर्ग में हाथों या पैरों में विकलांगता वाले पुरुष एथलीट 10 मीटर दूर स्थित टारगेट पर निशाना लगाने के लिए खड़े या बैठे हुए अपनी राइफल का पूरा वजन खुद ही संभालते हैं। आर2 में ऐसी महिला प्रतियोगी शामिल होती हैं जिनके पैरों में अक्षमता होती है और जो खड़े होकर या बैठकर शूटिंग करते समय राइफल को खुद ही संभालती हैं।

# स्वर्णिम सफलता जारी रखने के इरादे से जापान पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम

तोक्यो। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि उनकी खिलाड़ी एशियाई खेलों के अनूठे माहौल का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम हाल की अपनी सफलताओं को जारी रखने की प्रतिबद्धता के साथ जापान पहुंची है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने हाल ही में दुबई में टी20 एशिया कप का खिताब जीता था। अब उसका पूरा ध्यान एशियाई खेलों पर केंद्रित है जहां वह फिर से स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय टीम ने 2023 में हांगझोऊ में सोने का तमगा हासिल किया था। मजूमदार ने अपने सहयोगी स्टाफ और टीम की कुछ सदस्यों के साथ यहां पहुंचने के बाद कहा, टीम एशियाई खेलों में भाग लेने को लेकर उत्साहित है। वह इस बहु खेल प्रतियोगिता का पूरा आनंद लेना चाहती है। टीम के जो सदस्य कोचिंग स्टाफ के साथ यहां पहुंचे हैं उनमें तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ और स्पिनर श्री चरणी भी शामिल हैं। टीम के बाकी सदस्यों के दोपहर बाद यहां पहुंचने की संभावना है। मजूमदार ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के साथ रहने, खेल गांव के माहौल और कई खेलों वाली प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने का पूरा आनंद लें। उन्होंने कहा, टीम को एशियाई खेलों के माहौल का अनुभव हासिल करने का बेसब्री से इंतजार है। हम चाहते हैं कि खिलाड़ी इसका भरपूर आनंद लें। उन्होंने यह भी कहा कि टीम को आवास को लेकर कोई समस्या नहीं है। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन शानदार रहा है। उसने टी20 एशिया कप जीता है और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान 22 वर्षीय श्री चरणी का प्रदर्शन शानदार रहा। बाएं हाथ की स्पिनर ने एशिया कप में 12 विकेट लिए जिनमें श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। अपनी लगातार अच्छी गेंदबाजी के चलते उन्होंने केवल 30 मैचों में ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 विकेट का आंकड़ा पार कर लिया है। महिला क्रिकेट में केवल

## संक्षेप

### डब्ल्यूपीएल का आयोजन 14 जनवरी से सात फरवरी तक

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को बताया कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का पांचवां सत्र 14 जनवरी से सात फरवरी 2027 तक खेला जाएगा और इसके लिए खिलाड़ियों की नीलामी 28 अक्टूबर को कोच्चि में होगी। बीसीसीआई ने हालांकि अभी डब्ल्यूपीएल के आयोजन के लिए मेजबान शहरों के नामों का खुलासा नहीं किया है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, महिला क्रिकेट की सबसे बड़ी टी20 लीग के रूप में टाटा डब्ल्यूपीएल ने इस खेल के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। यह लीग भारत और दुनिया भर की शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाने के साथ उभरती प्रतिभाओं को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने के अवसर भी प्रदान करती है। खिलाड़ियों को रिटेन करने की अंतिम तारीख 28 सितंबर तय की गई है। बीसीसीआई ने कहा कि पांचों फ्रेंचाइजी को अपने मौजूदा दल के खिलाड़ियों को बरकरार रखने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही वे आगामी सत्र के लिए अपने टीम संयोजन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू करेंगी।

### वरुण चक्रवर्ती एशियाई खेलों से बाहर, विपराज लेंगे जगह

नयी दिल्ली। अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती बाजू में खिंचाव के कारण एशियाई खेलों से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह लेग स्पिन ऑलराउंडर विपराज निगम को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई खेल 19 सितंबर को जापान के आइची-नागोया में शुरू होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया, वरुण अनिश्चितकाल के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। विपराज निगम और कुलदीप यादव के रूप में हमारे पास दो विकल्प थे। कुलदीप इस महीने के आखिर में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलेंगे। चक्रवर्ती अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला के पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें पूर्ण फिटनेस हासिल करने में अभी कुछ समय लगने की संभावना है। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 वर्षीय निगम ने अब तक लीग में 19 मैच खेले हैं और 13 विकेट लिए हैं। इस 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने लंबे शॉट लगाने की अपनी काबिलियत का भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में लगभग 176 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे टीम में रोहित-विराट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली 3 वनडे और 5 टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। वनडे टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली को बरकरार रखा गया है। शुभमन गिल कप्तान और केएल राहुल उपकप्तान होंगे। रवींद्र जडेजा की आठ महीने बाद वनडे टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अपना पिछला वनडे जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। बुधवार को हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत को वनडे टीम में जगह नहीं मिली। पंत अब रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी करते नजर आएंगे। हार्दिक भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए की वनडे सीरीज में वापसी कर सकते हैं। टी-20 टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी टीम में बरकरार हैं।

पेसर मयंक यादव और प्रिंस यादव को भी टी-20 टीम में जगह मिली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेली थी। उस सीरीज के तीसरे मुकाबले में रोहित ने लॉर्ड्स में शतक लगाया था। विराट ने दूसरे वनडे में 65 और तीसरे वनडे में 74 रन बनाए थे। तीन मैचों में उनके नाम 144 रन रहे। नमन मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी के साथ ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। वे इससे पहले घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में खेल चुके हैं। 2026 में उन्हें भारत ए की वनडे टीम में भी चुना गया था। नबी ने पिछले घरेलू सीजन में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2025-26 रणजी सीजन में 60 विकेट लिए थे। इससे पहले वे भारत ए के लिए भी खेल चुके हैं।

- जडेजा की 8 महीने बाद वापसी
- हार्दिक-पंत को जगह नहीं
- टी-20 में सूर्यवंशी बरकरार
- मयंक यादव और प्रिंस यादव भी टीम में शामिल

# करियर के बीच में सेना में सेवा भी देनी पड़ती है टेनिस खिलाड़ियों को

एजेंसी



सियोल। पेशेवर टेनिस में सप्ताह दर सप्ताह खेलना, रैंकिंग अंक हासिल करना और हर दूसरे टूर्नामेंट में खेलने के लिए आत्मविश्वास बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है लेकिन दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों को अपने इस सफर के दौरान सेना में अनिवार्य सेवा भी देनी होती है।

इसका मतलब है कि कोरिया के खिलाड़ियों को अपना करियर इस तरह से आगे बढ़ाना होता है। उन्हें सेना में 18 महीने की सेवा देने के बाद फिर से पेशेवर सर्किट में वापसी का रास्ता खोजना होता है। से ओंग चान होंग को इसका अनुभव है। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने सितंबर 2024 में अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 139 हासिल की। उस वर्ष उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने साथी सूम वू क्वोन और भारत के सुमित नागल को इंडियन वेल्स में हराया था। उन्होंने 14 आईटीएफ खिताब और एक चैलेंजर खिताब भी जीता था।

लेकिन उन्हें जनवरी 2025 में सेना में सेवा देने के लिए खेल से हटना पड़ा। उन्होंने इस साल वापसी की लेकिन लंबे समय तक बाहर रहने के कारण अब उनकी रैंकिंग 1000 से नीचे है। उन्होंने वापसी के बाद से कुछ ही मैच खेले हैं और वह फिर से अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। कोरिया के डेविस कप कप्तान जोंग सैम चुंग ने स्थिति की कठिनाई को स्वीकार किया, लेकिन साथ ही कहा कि खिलाड़ियों के पास बहुत कम विकल्प हैं क्योंकि सैन्य सेवा सभी कोरियाई पुरुषों के लिए अनिवार्य है।

कोरिया और भारत के बीच डेविस कप मुकाबले से पहले जोंग सैम ने कहा, जब आप अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं, तो आपका मूड भी अच्छा होना चाहिए। लेकिन सेना में सेवा देना हमारा कर्तव्य है। सेना और मरीन कोर में कम से कम 18 महीने सेवा देनी होती है, जबकि नौसेना और वायु सेना के लिए यह अवधि लंबी है। कोरियाई युद्ध के बाद 1953 से यह व्यवस्था लागू की गई थी जिसमें कोरिया के पुरुषों के लिए सेना में सेवा देना अनिवार्य है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली हाफ मैराथन के फिनिशर मेडल का किया अनावरण

नयी दिल्ली। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस दिल्ली हाफ मैराथन ने बुधवार को अपनी 21वीं स्पर्धा के लिए प्रतिष्ठित फिनिशर मेडल का अनावरण किया। हर धावक के लिए उपलब्धि का प्रतीक माने जाने वाले इस पदक का अनावरण दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में किया। दिल्ली हाफ मैराथन का आयोजन रविवार 18 अक्टूबर को प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से किया जाएगा। इस आयोजन में देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से हजारों धावक हिस्सा लेंगे। राजधानी की सड़कों पर दौड़ने वाले इन प्रतिभागियों के सामने फिनिश लाइन पार कर अपनी मेहनत के प्रतीक इस पदक को हासिल करने का लक्ष्य होगा।

# भारत में होगी आईपीएल नीलामी : लीग चेयरमैन

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले तीन सत्र विदेश में कराने के बाद आईपीएल 2027 सत्र के लिये खिलाड़ियों की नीलामी भारत में होगी। आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल ने यह जानकारी दी। पिछले तीन सत्र में नीलामी दुबई, जेद्दा और अबुधाबी में हुई है।

धूमल ने पीटीआई से कहा, हर साल हम कोशिश करते हैं कि यह भारत में हो लेकिन शादियों के समय के कारण हमें जगह नहीं मिलती। इस बार हम भारत में ही करायेंगे क्योंकि यह छोटी नीलामी होगी और हमें वेन्यू मिल जायेगा। बीसीसीआई की 18 सितंबर को होने वाली एजीएम के दौरान धूमल का आईपीएल चेयरमैन फिर चुना जाना तय है। नीलामी कहां होगी, यह बीसीसीआई के पसंदीदा शहरों में उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

संचालन परिषद की हाल ही में हुई बैठक में इंपैक्ट खिलाड़ी के विवादित नियम पर भी चर्चा की गई। बीसीसीआई ने टीमों से ताजा फीडबैक मांगा था हालांकि यह नियम 2027 तक लागू रहने वाला है। भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल ने इस नियम पर ऐतराज जताया है। आईपीएल 2026 से पहले अधिकांश कप्तानों ने इसे लेकर बीसीसीआई से ऐतराज जताया है।

# पदक जीतने पर ध्यान केंद्रित करें भारतीय निशानेबाज

एजेंसी



नयी दिल्ली। ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार का मानना है कि भारतीय निशानेबाजों को जापान में होने वाले एशियाई खेलों में टीम स्पर्धा की बजाय व्यक्तिगत पदक जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एशियाई खेलों में भारत के 30 निशानेबाज भाग लेंगे। पिस्टल निशानेबाज रहे विजय कुमार का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों के पास पर्याप्त अनुभव है और उनसे सभी स्पर्धाओं में पदक जीतने की उम्मीद की जा सकती है।

विजय ने कहा, भारतीय निशानेबाजी में जबरदस्त सुधार हुआ है और हमारे निशानेबाज अब काफी अनुभवी हैं। उन्होंने इस साल कई पदक जीते हैं। मुझे उम्मीद है कि टीम का हर सदस्य पदक लेकर लौटेगा। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को हालांकि टीम पदक के बजाय व्यक्तिगत पदक जीतने पर ध्यान देना चाहिए। इससे उनका प्रदर्शन बेहतर और अधिक उल्लेखनीय होगा। भारतीय खिलाड़ियों को चीन से कड़ी चुनौती मिलेगी। विजय ने स्वीकार किया कि चीन अभी भी आगे है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, चीन बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। वे जमीनी स्तर पर तैयारी करते हैं और इस मामले में भारत अभी भी पीछे है। युवा खिलाड़ियों की पहचान करना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना जरूरी है। ये ऐसी चीजें हैं जिन पर भारत को ध्यान देने की जरूरत है।

विजय ने कहा कि कोचिंग ऐसा विभाग है जिसमें भारत को अभी काफी सुधार करना होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को कोचिंग स्टाफ में शामिल करने की वकालत की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कोचिंग स्टाफ में सुधार की जरूरत है। भारतीय टीम में कई अच्छे कोच हैं, लेकिन व्यवस्था में चापलूसों की भरमार है, जो दुर्भाज्ञपूर्ण है। विजय ने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले पूर्व खिलाड़ी नए खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन करवा सकते हैं।

# भारतीय एशियाई खेलों में कंटेनरों के अनुकूल ढल जायेंगे : शरथ कमल

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के लिए भारत के उप दल नेता अचंता शरत कमल ने कहा कि इन खेलों के लिए तैयार किए गए अनूठे कंटेनर रूम और क्रूज शिप आवास की व्यवस्था भारतीय खिलाड़ियों के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण नहीं होगी, भले ही इसको लेकर प्रतिभागी देशों की मिली जुली प्रतिक्रिया रही है। भारत के 501 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 265 सदस्य भी 19 सितंबर से आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के दौरान लगभग 17000 अन्य प्रतिभागियों की तरह ही कंटेनर शैली के कमरों, एक क्रूज जहाज और होटलों में ठहरेंगे। दक्षिण कोरियाई दल ने कंटेनर कमरों को बहुत छोटा बताकर उनकी आलोचना की है और एशियाई क्रिकेट परिषद के कुछ सदस्यों ने भी उपलब्ध आवास की गुणवत्ता के बारे में चिंता व्यक्त की है। शरत से जब पूछा गया कि भारतीय खिलाड़ी अनोखी व्यवस्था से कैसे तालमेल बिठाएंगे उन्होंने कहा कि उन्हें सहयोगी स्टाफ के सदस्यों की अधिक चिंता है क्योंकि उन्हें खिलाड़ियों की तरह भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा तैयार किए गए अस्थायी कंटेनरों के जरिए अनुकूलन का अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को जापान जैसा माहौल देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के कुछ परिसरों में कंटेनर तैयार किए गए थे।

# इंग्लैंड की श्रीलंका पर बड़ी जीत

एजेंसी



साउथम्प्टन। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने केवल 49 गेंद पर नाबाद 114 रन की पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में श्रीलंका को 119 रन से करारी शिकस्त दी। ब्रूक ने अपनी तूफानी पारी में 10 चौके और छह छक्के लगाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने भी 44 गेंद पर 80 रन का योगदान दिया जिससे इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर बनाने में सफल रहा।

ब्रूक ने इससे पहले अपने पिछले दो मैच में जुलाई में भारत के खिलाफ 79 और 95 रन की नाबाद पारियां खेली थी। इस तरह से वह अब तक टी20 प्रारूप में बिना आउट हुए 288 रन बना चुके हैं। श्रीलंका की टीम बड़े लक्ष्य के सामने लड़खड़ा गई और 19 ओवर में 135 रन पर आउट हो गई।

उसकी तरफ से दुनिथ वेलालगे ने सर्वाधिक के 33 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से सन्नी बेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवरों में 12 रन देकर तीन विकेट लिए। टी20 सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। टी20 सीरीज का दूसरा मैच गुरुवार को कार्डिफ में खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर अफगानिस्तान के मुख्य कोच रिचर्ड पायबस ने भारत के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में सात विकेट से हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम को स्ट्राइक रेट बेहतर रखना हागा और सीमित ओवरों के क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के लिये अफगानिस्तान में अच्छी पिचों की जरूरत है।

अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ सात विकेट पर 164 रन बनाये जिसे भारतीय टीम ने 15 . 2 ओवर में हासिल करके श्रृंखला में 2 . 0 की अजेय बढत बना ली। पायबस ने कहा, हमें अच्छे विकेटों की जरूरत है। हमें टेस्ट मैच के लिये तेज तर्रार विकेट की जरूरत नहीं है। अच्छी विकेट जरूरी है। उन्होंने कहा , मैं बोर्ड को सुझाव दूंगा कि एक जैसी पिचें बनाने के लिये अंतरराष्ट्रीय क्यूरेटर की नियुक्ति करे। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिये खास तरह की विकेट रहे।

### ऐसाम उल हक कुरैशी एशियाई खेलों में युगल मुकाबले खेलेंगे

लाहौर। पाकिस्तान टेनिस महासंघ के अध्यक्ष ऐसाम उल हक कुरैशी जापान के आइची-नागोया में होने वाले आगामी एशियाई खेलों में पाकिस्तान की ओर से युगल खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लेंगे। भारत के रोहन बोपन्ना के साथ अमेरिकी ओपन पुरुष युगल के पूर्व उपविजेता 46 वर्षीय ऐसाम ने बुधवार को पुष्टि की कि उन्होंने एशियाई खेलों में पाकिस्तान के लिए पुरुष युगल स्पर्धा में खेलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हां, मैं पीटीएफ का अध्यक्ष हूं और एशियाई खेलों के दौरान अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभाऊंगा लेकिन मैं पूरी तरह फिट हूं और अब भी नियमित रूप से टेनिस खेलता हूं इसलिए मैंने युगल स्पर्धा में हिस्सा लेने का फैसला किया है। ऐसाम पाकिस्तान की टेनिस टीम का हिस्सा हैं जिसमें अनुभवी अकील खान, मुहम्मद शोएब, मुजम्मिल मुर्तजा, महीन आफताब और उश्ना सोहेल भी शामिल हैं।

# जतिन व आदित्य उलटफेर का शिकार

खेल संवाददाता



लखनऊ। तृतीय डॉ. केएल गर्ग आल इंडिया पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय हरियाणा के जतिन नैन और सातवीं वरीय पंजाब के आदित्य कुमार उलटफेर का शिकार हो गए। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट में बुधवार को क्वार्टर फाइनल खेले गए। पहले क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीय सुनील कुमार ने शीर्ष वरीय जतिन नैन को हराकर बड़ा उलटफेर किया। हरियाणा के दोनों खिलाड़ियों के बीच हुए कड़े मुकाबले में सुनील ने 4-6, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। जतिन ने पहला सेट अपने नाम किया लेकिन फिर लय कायम न रख सके। एकल के एक अन्य मुकाबले में पश्चिम बंगाल के मयंद तिवारी ने सातवीं वरीय पंजाब के आदित्य कुमार को 3-6, 6-2, 6-0 से हराकर उलटफेर करते हुए अंतिम चार में प्रवेश किया। मयंद ने इससे पूर्व पहले राउंड में वरीय खिलाड़ी के खिलाफ जीत दर्ज की थी। वहीं दिल्ली के रिकी चौधरी ने असम के उदित को 2-6, 7-6(4), 6-4 से हराया। रिकी ने पहला सेट गंवाने के बाद रणनीति बदली और दूसरा सेट टाईब्रेक में जीता। इसके बाद तीसरे सेट में जीत से रिकी ने मैच अपने नाम कर लिया। चौथे क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीय कर्नाटक के सूरज ने छठी वरीय हरियाणा के आदित्य मोर को 7-5, 6-1 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बुधवार को ही युगल के क्वार्टर फाइनल खेले गए। पहले मैच में हरियाणा के आदित्य मोर और असम के उदित गोगोई की जोड़ी ने छत्तीसगढ़ के एमोन और उत्तर प्रदेश के ओमेश को 6-1, 6-4 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में दिल्ली के सागर और पश्चिम बंगाल के फरदीन की जोड़ी ने तेलंगाना के देवरापल्ली अखिल और देवहर्षित को 6-4, 7-5 से मात दी। तीसरे मुकाबले में गुजरात के कनिष्क और दिल्ली के रिकी ने तीसरी वरीय उत्तर प्रदेश के ऋषि और हरियाणा के शिवा को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# सेवा संकल्प अभियान आज से

## मोदी के जन्मदिन पर उज्जैन में आशीर्वाद का दीया जलायेंगे भाजपा अध्यक्ष नवीन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन और 25 वर्षों की उनकी समर्पित सार्वजनिक सेवा के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को उज्जैन के रामघाट पर आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित करेंगे। नवीन मध्यप्रदेश की दो दिन की यात्रा पर इंदौर में स्वामित्व योजना के तहत एक बड़े राज्यव्यापी लोक कल्याण अभियान की भी शुरुआत करेंगे।

भाजपा गुजरात के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए बृहस्पतिवार को उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद का दीया जलाने के साथ पूरे देश में एक महीने चलने वाले सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत करेगी। भाजपा मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में भी मनाएगी और देशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। पार्टी ने बुधवार को एक बयान में कहा, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कल से मध्यप्रदेश (इंदौर और उज्जैन) का महत्वपूर्ण दो-दिवसीय दौरा करेंगे। उसने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेजोड़ सेवा और समर्पण के 25 साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उज्जैन में मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा के रामघाट



पर कल शाम आशीर्वाद का दीया जलाएंगे और पूरे देश की ओर से प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और सतत मार्गदर्शन के लिए प्रार्थना करेंगे।

भाजपा ने कहा कि नवीन इंदौर में स्वामित्व योजना के तहत एक बड़ा राज्यव्यापी लोक कल्याण अभियान भी शुरू करेंगे। पार्टी ने कहा, अपराह्न 2.55 बजे गांधी नगर मैदान में वह स्वामित्व योजना के तहत आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे और नई राज्यव्यापी पंजीकरण प्रक्रिया का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

### भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर और लालबागचा राजा के किए दर्शन

मुंबई। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को गणेश उत्सव के बीच मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर और लालबागचा राजा के दर्शन किए तथा भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। नवीन गणेश उत्सव के अवसर पर मुंबई और पुणे के एक दिवसीय दौरे पर हैं। गणेश उत्सव सोमवार से शुरू हुआ है। उनके साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम भी थे। नवीन ने संवाददाताओं से कहा कि वह गणेश उत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र आने पर खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं जो भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद राज्य का उनका पहला दौरा है। उन्होंने कहा, मैं अभिभूत हूं और महाराष्ट्र तथा देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं।

# मोदीनॉमिक्स भारत की तेज आर्थिक वृद्धि का आधार : राजनाथ सिंह

कोलकाता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आर्थिक दृष्टिकोण यानी मोदीनॉमिक्स ने भारत की तेज आर्थिक विकास की नींव रखी है और देश प्रगति तथा सुशासन के मार्ग पर लगातार आगे बढ़ रहा है। सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास गाथा ऐसे परिवेशी तंत्र से आगे बढ़ी, जिसने देश की बौद्धिक क्षमता और मानव संसाधन को अपनी पूरी क्षमता का लाभ उठाने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा, 2014 से पहले भी भारत के पास बौद्धिक क्षमता और मानव संसाधन दोनों थे, लेकिन वे अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप काम नहीं कर पा रहे थे।

मोदीजी ने ऐसा परिवेशी तंत्र तैयार किया, जहां बौद्धिक क्षमता और मानव संसाधन दोनों अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि आज भारत बेहतर तरीके से विनियमित और सुशासित है। उन्होंने दावा किया कि गरीबों के कल्याण और विकास के लिए निर्धारित सरकारी धन अब बिचौलियों की जेब में नहीं जा रहा है। उन्होंने देश के बढ़ते रक्षा निर्यात पर भी प्रकाश डाला और कहा कि भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात कर रहा है। सिंह ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की भी प्रशंसा की और कहा कि राज्य में उनके द्वारा



किए जा रहे कार्यों की सराहना हो रही है तथा देश के अन्य हिस्सों में भी इनकी चर्चा हो रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य में उल्लेखनीय योगदान देगा।

सिंह भाजपा के महीनेभर चलने वाले सेवा से संकल्प अभियान के सिलसिले में कोलकाता में थे। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन और सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में उनके 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की सेवा भावना के संदर्भ में भी यह अभियान महत्वपूर्ण है।

## संक्षेप

### उपग्रह तस्वीरों से खुलासा अंटार्कटिका से 12000 अरब टन से ज्यादा बर्फ पिघली

वाशिंगटन। एक प्रमुख वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार, 1979 से ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के हिमनदों से लगभग 12500 अरब टन बर्फ पिघल चुकी है। यह इतनी ज्यादा बर्फ है कि इससे पूरे अमेरिकी महाद्वीप में बर्फ की पांच फुट की परत बिछाई जा सकती है। बुधवार को साइंटिफिक डेटा पत्रिका में छपे एक अध्ययन के मुताबिक, धरती के गर्म होने से ग्रह की दो बड़ी बर्फ की चादरों (आइस शीट्स) के पिघलने की रफ्तार बढ़ रही है। पिघलने वाली बर्फ का छह में से पांचवां हिस्सा गर्म हवा की वजह से नहीं, बल्कि गर्म पानी की वजह से पिघल रहा है जो नीचे और किनारों से बर्फ की चादरों को काट रहा है, और हिमनद समुद्र में बह रहे हैं। अध्ययन करने वालों का कहना है कि भविष्य में समुद्र का जलस्तर बढ़ने के लिहाज से यह बुरी खबर है। अध्ययन के सह-लेखक और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, इरविन के हिम वैज्ञानिक एरिक रिग्नोट ने कहा, बर्फ की चादरें तेजी से पिघल रही हैं। हम ध्रुवीय क्षेत्रों की बर्फ खो रहे हैं, समुद्र का जलस्तर दुनियाभर में बढ़ रहा है और इससे तटीय क्षेत्रों की असुरक्षा और बढ़ेगी। पिघलने की प्रक्रिया से जुड़े आंकड़े हैरान कर देने वाले हैं। पिघली हुई इस पूरी बर्फ से करीब 30 लाख अरब गैलन पानी बना।

# जयशंकर आज से भूटान दौरे पर अपने समकक्ष से करेंगे वार्ता

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 16 से 17 सितंबर तक भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे और इस दौरान वह भूटान के अपने समकक्ष के साथ बातचीत तथा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यात्रा के दौरान जयशंकर को भूटान के नरेश से शाही मुलाकात का अवसर मिलेगा। इसके अलावा वह भूटान के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, विदेश मंत्री जयशंकर भूटान के विदेश एवं विदेश व्यापार मंत्री ल्योनपो डी. एन. ढुंग्येल के निमंत्रण पर 16 से 17 सितंबर तक भूटान की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के दौरान जयशंकर भूटान के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद घनिष्ठ मित्रता और सहयोग के संबंधों को और मजबूत करना है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध, प.एशिया संघर्ष के बीच, स्वतंत्र यूरोप का किया आह्वान

एजेंसी

स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने बुधवार को एक मजबूत और अधिक स्वतंत्र यूरोप की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, चीन के साथ आर्थिक प्रतिस्पर्धा, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और यूरोप की सुरक्षा के लिए बढ़ते खतरों के कारण दुनिया के तेजी से प्रतिकूल होते माहौल को लेकर चेतावनी भी दी। यूरोपीय संसद के वार्षिक स्टेट ऑफ द यूरोपियन यूनियन संबोधन में, फ्रांस के स्ट्रासबर्ग शहर में, जहां यूरोपीय संसद के पूर्ण सत्र आयोजित होते हैं, वॉन डेर लेयेन ने ग्रीनलैंड को लेकर पैदा हुए खतरों पर यूरोप की प्रतिक्रिया का भी जिक्र किया।

हालांकि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम नहीं लिया, जिनके प्रशासन ने डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड पर नियंत्रण हासिल करने में बार-बार रुचि दिखाई है।

# वन की संवैधानिक वैधता तक ही केंद्रित रहेगी सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह खुद को वन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2023 के तहत वन की परिभाषा की संवैधानिक वैधता को चुनौती दिये जाने तक ही सीमित रखेगा और यह स्पष्ट किया कि अलग-अलग भूखंडों से जुड़े विवादों का निस्तारण उच्च न्यायालय करेंगे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सेवानिवृत्त वन अधिकारी अशोक शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। शर्मा ने 2023 के



कानून में वन की परिभाषा की वैधता को इस आधार पर चुनौती दी है कि यह उच्चतम न्यायालय द्वारा 1996 में दी गई परिभाषा को कमजोर करती है। पीठ ने कहा, हम टीएन गोदावर्मन मामले में 1996 में इस न्यायालय द्वारा दी गई वन की परिभाषा को आधार मान रहे हैं। हालांकि, संसद के पास अपने अधिकार क्षेत्र में परिभाषा तय करने की शक्ति है। हम उसका सम्मान करते हैं और हमें यह देखना होगा कि क्या इसमें कोई विरोधाभास है। याचिकाकर्ताओं की दलील है कि गोदावर्मन मामले के आदेश के अनुसार, वन की परिभाषा को शब्दकोश के अर्थ में समझा जाना चाहिए, लेकिन वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 की धारा ए वन की परिभाषा को सीमित करती है और शब्दकोश के अर्थ के अनुसार समझे जाने वाले वन की श्रेणी को वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के दायरे से बाहर रखती है।

# यूपीआई भुगतान पर शुल्क के खिलाफ न्यायालय में जनहित याचिका दायर

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। शीर्ष अदालत में दायर जनहित याचिका (पीआईएल) में कहा गया है कि यह शुल्क पर्याप्त कानूनी सुरक्षा उपायों, पारदर्शिता और सार्वजनिक परामर्श के बिना लागू किया गया है। सरकार ने 15 अक्टूबर से व्यापारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लागू किया है। इसके तहत 2,000 रुपये से अधिक के व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाएगा। हालांकि, 2,000 रुपये तक के यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर शुल्क नहीं लगेगा। यह शुल्क व्यापारियों को देना होगा।

अधिवक्ता अंजन दत्ता द्वारा दायर पीआईएल में केंद्र सरकार की 14 सितंबर की अधिसूचना और 15 सितंबर को घोषित एमडीआर व्यवस्था को चुनौती दी गई है।

### स्कूल ठीक करो अभियान शुरू करेंगे : दीपके

**नागपुर।** कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारत में आदिवासी स्कूलों को पिछले 80 वर्ष में सरकार की उपेक्षा का सामना करना पड़ा है। दीपके ने यहां संवाददाता सम्मेलन में 17 सितंबर से राज्य के गढ़चिरौली से अपने समूह के आदिवासी स्कूल ठीक करो अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी विद्यार्थियों के सामने आने वाली समस्याओं और भेदभाव की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। कॉजपा ने एक महीने पहले ग्रामीण और शहरी सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार के उद्देश्य से देशव्यापी अभियान स्कूल ठीक करो की शुरुआत की थी। दीपके ने कहा, देशभर के आदिवासी क्षेत्रों के स्कूलों की पिछले 80 वर्ष में सभी सरकारों ने उपेक्षा की है। इसलिए हम महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले से बृहस्पतिवार को आदिवासी स्कूल ठीक करो अभियान शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत कॉजपा के प्रतिनिधि आदिवासी स्कूलों का दौरा करेंगे और वहां उपलब्ध सुविधाओं तथा बुनियादी ढांचे का निरीक्षण करेंगे।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com